CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

मेरठ, बुधवार 29 अक्टूबर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 148 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में 46 आईएएस अफसरों के तबादले, डा. रुपेश कुमार मंडल आयुक्त सहारनपुर बने पेज 2



सुजीत बने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियन खेल टाइम्स



जामिया मिल्लिया: विचार की चिंगारी से प्रगति की लो तक सम्पादकीय



पाकिस्तान ने बांग्लादेश को कराची पोर्ट इस्तेमाल करने का दिया ऑफर पेज 12

# बड़ा फैसला: 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

## 50 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो



- आयोग को 18 महीने में देनी होगी रिपोर्ट
- एक जनवरी से हो सकता है लागू

**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में संशोधन की सिफारिशों के लिए मंगलवार को आठवें वेतन आयोग के गठन के साथ-साथ उसके काम के दायरे और शर्तों को भी मंजूरी दे दी। आयोग को अठारह महीने में रिपोर्ट देनी होगी।

इसके बाद एक जनवरी 2026 से नया वेतन मान लागू हो सकता है। हालांकि, पुराने ट्रेंड को देखते हुए सिफारिशों को पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है। यानी, कर्मचारियों को 17-18 महीने का एरियर एकमुश्त या किस्तों में मिलेगा। इससे 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। सरकार ने जनवरी 2025 में ही इस कमीशन के गठन का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि उच्चत्तम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई आयोग की अध्यक्ष होंगी। भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष को आयोग का अस्थायी सदस्य बनाया गया है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन इसके सदस्य सचिव होंगे। बेसिक सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी, ये फिटमेंट फैक्टर और डीए मर्जर पर निर्भर करता है। 7वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। 8वें में ये 2.46 हो सकता है। हर वेतन आयोग में डीए जीरो से शुरू होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नई बेसिक सैलरी पहले से ही महंगाई को ध्यान में -शेष पृष्ठ दो पर

### फॉस्फेटिक तथा पोटाश उर्वरक पर सब्सिडी दरों को मंत्रिमंडल की स्वीकृति

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों के लिए रियायती दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के वास्ते रबी सीजन फसल 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने रबी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर से 31 मार्च 2026 तक के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# डाक्टर्स का त्याग सर्वोपरि, अनदेखी माफ नहीं करेगा समाज

शाह टाइम्स ब्यूरो



डाक्टर्स का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी, कोविड में मृत प्राइवेट डाक्टर्स को सरकारी बीमा का लाभ मिले: सुप्रीम कोर्ट

शीर्ष अदालत ने कहा: यह मान लेना गलत प्राइवेट डाक्टर सिर्फ प्रॉफिट के लिए काम करते हैं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोविड-19 के दौरान जान गंवाने वाले प्राइवेट डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सरकारी बीमा योजना का लाभ देने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अगर न्यायपालिका डाक्टरों का ध्यान नहीं रखेगी और उनके साथ खड़ी नहीं होगी, तो समाज हमें कभी माफ नहीं करेगा।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियां वैध दावों का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि यह मान लेना गलत है कि प्राइवेट डाक्टर सिर्फ प्रॉफिट के लिए काम करते हैं। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामला प्रदीप अरोड़ा और अन्य लोगों की याचिका से जुड़ा है। इसमें बॉम्बे हाईकोर्ट के 9 मार्च 2021 के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों के डाक्टर या स्टाफ को इंश्योरेंस का लाभ तभी मिलेगा जब सरकार ने उनकी सेवाएं आधिकारिक रूप से मांगी हों। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह बताए कि प्रधानमंत्री बीमा योजना के अलावा क्या ऐसी और भी योजनाएं हैं। अदालत ने कहा कि वह एक नियम तय करेगी, जिसके आधार पर बीमा कंपनियां आगे ऐसे मामलों में फैसला ले सकेंगी। यह मामला किरण भास्कर सुर्गडे की कहानी से जुड़ा है, जिन्होंने अपने पति को कोविड-19 महामारी में खो दिया था। उनके पति ठाणे में एक निजी क्लीनिक चलाते थे। बीमा कंपनी ने उनका दावा यह कहकर खारिज कर दिया कि उनका क्लीनिक मान्यता प्राप्त कोविड अस्पताल नहीं था। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीएकेपी) मार्च 2020 में शुरू किया गया था। इस योजना के तहत कोविड-19 से ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के परिवार को 50 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाता है।

# राष्ट्रपति मुर्मू आज राफेल लड़ाकू विमान से भरेंगी उड़ान



**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को भारतीय वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरेंगी। राष्ट्रपति इससे पहले वायुसेना के सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में भी उड़ान भर चुकी हैं।

राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को बताया कि श्रीमती मुर्मू बुधवार को हरियाणा जाएंगी और वहां अंबाला वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उडान भरेंगी। श्रीमती मुर्मू ने दो वर्ष पहले 8 अप्रैल 2023 को वायुसेना के तेजपुर हवाई बेस से सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। राफेल भारतीय वायुसेना का प्रमुख लड़ाकू विमान है और इसने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विभिन्न अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति के सुबह अंबाला वायुसेना स्टेशन पहुंचने पर उन्हें सम्मान स्वरूप 'गार्ड आफ ऑनर' दिया जाएगा।

# इंडियन एयरफोर्स को मिलेंगे छह नए रिफ्यूलिंग विमान



- फाइटर जेट्स में हवा में ही फ्यूल भरा जा सकेगा, इजरायल से आठ हजार करोड़ की डील संभव

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरफोर्स में 6 नए मिड-एयर रिफ्यूलिंग (हवाई ईंधन भरने वाले) विमान शामिल करने के लिए इजरायल की कंपनी से 8 हजार करोड़ की डील अंतिम दौर में है। कंपनी इजरायल सरकार के स्वामित्व वाली इजरायल एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (आईएआई) है।

इस डील के लिए रूस और यूरोप की कुछ कंपनियां भी दौड़ में थीं, लेकिन वे तकनीकी शर्तें और मेक इन इंडिया नियम पूरे नहीं कर पाईं। आईएआई ने आफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है। आईएआई की डील के तहत पुराने बोइंग 767 कमर्शियल विमानों में बदलाव कर उन्हें टैंकर विमानों में बदला जाएगा। कंपनी ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

### संघ की गतिविधियों पर रोक लगाने की कर्नाटक सरकार की कोशिशों को झटका

**बंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए उसके एक आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल इस आदेश के तहत कर्नाटक सरकार ने निजी संगठनों को सरकारी परिसरों और सार्वजनिक जगहों, सड़कों आदि पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से प्रशासन की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। कर्नाटक सरकार के इस आदेश को संघ की गतिविधियों को राज्य में बाधित करने के तौर पर देखा जा रहा था। हालांकि अब कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने इस आदेश पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ पुनशचौतन्य सेवा समस्थे नामक संगठन ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

### गुजरात के पेढवाड़ा गांव में घुसा आठ शेरों का झुंड

**गिर सोमनाथ।** गुजरात में गिर-सोमनाथ जिले के गांवों में एक बार फिर शेरों की आमद ने दहशत फैला दी है। कोडिनार तालुका के पेढवाड़ा गांव में सोमवार की रात एक साथ 8 शेरों का झुंड घुस आया। सबसे पहले इनमें से एक शेरनी ने सड़क पर बैठे मवेशियों पर हमला किया। शेरों ने कुछ घरों में भी घुसने की कोशिश की, जिससे लोग दहशत में आ गए। काफी देर तक गांव की सड़कों पर घूमने के बाद झुंड ने एक गाय का शिकार किया। शिकार खाने के बाद भी शेरों का झुंड गांव में ही डटा रहा। रात भर गांव में रुकने के बाद तड़के सुबह झुंड जंगल की ओर रवाना हो गया। घरों में लगे सीसीटीवी में कैद हुए तो कुछ लोगों ने घरों की छतों से इनके वीडियो बनाए।

# प्रशांत किशोर को चुनाव आयोग का नोटिस




- महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र किया जारी

**पटना/नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को जनसुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर को 2 वोटर आईडी पर नोटिस भेजा है और 3 दिन में जवाब मांगा है।

पीके का नाम बिहार के साथ पश्चिम बंगाल में भी मिला है। महागठबंधन ने मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। सीएम फेस तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने सीएम का चेहरा घोषित कर दिया है, लेकिन एनडीए ने अब तक अपना सीएम फेस का ऐलान नहीं किया है। एनडीए 30 अक्टूबर को घोषणापत्र जारी करेगा। उधर, राहुल और प्रियंका गांधी 29 अक्टूबर से बिहार में चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। राहुल की सभा मुजफ्फरपुर और दरभंगा में होगी। प्रियंका बेगूसराय जिले के बछवाड़ा में रैली करेंगी।

# बिहार सरकार दो दशक से घोंट रही है युवाओं का गला: राहुल गांधी

- कहा : भाजपा-जदयू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा-जद-यू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी है और पिछले दो दशक के दौरान नीतीश सरकार ने युवाओं की आंकांक्षाओं का सिर्फ गला घोंटा है।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि बिहार प्रतिभाओं की खान है और यदि अवसर मिले तो वहां के युवा अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर हर जगह चमक सकते हैं , लेकिन बिहार में दो दशक से जो सरकार चल रही है उसने वहां के युवाओं को अवसरों की जगह सिर्फ बेरोज़गारी और निराशा दी है। उनका कहना था कि इस वक्त बिहार में बदलाव की बयार चल रही है और बिहार के लोगों का स्वाभिमान जागने लगा है। बदलाव की बयार के इसी हिसाब से इस बार महागठबंधन अपना न्याय संकल्प दोहरा रहा है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बिहार के युवाओं के साथ हाल ही में हुई अपनी वार्ता का जिक्र करते हुए कुछ दिनों पहले बिहार के युवाओं से बहुत दिलचस्प बातचीत हुई जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार जैसे हर मुद्दे पर चर्चा हुई।

### प्रियंका का दो दिवसीय वायनाड दौरा आज से

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार से अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह 29 और 30 अक्टूबर को वायनाड दौरे पर रहेंगी और इसके बाद बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने जाएंगी। वह वायनाड में राजीव गांधी मेमोरियल सरकारी आयुर्वेद औषधालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगी। इसके अलावा मोबाइल डिस्पेंसरी के लिए एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाएंगी और कोडेनचेरी ग्राम पंचायत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेंगी।

# दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- IIT कानपुर की तकनीक से बादलों के ऊपर छिड़का केमिकल, ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी हो सकती है बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल मंगलवार को हुआ। पहला टेस्ट 23 अक्टूबर को हुआ था। दिवाली के बाद से लगातार एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। राजधानी की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है।

इसके लिए कानपुर से स्पेशल विमान सेसना ने उड़ान भरी थी। विमान ने तकनीक से बादलों के ऊपर केमिकल छिड़का। आईआईटी कानपुर ने बताया कि क्लाउड सीडिंग सफल रही है। इसे 6 हजार फीट की ऊंचाई पर 6 फ्लेयर से किया गया। ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है। क्लाउड सीडिंग खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार और कई अन्य इलाकों में की गई। उधर, दिल्ली में प्रदूषण को रोकने के लिए ऐसे कॉमर्शियल व्हीकल्स की एंट्री पर एक नवम्बर से रोक लगा दी है, जो बीएस-6 मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इस बीच दिल्ली की एयर क्वालिटी में सुधार आया है। मंगलवार सुबह एक्यूआई 306 रिकॉर्ड किया गया। यह सोमवार को 315 से कम था।

# छठ पूजा के आखिरी दिन उगते सूरज को अर्घ्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

दिल्ली में 1300 घाटों पर स्नान, ऑस्ट्रेलिया व अमेरिका समेत दुनियाभर में भी हुई पूजा



**नई दिल्ली।** छठ महापर्व का मंगलवार को आखिरी दिन था। 4 दिन का ये महापर्व 25 अक्टूबर को नहाय खाय से शुरू हुआ था। मंगलवार को उगते सूरज को 'ऊषा अर्घ्य' के साथ खत्म हो गया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने का मुहूर्त सुबह 6:27 बजे तक था। देश के साथ विदेश में भी छठ महापर्व मनाया गया। बिहार, यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई) से इसकी तस्वीरें भी सामने आने लगी हैं। ठंड बढ़ने के बावजूद महिलाएं पानी में खड़ी नजर आ रही हैं। वहीं, दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हुआ, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए हैं। मुंबई और ठाणे में 83 स्थानों पर सामूहिक छठ पूजा का आयोजन हुआ। छठ महापर्व को लेकर विदेशों में भी उत्साह था। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई देशों में भी भारतीय व्रतियों ने सोमवार को सूर्य को अर्घ्य दिया था। फिजी, सूरीनाम, मॉरिशस, त्रिनिनाद- टोबेगो में भी बड़ी संख्या में भारतीय आबादी रहती है, यहां भी छठ पूजा का आयोजन किया गया।

### उत्तराखंड भर्ती घोटाला: सीबीआई ने दर्ज किया मुकदमा

**देहरादून ( ब्यूरो )।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूकेएसएसएससी द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में आखिरकार केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने मोर्चा संभाल लिया है। छात्रों के लगातार और उग्र विरोध के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आश्वासन पर राज्य सरकार द्वारा की गई सिफारिश के बाद, सीबीआई ने देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई से राज्य भर के लाखों बेरोजगार युवाओं को बड़ी राहत मिली है। सीबीआई ने देहरादून की एसीबी शाखा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी सहायक पुलिस अधीक्षक राजीव चंदोला को सौंपी गई है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

**संक्षिप्त समाचार**

### मुरादाबाद का सपा ऑफिस नहीं होगा खाली: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय को लेकर चल रहे विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है, जिसमें जस्टिस जस्टिस अरिंदम सिन्हा और जस्टिस सत्यवीर सिंह की डिविजन बेंच ने जिला प्रशासन के कार्यालय खाली कराने के आदेश को रद्द कर दिया और यथास्थिति बनाए रखने का का आदेश जारी किया है। इस फैसले से सपा को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भी यथास्थिति का आदेश दिया था और अब कार्रवाई पर पूरी तरह रोक लगा दी है, कोर्ट ने प्रशासन के दावों को खारिज कर दिया। शहर के सिविल लाइन्स स्थित चक्कर की मिलक में समाजवादी पार्टी का जिला कार्यालय 1994 से चल रहा है। यह भवन मुलायम सिंह यादव को आवंटित किया गया था।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ से अधिक होगा खर्च

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर में पर्यटन अवसंरचना के विकास में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए। एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 253.75 करोड़ रुपए के आधार पर, जबकि वित्त वर्ष 2024 में 268.42 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान कोई भी केंद्र पोषित योजना लागू नहीं की जाएगी। सरकार ने कहा कि विज्ञापन और प्रचार के लिए आवंटित 50.50 करोड़ रुपए में से 42.27 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

### डॉक्टर रुपेश कुमार को मंडल आयुक्त सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी

# यूपी में आईएएस अफसरों के बंपर तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 46 आईएएस को नई जिम्मेदारी सौंपी, रामपुर, सीतापुर, बस्ती, हाथरस समेत 10 जिलों के डीएम बदले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में तबादलों का सिलसिला जारी है। एक बार फिर बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। मंगलवार को 46 आईएएस को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। रामपुर, सीतापुर, बस्ती, हाथरस समेत 10 जिलों के जिलाधिकारी बदल दिए गए हैं। अजय कुमार द्विवेदी को रामपुर का डीएम बनाया गया है।

आईएएस बालकृष्ण त्रिपाठी को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसके साथ ही राजेश प्रकाश को मंडलायुक्त विध्यांचल बनाया गया है। इसके साथ ही धन लक्ष्मी के को महा. निदेशक मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसी तरह संजय कुमार को वर्तमान पद के साथ सचिव उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। तबादलों के क्रम में अटल कुमार राय गृह विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है। भानु चंद्र गोस्वामी को मेरठ का मंडल आयुक्त बनाया गया है। डॉक्टर ऋषिकेश भास्कर यशोदा को सचिव राजस्व विभाग, राहत आयुक्त और चकबंदी आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉक्टर रुपेश कुमार को मंडल आयुक्त सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह मयूर माहेश्वरी को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम और प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के पद पर तैनात किया गया है विजय किरण आनंद को वर्तमान पद के साथ मुख्य कार्यपालक अधिक. ारी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रभारी एनआरआई सेल एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी लीडर के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राहुल पांडे को विशेष सचिव राज्य कर विभाग की जिम्मेदारी दी गई है अतुल वत्स को हाथरस का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। अमनदीप डुली को अपर आयुक्त मनरेगा बनाया गया है इसी तरह हिमांशु नागपाल को नगर आयुक्त वाराणसी, प्रखर कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी, योगेंद्र कुमार को मुख्य विकास अधिकारी अलीगढ़ एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक अलीगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 57 पीसीएस अधिकारी हुए स्थायी तहसीलदार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) के 57 अधिकारियों का स्थायीकरण आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, आईएएस अन्नपूर्णा गर्ग द्वारा हस्ताक्षरित है। मुख्य रूप से 2020 और 2022 बैच के तहसीलदार से पदोन्नत होकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बने अधिकारियों को इसका लाभ मिला है। आधिका. रिक सूची में 2020 बैच के अभय राज पांडे एसडीएम आजमगढ़, हेमंत कुमार गुप्ता एसडीएम बलरामपुर, कमलेश कुमार एसडीएम रायबरेली, करणवीर सिंह एसडीएम हमीरपुर, लालता प्रसाद एसडीएम बुलंदशहर, अशोक कुमार सिंह एसडीएम मऊ, विजय यादव एसडीएम महाराजगंज, सुबोध मणि शर्मा एसडीएम प्रतापगढ़, भूपाल सिंह एसडीएम आजमगढ़ और केशव प्रसाद एसडीएम मैनपुरी के नाम शामिल हैं। वहीं 2022 बैच से मोनालिसा जौहरी एसडीएम बहराइच, अभय सिंह एसडीएम मुरादाबाद और तान्या सहायक नगर आयुक्त झांसी का भी स्थायीकरण हुआ है। हालांकि पूर्ण सूची अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार यह कदम प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और युवा अधिकारियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# बीजेपी सरकार ने किया स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि इस सरकार के नौ साल में अस्पतालों की दुर्दशा हो गई है। सरकारी अस्पतालों में जरूरी उपकरण, दवाएं और संसाधन नहीं हैं। डॉक्टरों की भारी कमी है। आम जनता मरीजों को सरकारी अस्पतालों में क्वालिटी का इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस तक नहीं मिल रही है। अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर हर दिन हृदय विदारक खबरें आ रही है। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है। दवाओं और अन्य जरूरी उपकरणों की सप्लाई में भारी घालमेल है।

### वोटर लिस्ट पर रखेंगे निगरानी

लखनऊ। चुनाव आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे फेस 4 नवम्बर से शुरू होने की घोषणा के साथ ही सपा ने वोटर लिस्ट निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए प्रहरी नियुक्त करने का फैसला लिया है। ये पीडीए मतदाताओ के वोट की रक्षा करेंगे।

# गुरु परंपरा ने रक्षा, सेवा, त्याग व बलिदान का संदेश दिया: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है।

सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' के पवित्र जोड़ा साहिब का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने गुरुवाणी सुनी और यात्रा सदस्यों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी ने योगी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। योगी ने कहा कि हमारी परंपरा में यह कहा गया है, 'जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे।' अर्थात जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह रामराज्य की तरह पवित्र और पुण्यभूमि बन जाता है।

# नफरत फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुस्लिम लड़कियों को लेकर बीजेपी के पूर्व विधायक के बयान को बताया निदंनीय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के विवादित बयान पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें अति-निदनीय हैं। ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं। राज्य सरकारों से अपील की कि वे राज्य की करोड़ों जनता के हित में कानून का राज स्थापित करें और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को संरक्षण देने के बजाय उनके खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई ही व्यापक जन व देशहित में है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### ये कहा था पूर्व बीजेपी विधायक ने

गौरतलब है कि सिद्धार्थनगर के बीते 16 अक्टूबर को सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के धनखरपुर गांव में एक जनसभा का आयोजन किया गया था। जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने एक विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की दो लड़कियां वो ले गए, तुम मुसलमानों की 10 लड़कियां लाओ।

दो पर 10 से कम मंजूर नहीं हैं और ये घोषित करते हैं जो यह लेकर आएगा, उसके खाने-पीने, नौकरी का इंतजाम हम करेंगे। लेकिन जो यह दो गई हैं, वह हमें पच नहीं रही हैं। मुसलमानों सुन लो, यह हमें पच नहीं रहा है और इसका बदला कुछ भारी होना ही होना है।बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



सेंसेक्स 84628.16
निफ्टी 25936.20



सोना रु. 119164
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 143400
प्रति किलो



# शिखर से फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी टूटे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 150.68 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 84,628.16 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी आज 29.85 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 25,936.20 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक सोमवार को अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव कम रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में जिन 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,730 में गिरावट और 1,385 में तेजी रही जबकि 122 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। रियलिटी, आईटी, एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में गिरावट ज्यादा देखी गई। धातु और सरकारी बैंकों के समूहों में तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 21 के शेयरों में गिरावट और नौ में तेजी रही। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 1.54 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.05 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.03 और बजाज फिनसर्व का 1.00 प्रतिशत टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 0.98 प्रतिशत, पावरग्रिड में 0.93, टीसीएस में 0.90, बजाज फाइनेंस में 0.85, एचसीएल टेक में 0.80, एनटीपीसी में 0.80, एक्सिस बैंक में 0.67, अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.62, आईटीसी में 0.57 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 0.50 प्रतिशत की गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.58 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.33 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 फीसदी टूट गया।

### आवासीय बाजार घटती बिक्री और नई आपूर्ति के बीच स्थिर: रिपोर्ट

**कोलकाता।** भारतीय आवासीय बाजार घटती बिक्री और नई आपूर्ति के बीच स्थिर होता दिख रहा है, जबकि वाणिज्यिक कार्यालय रियल एस्टेट क्षेत्र शीर्ष सात शहरों में लगातार बढ़ रहा है। एनारोक के नवीनतम शोध आंकड़ों से पता चलता है कि मासिक कार्यालय किराया 2024 के नौ महीनों के लगभग 85 रुपए प्रति वर्ग फुट की तुलना में वर्ष 2025 में लगभग 90 रुपए प्रति वर्ग फुट हो जाएगा, जो सालाना छह प्रतिशत की वृद्धि है। शीर्ष सात शहरों में नए कार्यालयों के निर्माण में वृद्धि के बावजूद, औसत रिक्तियों के स्तर में मामूली तीन प्रतिशत की वार्षिक गिरावट देखी गई, जो 2024 के नौ महीनों में 16.70 प्रतिशत से घटकर 2025 के नौ महीनों में 16.20 प्रतिशत हो गया। चेन्नई एकमात्र ऐसा शहर है जिसने शीर्ष कार्यालय शहरों में एकल- अंकीय कमी दर्ज की है। आयात शुल्क, भू-राजनीतिक तनाव और आईटी क्षेत्रों में छंटनी जैसी वैश्विक चुनौतियों का शीर्ष शहरों में कार्यालय स्थान की मांग पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है।

### सोना 1913 और चांदी 1,631 रुपये हुए सस्ते

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोने की कीमत 1,913 रुपए घटकर 1,19,164 पर आ गई है। इससे पहले इसके दाम 1,21,077 रुपए प्रति 10 ग्राम थे। वहीं चांदी 1,631 रुपए गिरकर 1,43,400 प्रति किलोग्राम हो गई। कल इसकी कीमत 1,45,031 प्रति किलोग्राम थी।

सोने की कीमत पिछले 8 दिनों में 10,420 रुपए घटकर आज 1,19,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। 19 अक्टूबर को इसकी कीमत 1,29,584 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं चांदी 1,69,230 रुपए प्रति किलो से गिरकर 1,43,400 रुपए पर आ गई है। ये 25,830 रुपए सस्ती हुई है। दवाली जैसे फेस्टिवल के बाद भारत में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। ग्लोबल टेंशन के कम होने से इसमें गिरावट आई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# उप्र में घरेलू यात्रियों में 15.7 और एयर कार्गो में 19.1 प्रतिशत का आया उछाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी और यात्री संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। अप्रैल से अगस्त के बीच प्रदेश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14.6 प्रतिशत बढ़कर 60.02 लाख हो गई है। वहीं इस दौरान भारत के कुल हवाई यातायात में राज्य की हिस्सेदारी 3.52 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2024 की तुलना में 34 बेसिस पॉइंट्स अधिक है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि साफ है कि अब देश के हर 30 में से एक हवाई यात्री उत्तर प्रदेश से यात्रा कर रहा है। साल 2016.17 में जहां उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों से 59.97 लाख यात्री यात्रा करते थे, वहीं 2024.25 में यह संख्या बढ़कर 142.28 लाख तक पहुंच गई। इनमें 129.29 लाख घरेलू और 12.99 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल रहे। इस दौरान राज्य का कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट 10.1 प्रतिशत रहा, जो एविएशन सेक्टर में तेजी से बढ़ती मांग को दर्शाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान 2020-21 में यात्री संख्या 48.35 लाख तक गिर गई थी, लेकिन यूपी ने सबसे तेज रिकवरी दिखाई। महज दो वर्षों में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई, जो राज्य की मजबूत हवाई नीति और बेहतर प्रबंधन का प्रमाण है। 2023.24 की तुलना में 2024.25 में हवाई यात्रियों की संख्या में 25.9 प्रतिशत का ग्रोथ दर्ज किया गया है, जबकि 2023.24 और 2024.25 में अप्रैल.अगस्त माह के बीच कंपैरिजन करें तो यह ग्रोथ 14.6 प्रतिशत रही। इस दौरान घरेलू यात्रियों में 15.7 प्रतिशत और इंटरनेशनल पैसेंजर्स की संख्या में 4.3 फीसदी ग्रोथ दर्ज की गई। राज्य के कई शहरों ने इस ग्रोथ में अहम योगदान दिया है।

### महागठबंधन के लिए वोट मांगेगे अखिलेश यादव और डिंपल

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए वर्सेस इंडिया गठबंधन की चुनावी लड़ाई अब बेहद दिलचस्प होने जा रही हैं। जहां एक तरफ यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं, तो वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया भी बिहार चुनाव प्रचार को धार देने बिहार पहुंच रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़ा फैसला:...**

रखकर बढ़ाई जाती है। इसके बाद डीए फिर से धीरे-धीरे बढ़ता है। आयोग 18 महीने में अपनी सिफारिशें देगा और जरूरी होने पर सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भी दे सकता है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार करते समय देश की आर्थिक स्थिति और राजकोषीय सुझबूझ का ध्यान रखेगा, ताकि सरकारी खजाने में विकास और जनकल्याण के लिए संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता भी बनी रहे। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहली जनवरी 2026 से लागू किए जाने की उम्मीद है, क्योंकि हर दस साल में वेतन आयोग की सिफारिशें संशोधित की जाती हैं और पिछले वेतन आयोग की सिफारिशें एक जनवरी 2016 से लागू हुई थीं। आयोग को सरकार की ऐसी पेंशन योजना के लिए वित्त के बारे में भी सिफारिश करने को कहा गया है, जिसमें कर्मचारियों को कोई अंशदान नहीं करना पड़ता है। आयोग अपनी सिफारिश करते समय राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर भी ध्यान देगा, क्योंकि उन्हें भी केंद्रीय आयोग की सिफारिशों के आधार पर अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतनमानों में सुधार करने होते हैं। आयोग केंद्रीय उपक्रमों और निजी क्षेत्र में लागू वर्तमान वेतनमानों, अन्य लाभों और कार्य की शर्तों को भी ध्यान में रखेगा। सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की सैद्धांतिक मंजूरी इसी वर्ष जनवरी में दी थी।

### एसआईआर पर सवाल उठाने वाले लोकतंत्र के दुश्मन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा 12 राज्यों में मतदाता सूची के एसआईआर की पहल लोकतंत्र को मज़बूत करने वाली नेक कवायद है और जो राजनीतिक दल इस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं, वे दरअसल लोकतंत्र के असली दुश्मन हैं। मौर्य ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- वंशवादी दलों की पूरी राजनीति चुनावी फर्जीवाड़े पर टिकी है। इसलिए जब भी कोई सुधारात्मक कदम उठाया जाता है, वे सबसे ज्यादा हल्ला मचाते हैं। मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाना लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करता है और इससे केवल ईमानदार राजनीति को ही लाभ होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में जंगलराज की यादें मिट रही हैं।

# सरकार अग्निवीरों के साथ कर रही है धोखा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ सरकार जवानों के साथ सही नहीं कर रही

कांग्रेस ने सरकार पर अग्निवीरों के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर बताया है कि रिटायर अग्निवीरों को देश की टॉप दस प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों में रखा जाएगा।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में अधिसूचना को अग्निवीरों के साथ धोखा बताया और कहा कि यह योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है इसलिए इस योजना को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हमारे जवानों के साथ सही नहीं कर रही है। ये साफ तौर पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले ही 'जय जवान अभियान' चलाया था और अब 'जय जवान अभियान' का दूसरा भाग चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि देश को कम प्रशिक्षित सैनिक दिए जा रहे हैं और मोदी सरकार सैनिकों की पेंशन काटकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भर रही है। कर्नल चौधरी ने कहा कि हम सभी वचनबद्ध हैं कि अग्निवीर योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है, ये खत्म होनी चाहिए। अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है, जिसमें बताया गया है कि रिटायर होने वाले अग्निवीरों को देश की टॉप 10 प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में रखा जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि मोदी सरकार ने सिर्फ 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थाई किया है, तो बाकी वापस लौटकर क्या भाजपा दफ्तर या किसी कंपनी के बाहर दरबान की नौकरी करेंगे। क्या अग्निवीर अब अडानी डिफेंस के अंदर जाएंगे और वहां जाकर एक प्राइवेट आर्मी की तरह काम करेंगे। मोदी सरकार से हमारा सवाल है कि जब अग्निवीरों को पेंशन वाली नौकरी और केंद्र, राज्य की नौकरियों में शामिल करने का वादा किया गया था तो आज उन्हें प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में क्यों भेजा जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

### सेंट्रल मार्केट प्रकरणः व्यापारियों ने आवास विकास को दी चेतावनी

# व्यापारियों का शोषण बंद नहीं हुआ, तो कर देंगे तालाबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के बैनर तले संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. आशु शर्मा के नेतृत्व में सेंट्रल मार्केट पहुंचे, तथा वहां ध्वस्तीकरण के विरुद्ध आंदोलन कर रहे व्यापारियों को संगठन का पुरा समर्थन दिया, संगठन के अध्यक्ष आशु शर्मा ने सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा आज व्यापारियों की एकता ही आप सभी की ताकत है, इस विपरीत परिस्थिति में भी सरकार का कोई नुमाइंदा प्रतिनिधि आप लोगों के बीच में नहीं आया यह दुख का विषय है, जनपद का समस्त व्यापारी समाज आपके साथ खड़ा है पंडित आशु शर्मा ने कहा की आवास विकास परिषद के अधिकारी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की आड़ में माधवपुरम, जागृति विहार




जैसी अन्य योजनाओं में भी व्यापारियों को डरा-धमकाकर नोटिस दे रहे हैं। जिससे व्यापारियों में भय का माहौल है आवास विकास परिषद के अधिकारी यह कान खोल कर सुन ले व्यापारी किसी भी तरह से कमजोर नहीं है अगर आवश्यकता पड़ी तो आवास विकास परिषद के कार्यालय में भी तालाबंदी कर दी जाएगी, आवास विकास परिषद के अधिकारी बदले की नीति से कार्य कर रहे हैं जो बर्दाश्त नहीं होगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल शहर के अतिरिक्त सभी ग्रामीण कस्बों में भी सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों का समर्थन कराया जाएगा। व्यापारियों का जितना नुकसान आवास विकास परिषद को करना था वह कर चुका इसकी अतिरिक्त अब एक भी दुकान पर बुलडोजर चला तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। प्रदेश सरकार को व्यापारियों की सुध लेनी चाहिए तथा लैंड यूज चेंज की नीति लागू करके व्यापारियों को राहत प्रदान करनी चाहिए। इसके पश्चात संगठन के सभी पदाधिकारी सेंट्रल मार्केट के शांति मार्च में भी शामिल हुए। इस दौरान सरदार मंजीत सिंह, सुमेर सिंह धार, सरताज गाजी, पीयूष वशिष्ठ, सनी गुप्ता, अलीशान, विजय राठी, विजय ओबरॉय, हाजी शारिक, आसिफ खान आदि व्यापारी रहे।

### दुकानों को तोड़े जाने का विरोध थमा

# अब नहीं टूटेंगी सैंट्रल मार्केट की दुकानें



**■ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मौके पर पहुंचकर कराया धरना समाप्त, बाजार को मिलेगा 'बाजार स्ट्रीट' का दर्जा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आवास विकास की टीम ने सेंट्रल मार्किट में दुकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई की थी इसके अलावा कई और दुकानों को ध्वस्तीकरण करने के नोटिस जारी हुए थे। जिसके बाद से सेंट्रल मार्केट में व्यापारी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये थे। लेकिन मंगलवार को शास्त्री नगर सेंट्रल मार्केट में दुकानों को तोड़े जाने के विरोध में चल रहे बाजार बंद आंदोलन को सफल संवाद के माध्यम से समाप्त कराया गया।

इस अवसर पर सांसद अरुण गोविल, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, महापौर हरीकांत अहलूवालिया, संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष अजय नटराज एवं नवीन गुप्ता उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने मिलकर व्यापारियों से विस्तृत चर्चा की और उनकी सभी प्रमुख समस्याओं का समाधान निकाला। संवाद के दौरान कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने व्यापारियों को कमिश्नर, मेरठ की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों और निर्णयों से अवगत कराया। उनके प्रभावी हस्तक्षेप और समन्वय से स्थिति स्पष्ट हुई तथा समाधान का रास्ता खुला। बैठक के मुख्य रूप से कहा गया कि सेंट्रल मार्केट की शेष दुकानों को वर्तमान में नहीं तोड़ा जाएगा। बाजार को मास्टर प्लान संशोधन के माध्यम से (बाजार स्ट्रीट) का दर्जा दिया जाएगा। यह कार्य भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क भुगतान और सेटबैक आवश्यकताओं के अधीन रहेगा। इस संबंध में आवास एवं विकास परिषद आगामी तीन दिनों में प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी। सर्वोच्च न्यायालय के विशिष्ट आदेशों के अंतर्गत जिन दुकानदारों की इमारतें ध्वस्त की गई थीं, उन्हें भूमि खाली होने के बाद उसी स्थान पर अस्थायी दुकानें लगाने की अनुमति दी जाएगी।

यह अनुमति अधीक्षण अभियंता अधिशासी अभियंता, आवास एवं विकास परिषद, मेरठ द्वारा दी जाएगी साथ ही दाखिल-खारिज प्रक्रिया, नवीन मानचित्र की स्वीकृति आदि कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। नगर निगम द्वारा शास्त्री नगर योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन नवनिर्मित व्यावसायिक दुकानों को ध्वस्तीकरण से प्रभावित भवन स्वामियों को अस्थायी रूप से पट्टे पर उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि नवनिर्माण पूर्ण होने तक उनका व्यापार सुचारु रूप से चल सके। इसके लिए दो संभावित स्थलों का चयन किया गया है, जिन पर अंतिम निर्णय नगर निगम द्वारा आंतरिक चर्चा के बाद लिया जाएगा। वहीं आपसी सहमति और संवाद के माध्यम से दुकानों को तोड़े जाने से बचाया गया, व्यापारियों की दुकानें खुलवाई गईं और आंदोलन को समाप्त कराया गया। इस दौरान व्यापारियों ने भाजपा सरकार पर विश्वास जताते हुए धरना समाप्त कर दिया।

# देर से जागे जनप्रतिनिधि, व्यापारियों में आक्रोश जारी







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट में हुए ध्वस्तीकरण प्रकरण को लेकर मंगलवार को शहर के व्यापारी पूरी तरह एकजुट नजर आए। बाजार में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए। कहीं व्यापारी धरने पर बैठे तो कहीं ट्रैक्टर पर चढ़कर आवास विकास के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की गई।


### व्यापारियों ने लगाए 'मोदी तेरे राज में, कटोरा आया हाथ में' के नारे

नाराज व्यापारियों ने सड़क पर बैठकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाएं। व्यापारियों ने बेखौफ होकर 'मोदी तेरे राज में कटोरा आया हाथ में' के नारों से सबको हैरान किया। इस दौरान व्यापारियों को विपक्षी दलों और कई सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिला, लेकिन भाजपा के जनप्रतिनिधि दिनभर इस मुद्दे से दूरी बनाए रहे। जब विरोध तेज हुआ और सरकार के खिलाफ नारेबाजी बढ़ी तब देर शाम भाजपा पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि सेंट्रल मार्केट को स्ट्रीट जोन घोषित किया जाएगा। इसके लिए तीन दिन में प्रस्ताव नगर निगम से पारित कराने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि जिन व्यापारियों की दुकानें तोड़ी गई हैं, उन्हें नगर निगम की खाली भूमि पर पुनः स्थान दिया जाएगा ताकि वे अपना कारोबार फिर शुरू कर सकें। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब सरकार यह कदम अब उठा सकती थी, तो पहले व्यापारियों की आवाज क्यों नहीं सुनी गई?

### AIMIM ने दिया समर्थन

इमरान अंसारी बोले व्यापारी उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सेंट्रल मार्केट प्रकरण को लेकर चल रहे व्यापारी संगठनों के अनिश्चितकालीन धरने में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की जिला एवं महानगर इकाई ने समर्थन दिया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष इमरान अंसारी और जिलाध्यक्ष फहीम चौधरी एडवोकेट ने धरना स्थल पहुंचकर व्यापारियों की मांगों को जायज ठहराया और हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। इमरान अंसारी ने कहा कि जिन व्यापारियों की दुकानें ध्वस्त की गई हैं, उन्हें मुआवजा या वैकल्पिक दुकानें आवंटित की जानी चाहिए। सरकार आवासीय नीति 2025 को मेरठ में तत्काल लागू करे ताकि प्रभावित व्यापारियों को राहत मिल सके। इस पूरे प्रकरण में जिन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध रही है, उनकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए और कानूनी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

## फिलहाल नहीं होगी तोड़फोड़ः नवीन गुप्ता



संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने बताया कि कमिश्नर ने आवास विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शास्त्रीनगर बाजार स्ट्रीट का प्रस्ताव तीन दिन के अंदर शासन को भेजा जाए। शासन से बात कर ली गई है और नगर निगम में प्रस्ताव पारित कराकर शास्त्री नगर क्षेत्र को बाजार स्ट्रीट के रूप में लागू किया जाएगा। इसके अलावा अंदर की 9 मीटर चौड़ी सड़कों के लिए अलग से उपनियम तैयार किए जाएंगे। गुप्ता ने बताया कि कमिश्नर ने सचिन से बातचीत के बाद आश्वासन दिया है कि फिलहाल आवास विकास द्वारा किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं की जाएगी। वहीं महापौर हरिकांत अहलूवालिया ने कहा कि शास्त्री नगर में नगर निगम की एक इमारत और एक भूमि खाली है, जहां 22 प्रभावित दुकानदारों को अपने व्यवसाय का अवसर दिया जाएगा।

## व्यापारियों को मिलेगा नया ठिकानाः पं. आशु शर्मा



पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पंडित आशु शर्मा ने बताया कि सेंट्रल मार्केट के सभी बाजारों को स्ट्रीट जोन में घोषित किया जाएगा। जिन दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गई हैं, उन्हें नगर निगम की भूमि पर शास्त्री नगर में दुकानें आवंटित की जाएंगी। यह आश्वासन हरिकांत अहलूवालिया ने दिया है। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष आशु शर्मा ने कहा कि यदि यह निर्णय एक हफ्ता पहले ले लिया गया होता तो 22 दुकानदारों को इतना बड़ा नुकसान न उठाना पड़ता।

# सफाई कर्मचारियों में खुशी की लहर

### सभी कर्मचारियों का जल्द होगा 10 लाख का बीमा व मिलेगी वर्दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय संविदा आउट सोर्सिंग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दिनेश सूद ने भारी संख्या में कर्मचारियों के साथ बीते बुधवार को दिए गए मांग पत्र और वार्ड 10 में सेवा समाप्त किए गए कर्मचारियों के संबंध में नगर निगम कार्यालय पर नगर आयुक्त से मुलाकात की। बतादें कि कर्मचारियों के दिये मांग पत्र पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार ने संज्ञान लेते हुए अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी को वार्ता करने के लिए भेजा, वार्ता में बिंदुवार चर्चा हुई जिसमें सभी मांगें मान ली है उन्होंने कहा कि उनकी मांग थी जल्द ही वर्दी के रूप में पुरुषों कर्मचारियों को अच्छी क्वालिटी के ट्रैक सूट और महिला कर्मचारी को कैप वाली जैकेट दी जाए। 10 लाख रुपए के बीमे के लिए केनरा बैंक को निर्देशित किया जाए। जिसका लाभ जल्द ही आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को मिलेगा। इसके अलावा महानगर की आबादी को देखते हुए सफाई कर्मचारियों की भर्ती को लेकर संगठन ने स्पष्ट कहा कि सफाई कर्मचारियों की भर्ती में निष्पक्षता के आधार पर जिस परिवार में एक भी रोजगार नहीं है उस परिवार को प्राथमिकता दी जाए। इस पर नगर आयुक्त ने जल्द ही सफाई कर्मचारी भर्ती किए



जाने साथ ही जिस परिवार में एक भी रोजगार नहीं है भर्ती में उस परिवार को प्राथमिकता दी जाने की बात स्वीकार की है। वहीं वार्ड 10 में निरीक्षण के दौरान जिन कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई थी संगठन के अनुरोध पर उन कर्मचारियों को भविष्य में इस प्रकार की गलती दोबारा न दोहराई जाने की चेतावनी के साथ सेवा समाप्त हुए कर्मचारियों को कार्य पर वापिस ले लिया है। दीपावली पर्व पर दिए गए 3 हजार रुपए एडवांस को एक हजार रुपये महीने काटने पर सहमति बन गई है। इस दौरान दिनेश सूद, राघव प्रधान वाल्मीकि, दीपक मनोठिया, कैलाश चंदोला, रोहित एस एस, दिनेश लोहरे, अरूण चुनाये, कपिल भरोडा, मनोज सिंघानिया, रविन्द्र वैरागी, अमित चिंडालिया, जयदीप आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने छापा मारकर एक जुआरी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** मंगलवार को कस्बे में पुलिस ने जुआ खेल रहे युवकों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। बताया जाता है कि पुलिस जुआरियों को पकड़ने के लिए प्राइवेट वाहन से ईदगाह मार्ग पर एक कब्रिस्तान में पहुंची जहां काफी संख्या में युवक जुआ खेल रहे थे। जुआ खेल रहे युवकों को आभास हो गया ओर वो पुलिस को देखते ही भागने लगे। लेकिन पुलिस ने दौड़कर एक युवक आस मोहम्मद पुत्र ताहिर को गिरफ्तार कर लिया बाकी युवक ईख व बराबर में तालाब होने का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने आस मोहम्मद के कब्जे से 14 सौ रुपए बरामद किए। वहीं पुलिस ने युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

बताया जाता है कि कस्बे में ईदगाह मार्ग पर कब्रिस्तान में काफी दिनों से जुए का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है जिसमें आसपास गांव के लोग भी शामिल हो रहे हैं सूचना पर लावड़ चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक युवक को गिरफ्तार किया, जबकि काफी संख्या में लोग फरार हो गए।

### पुलिस के सामने महिलाओं ने किया जमकर हंगामा

मंगलवार को जब चौकी पुलिस जुआरियों को पकड़ने के लिए प्राइवेट वाहन से कब्रिस्तान में पहुंची तो वहां जुए का संचालन कराने वाले पड़ोस के ही युवक ने महिलाओं को बुला लिया महिलाओं ने पुलिस के सामने हंगामा किया लेकिन पुलिस की सख्ती के बाद महिलाओं को वापिस लौटना पड़ा।



### जुआ खेलने के देने पड़ते है अलग से रुपए

बताया जाता है कि जहां काफी संख्या में युवक जुआ खेल रहे हैं वहां पास के गावों से भी कुछ युवक आते है बताया जाता है कि उनसे जुआ खिलाने के लिए कुछ रुपए अलग से लिए जाते हैं।

### कब्रों के ऊपर जुआरी करते है टॉयलेट, लोगों में रोष

जिस कब्रिस्तान में काफी दिन से जुए का संचालन हो रहा है वहां जुआ खेलने वाले लोग कब्रिस्तान में कब्रों के ऊपर ही टॉयलेट भी करते रहते हैं जिसको लेकर लोगों ने कई बार दबी जुबान में शिकायत भी की लोगों का कहना है कि जुआ खेलने वाले लोग दबंग है इसलिए कोई खुलकर उनकी शिकायत भी नहीं कर पाता बताया जाता है कि जिस समाज के ये कब्रिस्तान है उनमें से कुछ लोगों ने हाल ही में रोष जताया था और इस संबंध में उच्चाधिकारियों से मिलने की भी बात कही। वहीं पुलिस ने मंगलवार को कब्रिस्तान में छापा मारा लेकिन एक युवक ही गिरफ्तार हुआ है।

# सांसद हरेंद्र मलिक से हिंदू श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरधना वासियों ने उठाई मांग

### पूर्व पालिका अध्यक्ष निजाम अंसारी सहित कई लोग पहुंचे सांसद प्रतिनिधि के पास

**■ दौराला रोड गंगा नहर घाट व पुल के सौंदर्यीकरण के लिए सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व वाले स्थल दौराला रोड स्थित गंगा नहर घाट एवं पुल के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने सांसद हरेंद्र मालिक से हस्तक्षेप की अपील की।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निजाम अंसारी, ललित गुज्जर, दीपक



निराला, हकीम वसीम, शाहवेज अंसारी आदि लोगों ने मिलकर सांसद प्रतिनिधि विशाल मालिक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि यह घाट धार्मिक व सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां प्रतिवर्ष कांवड़ यात्रा, गणपति विसर्जन तथा ऐतिहासिक चर्च मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि घाट की वर्तमान स्थिति जर्जर है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा होती है। इसलिए घाट व पुल क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कराया जाना आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके और नगर की धार्मिक पहचान को नई दिशा मिले साथ ही, सरधना गंगा नहर, देवी मंदिर चौराहा, बुनौली चौराहा और संत चार्ल्स चौराहा पर हाई मास्क लाइट पोल लगाने के कार्य को स्वीकृति मिलने पर सभी ने सांसद हरेंद्र मालिक का आभार व्यक्त किया। सांसद प्रतिनिधि विशाल मालिक ने बताया कि जल्द ही हाई मास्क लाइट लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सभी स्थानों का चिन्हांकन कर लिया गया है।

# शोभित की सलाहकार एवं स्टार्टअप लीडर महक जैन बनीं मिसेज इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड 2025 की प्रथम रनर-अप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ परिवार को गर्व है कि विश्वविद्यालय की इनोवेशन एंड स्टार्टअप फाउंडेशन की सलाहकार और विश्वविद्यालय द्वारा इनक्यूबेटेड स्किन केयर ब्रांड वाइल्ड ओक की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी महक जैन को मिसेज इंडिया इंक 2025 प्रतियोगिता में मिसेज इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड प्रथम रनर-अप का खिताब मिला है।

इसके साथ ही उन्हें मिसेज इंडिया बियॉन्ड एलीट का विशेष सम्मान भी दिया गया है। यह सम्मान उनकी बुद्धिमत्ता, संवेदनशीलता और उद्देश्यपूर्ण जीवन दृष्टि का प्रतीक है। महक जैन ने अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी से स्नातक की पढ़ाई की है। भारत लौटने से पहले उन्होंने रेथियॉन



टेक्नोलॉजीज एक फॉर्च्यून 500 कंपनी में आठ साल काम किया, जहां उन्होंने कई नवाचार और वैश्विक परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया। कॉरपोरेट दुनिया में बड़ी सफलता पाने के बाद महक जैन ने भारत में नवाचार और उद्यमिता को आगे बढ़ाने का



निर्णय लिया। वर्तमान में वे वाइल्डओक की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी हैं। यह एक महिला नेतृत्व वाला स्टार्टअप है, जिसे शोभित विवि के इनक्यूबेशन सेंटर ने स्थापित किया है। वाइल्ड ओक विज्ञान, पारंपरिक वेलनेस और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाकर त्वचा और शरीर की देखभाल का नया दृष्टिकोण दे रहा है। महक जैन न केवल एक सफल प्रोफेशनल हैं, बल्कि बच्चों की शिक्षा, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए भी लगातार काम कर रही हैं। वे शोभित विश्वविद्यालय की इनोवेशन एंड स्टार्टअप फाउंडेशन के माध्यम से महिला उद्यमियों को मार्गदर्शन देती हैं, ताकि वे अपने विचारों को सफल व्यवसाय में बदल सकें। यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि आधुनिक भारतीय नारी की उस नई पहचान का प्रतीक है, जो पेशेवर उत्कृष्टता, सामाजिक जिम्मेदारी और भारतीय मूल्यों को एक साथ लेकर चलती है। शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने बधाई देते हुए कहा कि महक जैन आज की भारतीय महिलाओं की सशक्त पहचान हैं। उन्होंने दिखाया है कि वैश्विक दृष्टिकोण और भारतीय मूल्यों का सुंदर मेल कैसे सफलता की नई मिसाल बन सकता है। उनकी यह उपलब्धि शोभित विश्वविद्यालय की उस भावना को दर्शाती है, जहां नवाचार और करुणा साथ चलते हैं। अपनी सफलता पर महक जैन ने कहा कि शोभित विश्वविद्यालय से जुड़ाव मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक रहा है। विश्वविद्यालय की Education with Purpose की सोच ने मुझे यह विश्वास दिलाया कि सुंदरता और वेलनेस को सामाजिक जिम्मेदारी और स्थिरता से जोड़ा जा सकता है। यह सम्मान मुझे और प्रेरित करता है कि वह ऐसे उद्यम विकसित करें जो महिलाओं को सशक्त बनाएं और आधुनिक भारत की आत्मा को दर्शाएं।

### राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** मंगलवार को राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में ऊर्जा संरक्षक विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक चित्र बनाएं। कॉलेज की प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने बताया कि छात्राओं ने अपनी कला से मन मोह लिया। उन्होंने छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए वह कॉलेज में समय समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं कराती रहेंगी। जिससे प्रतिभा निखरे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार एडवोकेट की मौत

## मेरठ-करनाल मार्ग पर हुआ हादसा, चालक कार छोड़कर हुआ फरार, परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरूरपुर थाना क्षेत्र के गांव धनावाली के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एडवोकेट की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। एडवोकेट की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने इस मामले में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंगलवार सुबह मेरठ के शताब्दीनगर निवासी चंद्रशेखर पुत्र प्रताप बाइक पर सवार होकर बुढ़ाना जा रहा था। चंद्रशेखर पेशे से एडवोकेट था जो बुढ़ाना तहसील में काम के लिए जा रहा था। सुबह करीब 10 बजे भूनि चौराहे से आगे धनवाली गांव के सामने पीछे से आ रही तेज गति की कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही चंद्रशेखर दूर जाकर गिर गया। घटना के बाद कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर ही चंद्रशेखर की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए मामले की जानकारी परिजनों को दी, जिसकी सूचना पर पहुंचे परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल था। देर शाम परिजनों ने गमगीन माहौल में मृत को अंतिम संस्कार कर दिया।



# व्यापारी के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

## पावरलूम मशीन वापसी लेने गए व्यापारी पर हुआ था हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** किराये पर दी गई मशीन को वापस लेने गए टैक्सटाइल व्यापारी व उसके पुत्र पर किए गए जानलेवा हमले में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न होने से पीड़ित व्यापारी में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस मामलें में हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिस पर पुलिस विभाग द्वारा संज्ञान नही लिया गया। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

सरधना के मोहल्ला तकियाकैत निवासी हाजी जाहिद पुत्र हाजी यामीन का पावरलूम मशीन व टैक्सटाइल्स का काम है। हाजी जाहिद ने गांव नवाबगढ़ी निवासी महबूब पुत्र नसरूद्दीन को पावरलूम मशीन किराए पर दे रखी थी। आरोप है कि 21 अक्टूबर को हाजी जाहिद का पुत्र साद महबूब के पास से मशीन वापस लेने के लिए गया था, लेकिन गांव के ही एक व्यक्ति जो ग्राम प्रधान की तैयारी में जुटा हुआ है, उसने मशीन खुलवाने के बजाए अपने साथियों के साथ मिलकर साद के उपर हमला कर दिया। जब जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे हाजी जाहिद के उपर भी आरोपियों ने हमला बोल दिया था। इस मामले में जाहिद की तरफ से पुलिस ने तीन कामिल पुत्र खालिद, साजिद, सावेज समेत कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया था। पुलिस ने इस प्रकरण में कामिल का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया था, इस प्रकरण में साद को गंभीर चोंटे आई थी। सोशल मीडिया पर इस मामले की कई वीडियो वायरल हो गई थी, जिसमें आरोपियों ने साद को घेरकर पीटा था। पीड़ित व्यापारी हाजी जाहिद ने इस प्रकरण में जान का खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है। इस सीओ सरधना आशुतोष कुमार का कहना था आरोपियों के खिलाफ जल्द ही कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# इंस्पेक्टर प्रताप सिंह और एसआई करीना ने बढ़ाया बेटियों का हौसला

**■ मिशन शक्ति अभियान के तहत जड़ोदा इंटर कॉलेज में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चल रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत मंगलवार को थाना किठौर क्षेत्र के ग्राम जड़ोदा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी इंस्पेक्टर प्रताप सिंह और सब इंस्पेक्टर करीना ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने छात्राओं को बताया कि सुरक्षा आत्म विश्वास से शुरू होती है। उन्होंने बेटियों को निडर होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया और कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। वहीं, एसआई करीना ने छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए और यह भी बताया कि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत पुलिस सहायता नंबर 112, 1090, 181 और 1930 पर संपर्क कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस अधिकारियों से सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह और एसआई करीना ने कहा कि पुलिस का मकसद सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज को सशक्त बनाना और उनके मन से डर मिटाना भी है। इस पहल की छात्राओं और शिक्षकों ने जमकर सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम बेटियों में आत्म विश्वास जगाने का काम करते हैं।



# नगर निगम क्षेत्र में या तो समस्याएं नहीं या सुनवाई नहीं!




**मथुरा।** नगर निगम क्षेत्र में या तो समस्या नहीं रही हैं अथवा सुनवाई नहीं हो रही है। प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले समाधान दिवस में जिस तरह से चुनिंदा शिकायतकर्ता पहुंच रहे हैं उससे तो यही साबित हो रहा है। मंगलवार को जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए लगाये गये समाधान दिवस में भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा जनसुनवाई की गई एवं वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक द्वारा जनसुनवाई की गई तथा जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा वृंदावन कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान भूतेश्वर जोन में कुल नौ शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से पांच अतिक्रमण, एक स्ट्रीट लाइट से संबंधित, एक टैक्स से संबंधित, एक ट्रांसफर कराने से संबंधित एवं एक जलकल से संबंधित है। जिनमें से स्ट्रीट लाइट एवं टैक्स से संबंधित दो शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। सिटी जोन में कुल तीन शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से एक सफाई से संबंधित, एक स्ट्रीट लाइट से संबंधित एवं एक टैक्स विभाग से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। वृंदावन जोन में कुल पांच शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से दो अतिक्रमण से संबंधित, दो जलकल से संबंधित एवं एक निर्माण से संबंधित है। 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से चार शिकायतो का निस्तारण कर दिया गया है। जनसुनवाई में सौरभ सिंह अपर नगर आयुक्त, राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त, मोहम्मद अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, अमरेंद्र गौतम अधिशासी अभियंता निर्माण आदि रहे।

# अधिक शराब पीने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शराब का अधिक सेवन करने के कारण मजदूर युवक की मौत हो गई। मौत होने से घर में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी अशोक पुत्र नन्हुवा शराब पीने का आदि था। वह अधिक मात्रा में अक्सर शराब का सेवन कर लेता था। सोमवार की रात वह शराब पीने के बाद वह घर में आकर सो गया। मंगलवार की सुबह वह नहीं उठा तो पत्नी के अलावा परिवार के अन्य लोगों ने उसे उठाने का प्रयास किया। लेकिन वह उठ नहीं सका। अशोक की मौत हो चुकी थी। कुछ ही देर में अशोक की मौत के बाद उसके घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। अशोक अपने पीछे पत्नी व एक बेटी को छोड़ गया है। सूचना मिलते ही विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी अशोक के घर पहुंच गये तथा पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। बताया जा रहा है कि गांव लुहारी खादर में कच्ची शराब तोड़ी जाती है। उसके बाद उसे गांव के ही लोगों को शराब माफियाओ द्वारा बेच दिया जाता है। आबकारी विभाग की लापरवाही के चलते लोगों की जान अवैध शराब पीने के कारण जा रही है। आबकारी विभाग के अधिकारी खाना पूर्ति कर मामले को रफा दफा कर देते हैं

# केएम हॉस्पिटल में चल रहे निःशुल्क नेत्र रोग शिविर में मरीज हो रहे है लाभान्वित



**मथुरा।** स्वास्थ्य की राजधानी केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल ने केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी के निर्देशानुसार निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया हुआ है। इस शिविर आंखों के मरीजों का इलाज निःशुल्क किया जाता है। सोमवार से शनिवार तक शि. विर सुबह नौ से शाम चार बजे तक ओपीडी में लगा हुआ है। प्रतिदिन दर्जनों मरीज नेत्र परीक्षण कराकर लाभान्वित हो रहे है। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया कि केएम हॉस्पिटल का उद्देश्य हर मरीज को अच्छी और बेहतर चिकित्सा निःशुल्क व कम खर्च पर उपलब्ध कराकर स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। ब्रज के किसी मरीज को उपचार के लिए महानगरों की तरफ न भागना पड़े एवं ब्रज क्षेत्र को निरोगी रखने के लिए नेत्र परीक्षण शिविर केएम हॉस्पिटल में लगा हुआ है। विदित रहे कि केएम में पूरे साल चलने वाले निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में ऑपरेशन निःशुल्क किए जा रहे है। रोजाना निःशुल्क दर्जनों मरीज चिकित्कीय परार्मश निःशुल्क ले रहे। नेत्र रोग के विभागाध्यक्ष एमके तनेजा निर्देशन में एसोसिएट प्रोफेसर डा. निधि जैन, डा. अंजना तिवारी ने मोतियाबिन्द से ग्रस्त मरीजों के ऑपरेशन के सफल सफलतापूर्ण किये है। मरीज स्वस्थ्य है, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष एमके तनेजा ने बताया केएम में फंडस कैमरा, ओसीटी जैसी अत्याधुनिक मशीनों के होने से यहां सफेद मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद तथा आंखों के पर्दे (रेटिना) पलक बंदी से पीड़ित मरीजों का आसानी से आप. रेशन और उपचार सम्भव हो पाता है। हमारे यहां स्पेशलिस्ट चिकित्सक और लेटेस्ट मशीनें होने किसी भी तरह की आंखों की परेशानी का उपचार सहजता से सम्भव है।

# जतीपुरा में शातिर अपराधी की एक करोड़ की संपत्ति जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शातिर अपराधी शिव सिंह पुत्र सप्पो फौजदार, निवासी जतीपुरा की अवैध संपत्ति को जब्त कर लिया। पुलिस ने यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। आरोपी के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम और असामाजिक कार्यों के तहत कार्रवाई करते हुए उसकी करीब 1 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति कुर्क की गई। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने शिव सिंह के तीन प्लॉटों पर कब्जा लेकर उन पर कुर्की आदेश के बोर्ड भी लगा दिए। सीओ गोवर्धन और नायब तहस. ीलदार के निर्देशन में टीम ने मौके पर पहुँचकर पूरी प्रक्रिया पूरी करवाई। साथ ही पुलिस ने इलाके में मुनादी भी कराकर लोगों को जानकारी दी कि यह संपत्ति अब सरकारी कब्जे में है और अपराध से अर्जित की गई थी। एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर सख्त संदेश देने के लिए की जा रही है। आगे भी अपराधियों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बरसाना जा रहे श्रद्धालुओं का टेंपो हादसे का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरां।** बरसाना दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं का सफर मंगलवार सुबह हादसे में बदल गया। नंदगांव रोड पर जाव गेट के पास श्रद्धालुओं से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर ईंटों से लदी ट्रॉली से जा टकराया। जोरदार टक्कर में एक साधु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनाक्रम के अनुसार सुबह करीब साढ़े छह बजे श्रद्धालुओं से भरा टेंपो जैसे ही जाव गेट के पास पहुंचा, अचानक नियंत्रण खो और सामने चल रही ट्रॉली में जा भिड़ा।

टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।सूचना पर पहुंची कोकिलावन चौकी पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा सरकारी अस्पताल कोसीकलां भेजा गया। गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।हादसे में मौके पर ही एक साधु की मौत हो गई, जिनकी पहचान बल्लों पुत्र जुगल निवासी डोंगरी कलां, जिला ललितपुर के रूप में हुई है।

घायल श्रद्धालुओं में कमलकिशोर पुत्र पूर्णानंद (चंपावत, उत्तराखंड), कुसुम पत्नी धरमु (ललितपुर), शिवलाल पुत्र रामलाल (कटेसरा, पलवल), ईश्वरी पत्नी अजय कुमार (कानपुर), शकुंतला पत्नी शिवलाल (पलवल), किशन सिंह पुत्र शोभाराम (बल्लगढ़ी, कोसीकलां) और शरद वाजपेयी पुत्र कमलेशचंद (कानपुर) शामिल हैं।गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मृतक साधु के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# किसानों को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर मिलेगा गेहूं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रबी बुवाई के सीजन में किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बीज वितरण की नई योजना शुरू की है। इस योजना के तहत किसानों को गेहूं, चना और मसूर का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

अब किसानों को लंबी प्रक्रिया और कागजी झंझट से छुटकारा मिलेगा। नई व्यवस्था के अनुसार किसान आधार कार्ड के साथ पोष मशीन पर अंगूठा लगाकर सब्सिडी का लाभ तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। कृषि अधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि शासन से बीज की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराई जा चुकी है। स्टोर इंचार्ज भरत सिंह को निर्देश दिए गए हैं कि पात्र किसानों को मौके पर ही अंगूठा सत्यापन के बाद बीज वितरित किया जाए। रबी सीजन में किसान मुख्य रूप से गेहूं, चना, सरसों, मटर और मसूर की बुवाई करते हैं। पहले जहां किसानों को बीज की पूरी कीमत जमा करनी पड़ती थी, वहीं अब सरकार की नई व्यवस्था से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उदाहरण के तौर पर गेहूं बीज का 20 किलो कट्टा 46 रुपए किलो की जगह अब मात्र 26 रुपए किलो में मिलेगा।

# आत्महत्या के लिए मजबूर करने में दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

## कक्षा नौ के छात्र ने फांसी पर झूलकर दी थी जान, परिजनों ने की थी सड़क जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के एक इण्टर कॉलेज के छात्र द्वारा फांसी लगाकर जान देने के प्रकरण में पुलिस ने पिता की तहरीर पर दो युवकों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू दी है।

बता दें कि नगर के मोहल्ला जवाहरनगर निवासी राजू रावत पुत्र जयप्रकाश और उसकी पत्नी पिंकी खाना आदि बनाने का काम करते हैं। रविवार को दोनों पति पत्नी काम पर गए थे, साथ ही बड़ा पुत्र तुषार भी घर पर नहीं था। घर पर छोटा बेटा कक्षा नौ का छात्र तनिष्क था। जब परिजन करीब शाम को करीब 07:30 बजे घर लौटे तो उन्होंने गेट खोलने के लिए तनिष्क को आवाज दी, मगर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। कई बार प्रयास करने के बाद भी कोई जबाव नहीं मिला तो पड़ोसी की छत के माध्यम से घर में उतरकर देखा गया तो अंदर तनिष्क चौखट पर दुपट्टे का फंदा बनाकर लटका हुआ था। यह देखकर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग भी एकत्र हो गए, और सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने रात को ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। सोमवार को परिजनों ने छात्र का शव सड़क पर रखकर जाम लगाया था। पहले जाम भानपुर रोड पर तो वहीं बाद में जाम इंदिरा चौक पर लगाया गया। परिजन सीधे तौर पर हत्या का आरोप लगा रहे थे, उन्होंने सोशल मीडिया पर हुई चैट्स भी पुलिस को दिखाई, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण आत्महत्या आने के कारण पुलिस घटना को आत्महत्या मानकर चल रही थी। अंततः पुलिस ने परिजनों से तहरीर देने को कहा, जिसके बाद पिता राजू रावत ने पुलिस को तहरीर देकर शनि शर्मा व दक्ष चौधरी निवासी चौपला गजरौला के विरूद्ध आत्महत्या के लिए मजबूर करने की तहरीर दी। पुलिस ने सोमवार की रात को दोनों आरोपियों के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।



तनिष्क ( मृतक का फाइल फोटो )

# हीरा इंटरनेशनल के नन्हें कलाकारों ने जीता दिल

## अग्रसेन जन्मोत्सव समारोह में शानदार प्रस्तुति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित भव्य अग्रसेन जन्मोत्सव समारोह में हीरा इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक, सन्देशपूर्ण और मनो. रंजक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम की सराहना करते हुए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंघल, पूर्व अध्यक्ष गुलाब राय गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनय गोयल सहित सभा के अन्य पदाधिकारी विद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों एवं उनके मार्गदर्शन करने वाली शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करते हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक कपिल कुमार अग्रवाल ने अग्रवाल सभा के सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों को इस प्रकार के अवसर न केवल आत्मविश्वास बढ़ाते हैं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। समारोह में उपस्थित दर्शकों ने विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की। समारोह में पूरे समय उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा

## छात्राओं को बताए नशे के दुष्परिणाम




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज गजरौला में राष्ट्रीय योजना इकाई के द्वारा तंबाकू मुक्त युवा चरण तृतीय के अन्तर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें महेश शर्मा ने विद्यार्थियों को तंबाकू प्रयोग करने के दुष्प्रभावों के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने बताया कि नशे का सेवन करके केवल अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ और जीवन अधंकारमय बनाने के कुछ और नहीं मिल सकता। प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने भी नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में तंबाकू मुक्ति के सम्बंध में शपथ दिलाई गई।

# सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा को लेकर चल रहीं तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पूज्य पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा के आगमन को लेकर नगर में तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

यह पदयात्रा 13 नवंबर को कोटवन स्थित सेल टैक्स ऑफिस पर अपना प्रमुख पड़ाव डालेगी, जहाँ दोपहर में भोजन प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को यात्रा की एक टीम ने पड़ाव स्थल का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता व्यवस्था के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। निरीक्षण के दौरान सभासद लवली वर्मा, बागेश्वर धाम टीम से रोहित व चक्रेश, नगर प्रभारी अंकित मिश्रा तथा विद्यार्थी परिषद के शिवम भारद्वाज सम्मिलित रहे। इससे पूर्व नगर प्रभारी अंकित मिश्रा के नेतृत्व में युवा नेता विवेक चौधरी, छोटू अग्रवाल, कपिल खंडेलवाल सहित युवाओं ने भरतमिलाप चौक से लेकर मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, घंटाघर चौक होते हुए शेरगढ़ तिराहा स्थित हनुमान मंदिर तक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर अक्षत वितरण किया।पदयात्रा के प्रचार अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा नक्शा, अक्षत और पत्रक वितरित कर व्यापारियों एवं नागरिकों से सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा को

# खंडवारी में मिट्टी की खुदाई के दौरान दिखी प्राचीन मंदिर जैसी दीवार

## खुदाई के दौरन दिखी दीवार देखने को लगी ग्रामीणों की भीड, अधिकारियों से की स्थल की पूरी तहत खुदाई कराने की मांग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिसाना गांव के जंगल में खंडवारी से मिट्टी की खुदाई के दौरान एक प्राचीन मंदिर जैसी दीवार दिखाई दी। इस खोज के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने इसे एक बहुत पुराना मंदिर बताते हुए पूरी खुदाई और जांच की मांग की है।

सिसाना गांव निवासी राजू चौहान ने बताया कि मंगलवार को मिट्टी खुदाई के दौरान यह दीवारें सामने आईं। गांव के बुजुर्गों के अनुसार, सैकड़ों साल पहले इस स्थान पर एक गांव बसा हुआ था, जिसके बाद वर्तमान सिसाना गांव की स्थापना हुई। ग्रामीणों ने अधिका. रियों से इस स्थल की पूरी तरह से खुदाई कराने, जांच करने और मंदिर का निर्माण कराने की मांग की है। अवैध मिट्टी खुदाई के दौरान दीवार जैसी आकृति मिलने के बाद लोगों में विशेष आस्था देखी जा रही है। फिलहाल, मिट्टी के इस खदान में खुदाई का काम रोक दिया गया है। ग्रामीणों ने अवैध मिट्टी खनन को स्थायी रूप से बंद करने और इस स्थान पर मंदिर निर्माण की मांग दोहराई है।

# सेना के जवान सुमित ने स्टंट राइडिंग में बनाया विश्व रिकॉर्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिजरौल गांव निवासी सेना के जवान सुमित ने स्टंट राइडिंग में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। सुमित ने बेंगलुरु- चेन्नई एक्सप्रेसवे पर 1700 मीटर की स्टंट राइडिंग कर यह उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि के बाद सुमित ने डीएम अस्मिता लाल से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें शुभकामनाएं दीं। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया और डीएम ने उन्हें सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। सुमित 2018 में सेना में शामिल हुए थे और वर्तमान में नायक पद पर बेंगलुरु में तैनात हैं। सुमित ने 1700 मीटर की स्टंट राइडिंग का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड एक विदेशी खिलाड़ी के नाम था, जिसे सुमित ने अपने प्रदर्शन से पीछे छोड़ दिया। उनके इस कार्य की हर कोई प्रशंसा कर रहा है। सुमित बिजरौल गांव के रहने वाले हैं और उनका संबंध महान क्रांतिकारी बाबा शाहमल के परिवार से है। इस मौके पर यशपाल सिंह, धीरज उज्जवल, राजू सिर. सली सुभाष नैन आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने तहसील में कराया विधि विधान से पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में अधिवक्ताओं की रेख देख में विधि विधान के साथ नारियल फोड़ कर सड़क निर्माण का तहसील परिसर में उद्घाटन किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वर सिंह ने विधि विधान से पूजन को संपन्न कराया। इस मौके पर तहसील परिसर के वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मवीर सिंह तोमर पूर्व विधायक वीरपाल राठी सत्यपाल सिंह पवार वेदपाल पवार एडवोकेट सत्यपाल मान हरेंद्र चौधरी वरुण चौधरी भूप्रकाश एडवोकेट वीरेंद्र चौहान हरवीर सिंह जाटव चौधरी रामकुमार सिंह एडवोकेट विनोद मान दीपक राठी पवन एडवोकेट लुहारी नायब तहस. ीलदार अतुल रघुवंशी पुष्पेंद्र एडवोकेट के अलावा नगर पालिका परिषद के अधिकारी अधिशासी कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति टीम की पहल से सुलझा पारिवारिक विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और संवेदना के साथ न्याय की भावना को साकार कर रही मिशन शक्ति टीम ने एक बार फिर सराहनीय पहल की है। थाना बड़ौत की मिशन शक्ति टीम ने वसु पुत्री संजीव कुमार निवासी बड़ौत और उसके पति गौतम पुत्र जोगिंदर निवासी मंवीकला थाना कोतवाली बागपत के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद को संवाद और समझदारी के माध्यम से सुलझा दिया।

पारिवारिक मतभेद के कारण दोनों पक्षों में कई दिनों से तनाव का माहौल बना हुआ था, लेकिन महिला उप निरीक्षक रीतू काजल और महिला कांस्टेबल रीतू यादव ने संवेदनशीलता और धैर्य का परिचय देते हुए दोनों को थाने बुलाकर शांति से बैठाया, दोनों पक्षों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और आपसी संवाद के जरिये विवाद को खत्म कराया। टीम के समझाने-बुझाने के बाद दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया। पति-पत्नी ने एक-दूसरे के साथ नए सिरे से जीवन की शुरुआत करने का निर्णय लिया। इसके बाद दोनों खुशी-खुशी अपने घर लौट गए।



## एक नजर

### रोजगार मेले में युवाओं की योग्यता के आधार पर कंपनी करेंगी चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रोजगार मेले में युवाओं की योग्यता के आधार पर कंपनी चयन करेंगी। इस रोजगार मेले में बागपत के युवाओं को अपार रोजगार के अवसर होंगे कोई भी युवा इस रोजगार मेले में प्रतिभाग करने से वंचित नहीं रहे। इसमें बड़ी-बड़ी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी जैसे वेवटैक्स, कृष्ण मारुति, पेटीएम, थ्री आई इन्फोटेक, होटल संेट्रम, अंब्रोसिया, सिद्धि इन्फोटेक, गोयल इंक, जैसी लोकप्रिय कंपनी बागपत के रोजगार मेले में प्रतिभाग करेंगी। इस रोजगार मेले में जनपद बागपत की स्थानीय कंपनियों द्वारा भी रोजगार मेले में अपनी स्टॉल लगाकर बागपत के युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे। बागपत में टैलेंट की कमी नहीं है हर क्षेत्र में बागपत के युवा हॉनर बंद है और अपनी पृथ्वी से और प्रदेश और देश में नई पहचान बना रहे हैं चाहे वह खेल की दुनिया हो इंजीनियरिंग की दुनिया हो टेक्निकल की दुनिया हो।

### रोजगार मेले का अधिक से अधिक कराया जाए व्यापार प्रचार प्रचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रोजगार मेले के संबंध में थीम क्लियर होनी चाहिए और मेले को सकुशल संपन्न कराया जाए और रोजगार मेले में प्रतिभागियों के लिए अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की रोजगार मेले का अधिक से अधिक व्यापार प्रचार प्रचार कराया जाए जिससे कि रोजगार मेले में अधिक से अधिक बेरोजगार आ सके और उन्हें उनके टैलेंट के आधार पर रोजगार मिल सके रोजगार मेले में बड़ी से बड़ी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें जनपद के युवाओं के लिए रोजगार के योग्यता के अनुसार अवसर होंगे। प्रतिभाशाली युवा होंगे वे अच्छी कंपनियों में अपने टैलेंट से एक अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं 12 नवंबर को अधिक से अधिक युवा रोजगार मेले में आए और अपने टैलेंट पर रोजगार पाए जिससे कि युवा एक अपनी अच्छी आजीविका चला सकें और अपने परिवार का पालन पोषण कर सके।

### दिव्यांगों के लिए विशेष रोजगार मेले के स्टॉल का किया जाए आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी को बागपत में लगने वाले रोजगार मेले में दिव्यांग के लिए दिव्यांगों के लिए विशेष रोजगार मेले के स्टॉल का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं दिव्यांगों को भी उनकी योग्यता के आधार पर सुगम और सरल रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे जोमैटो, बिंबो बेकरी, डोमिनोज, अमूल जैसे ब्रांड कंपनियों के साथ बेरोजगार दिव्यांग युवाओं को रोजगार दिलाए जाने के लिए बागपत का मिशन रोजगार मेला उत्तर प्रदेश में एक उदाहरण बनेगा, रोजगार मेले में अपनी योग्यता से अपने आप को साबित कर सके और हर व्यक्ति के बराबर हर मनुष्य है। उसकी क्षमता और उसकी कार्य करने की शैली से व्यक्ति की पहचान होती है। हर किसी के उत्थान के लिए बागपत में लग रहा है। 12 नवंबर को रोजगार मेला।

### युवाओं को रोजगार मेले में प्राप्त हो मूलभूत सुविधाएं:जिलाध्किारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्टाफ नर्स, टेक्नीशियन, डायग्नोस्टिक सेंटर, हाउसकीपिंग व लीड बैंक मैनेजर को बैंकों में मल्टी टास्किंग जैसे आदि पदों पर भी भर्ती किए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त उद्योग, सहायक खाध आयुक्त, समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/ नगर पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में रोजगार मेले के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार करें जिससे कि युवाओं को रोजगार के अवसर मेले में प्राप्त हो सके और मेले में समस्त मूलभूत सुविधाएं अवश्य हो।


### नगरों को विकसित व सुविधायुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को जनपद के सभी नगरीय निकायों के अध्यक्षों, अधिशासी अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर नगरों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा 15वें वित्त आयोग से प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नगर को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित एवं सुविधासंपन्न बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में नगरीय निकायों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

# चोरी की वारदातों में शामिल तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की वारदातों में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 60 किलोग्राम तांबे का केबल तार, एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, सोमवार को कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध युवक आते दिखे। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्कता से घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी किया गया कॉपर केबल तार और दो अवैध चाकू बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से केबल तार चोरी कर कबाड़ के रूप में बेचते थे। बरामद मोटरसाइकिल पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। कोतवाली प्रभारी ने जानकारी दी कि गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ, सुनीत निवासी सिसाना और हरेंद्र निवासी टिकरी जनपद बागपत खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस गिरोह में अन्य कितने लोग शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिले में चोरी और अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। एसपी ने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात महिला ने घर में घुसकर गृहणी को नशीला पदार्थ सुंघाकर की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला पर घर में घुसकर नशीला पदार्थ सुंघाकर चोरी करने का आरा. ेप लगा है। मोहल्ला शिवपुरी औरंगाबाद कॉलोनी निवासी पीड़िता ने मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने बताया कि तीन दिन पहले एक अज्ञात महिला उनके घर आई थी। उसने खुद को सामान बेचने वाली बताकर घर में प्रवेश किया। उस समय घर पर उनकी वृद्ध मां अकेली थीं। आरोप है कि महिला ने बातचीत के दौरान उनकी मां को नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गईं। बेहोश होने के बाद आरोपी महिला घर में रखे नकदी, जेवरात और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गई। होश में आने पर उर्मिला की मां ने घटना की जानकारी दी। पुलिस की निष्क्रियता से असंतुष्ट होकर पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचीं और पूरे मामले की लिखित शिकायत सौंपते हुए न्याय की मांग की। पीड़िता ने घटना की जांच कराकर और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। इस संबंध में एसपी सूरज कुमार राय ने शिकायत मिलने के बाद अधिक. ारियों ने मामले की जांच के लिए संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं।

# भाकियू प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की छपरौली चुंगी पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान का संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगलवार को एक कार्यक्रम में मलकपुर में आए हुए थे। संगठन के लोगों ने भारतीय किसान यूनियन प्रधान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उनका स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन प्रधान हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ता आ रहा है और आगे भी किसान हित में हमारी लड़ाई जारी रहेगी। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन एक ऐसा संगठन राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है जो किसानों के हितों के लिए 24 घंटे अपने दरवाजे खोल कर रखता है। इस मौके पर लोकेंद्र सिंह देवेंद्र सिंह गौतम रामकुमार राजीव कुमार पूर्व प्रधान सुधीर मास्टर ठाकुर प्रदीप फौजी संजीव चौधरी नरेंद्र चौधरी श्याम सिंह चौधरी गोपाल चौधरी सुरेश बाबा आनंदपाल चौधरी विजेंद्र सिंह यशपाल राठी आदि मौजूद रहे।

# एसपीआरसी डिग्री कॉलेज में 12 नवम्बर को लगेगा रोजगार मेला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिक. ारी कलेक्ट्रेट सभागार में 12 नवंबर 2025 को सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज बागपत में उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार के अंतर्गत लगने वाले विशाल रोजगार मेले के संबंध में संबंधित अधिका. रियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस रोजगार मेले में लगभग 40 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग करेंगी जिनके व्यवस्थित तरीके से स्टॉल लगाए जाएंगे और पंजीकरण के आधार पर उनका साक्षात्कार लिया जायेगा और उन्हें उसके उपरांत ऑफर लेटर देकर रोजगार दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने रोजगार मेले को सफल बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य दिए। उन्होंने कहा जिन अधिकारियों को जो लक्ष्य दिया गया है। उसके अनुसार मैनपॉवर दी जाएगी। इस रोजगार मेले में श्रम विभाग के जो नियम है उनका पालन किया किया जाएगा। उसी के आधार पर बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। अकुशल को11021, व कुशल को 13580 से कम का मानदेय किसी कंपनी द्वारा नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, जिला विकास अधिक. ारी राहुल वर्मा, सीओ ट्रैफिक विजय कुमार चौधरी, जिला सेवायोजन रोजगार अधिकारी विपिन कुमार, उपयुक्त उद्योग अर्चना तिवारी, प्रधानाचार्य आईटीआई परवेज सहित आदि उपस्थित रहे।

# बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को किया जायेगा वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 4 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किया जायेगा एवं प्रपत्रों को भरवाकर प्राप्त किया जायेगा। 09 दिसम्बर, 2025 को आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। दावे और आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 09 दिसम्बर, 2025 से 08 जनवरी, 2026 तक होगी। नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे और आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रें पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 09 दिसम्बर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक होगी। 07 फरवरी, 2026 को अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण को लेकर सभी राजनैतिक दलों के साथ आज बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बूथ लेविल अधिकारी को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि किसी भी मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता न हों, इसके लिए मतदेय स्थलों के सत्यापन एवं सम्भाजन की प्रक्रिया भी इस दौरान पूर्ण की जायेगी।

# जनपद में शुरू होगा विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल ने निर्वाचक नामाव. लियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण राजनीतिक दलों के संबंध में बैठक की और संबंधित को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुक्रम में राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की और उन्हें कार्यक्रम से रूबरू कराया। भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के द्वितीय चरण में देश के 12 राज्यों में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कराने का निर्णय लिया है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश भी शामिल है। यह पुनरीक्षण आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों और समय-सारणी के अनुसार आयोजित किया जायेगा। इस विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हों।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में इसके पहले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था। लगभग 22 वर्ष के अंत. राल के बाद पुनः भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की जा रही है। जनपद में मतदाता सूची को शुद्ध व समावेशी बनाने के लिए विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य मंगलवार से शुरू हुआ। जिला निवार्चन अधिकारी अस्मिता लाल ने कहा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर, 2025 तक विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण किया जायेगा। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में लगभग 15.44 करोड़ मतदाता तथा 1,62,486 मतदेय स्थल है। प्रदेश में 75 जिला निर्वाचन अधिकारी, 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 2,042 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और 1,62,486 बूथ लेवल अधिकारी कार्यरत हैं जबकि जनपद में कुल मतदाता 972286 है जिसमें मत दे स्थल 981 मतदान केंद्र 513 हैं।

निर्वाचन रजिस्ट्री करण अधिकारी जनपद में 3 है सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 17, बूथ लेवल अधिकारी 981 है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज वर्मा, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, सहित बसपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी के जनपद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरा आर्मी नंबर 10406726k नायक संदीप राठी मेरे पुत्र का नाम मेरे आर्मी दस्तावेज़ो में अभिमानु दर्ज है जो ग़लत है उसका सही नाम अभिमन्यु राठी है मेरे आर्मी दस्तावेज़ो में उसका सही नाम अभिमन्यु राठी दर्ज किया जाए। संदीप राठी पुत्र इकबाल सिंह राठी कस्बा टीकरी जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्रो नदीम व तनवीर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। रिजवान पुत्र साबर अली निवासी ग्राम गौसपुर तहसील बागपत थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

# भाकियू ने थाने का घेराव कर किया प्रदर्शन

## किसानों ने लगाया पुलिस कर्मियों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन ने थाना बहादुरगढ़ परिसर का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने पुलिसकर्मियों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह मेरठ मंडल महासचिव युवा सुनील चौहान अपने कार्यकर्ता से मिलने के लिए थाने में पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान थाने में बैठे पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। जिसकी सूचना संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी को दी गई। सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ो पदाधिकारी और कार्यकर्ता थाना बहादुरगढ़ में पहुंच



गए और थाने का घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। थाना अध्यक्ष धीरज मालिक ने किसानों को समझाने का प्रयास किया और संबंधित मामले में जाँच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान भाकियू पदाधिकारी जीते चौहान ने कहा कि किसान का सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि है और जब संगठन के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है तो आम जनता के साथ व्यवहार कैसा होता होगा। थाने से लगातार किसानों के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायत मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि थाना अध्यक्ष एक अच्छे व्यक्ति हैं लेकिन निचले स्तर पर रिश्वतखोरी चरम पर है जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उनकी जांच कर कर उन्हें तत्काल से सस्पेंड किया जाए। सब्बू चौधरी ने कहा कि ऐसे व्यवहार को लेकर पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की जाए जो जनता को लूट रहे हैं अगर ऐसा नहीं होता है तो बहुत जल्द एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। नवदीप सिंह ने कहा कि थानों में किसान का गरीब का मजदूर का शोषण किया जा रहा है जबकि क्षेत्र में खुलेआम प्रतिबंधित पेड़ डग्गेमार बसे अवैध खनन चरम पर है। इस मौके पर मेरठ मंडल संयोजक सेवाराम चौहान मनोज प्रधान, मंडल महासचिव सुनील चौहान, बिट्टू प्रधान, रविंद्र चौहान, सलमान भाई, अनुज चौहान, संसार सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# स्नान के दौरान गंगा में डूबने से पीएसी के जवान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर/ हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में गंगा स्नान के दौरान के पीएसी के जवान गंगा की गहरी जलधारा में जाने के कारण गंगा में डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों की चीख पुकार सुनकर मौके पर मौजूद गोताखोरों ने पीएसी के जवान को गंगा से बाहर निकाला और गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित दिया। मिली जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले में गंगा स्नान करने के लिए पीएसी के जवान पुष्पेंद्र गंगा में पहुंचे। ज़ब वह गंगा स्नान कर रहे थे इसी दौरान गहरे पानी की जलधारा में जाने के कारण वह पानी में डूबने लगे। पीएसी के जवान पुष्पेंद्र को गंगा में डूबता देख आसपास में मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद गोताखोरों ने तुरंत गंगा में



छलांग लगा दी। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद पीएसी के जवान को गंगा से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने पीएसी के जवान को हापुड़ के देवनदी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# रद्दी के गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के मौहल्ला तगासराय में स्थित रद्दी के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखों रूपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात थाना देहात क्षेत्र के मौहल्ला तगासराय में स्थित हाजी आज़ाद के रद्दी के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने एक विकराल रूप लें लिया। आग लगने से आसपास में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके और पहुचे गई और आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। आग लगने की सूचना मिलने पर एडीएम संदीप कुमार और मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा भी मौके पर पहुच गए। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्क़त के बाद आग पर काबू पाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। आग लगने से लाखों रूपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा



बें बताया कि आग लगने के सही कारणों पता नहीं चल सका है। संभावित आग लगने का कारण कोई पतंगा गिरना माना जा रहा है। आग लगने के कारणों की जाँच की जा रही है।

# श्रीराम कथा का आयोजन नगर के लिए गौरव की बात: विभु बंसल

## पिलखुवा में प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास सुनाएंगे अपने-अपने राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर के रामलीला मैदान में 21 से 23 नवंबर तक तीन दिवसीय भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 'अपने अपने राम' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि पिलखुवा के सुपुत्र, देश के प्रसिद्ध कवि एवं वक्ता डा. कुमार विश्वास श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। वे तीनों दिन श्रद्धालुओं को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और शिक्षाओं से जोड़ेंगे। आयोजन समिति के अनुसार, प्रतिदिन कथा के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें देश के ख्यातिप्राप्त कलाक.



ार प्रस्तुति देंगे। आयोजन को लेकर नगरवासियों सहित आस-पास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि पिलखुवा की पवित्र धरती पर डा. कुमार विश्वास जैसे विद्वान द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन नगर के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा मिलेगी।कार्यक्रम की सफलता के लिए नगर पालिका प्रशासन ने साफ-सफाई, प्रकाश, पानी और यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबंध शुरू कर दिए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में बीजेपी नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, प्रदीप तेवतिया, सुशील तोमर, सचिन पुंडीर, पुनीत गुप्ता, अजीत चौधरी, सतीश वर्धन और अखिलेश मित्तल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फैक्ट्री के फोरमैन से मोबाइल छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने थाना क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री के फोरमैन के साथ मारपीट कर मोबा. इल फोन छीनने की घटना में संलिप्त दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि गांव गालंद निवासी फेब्रिटोन प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में फोरमैन के पद पर तैनात जतीन्द्र द्वारा थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि उसकी फैक्ट्री में उसके साथ काम करने वाले धर्मेंद्र और नरेश ने फैक्ट्री की रंजिश को लेकर उसको खेतों में ले जाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने मारपीट करने के बाद पीड़ित जतीन्द्र का मोबाइल



फोन छीन लिया था और उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था और पुलिस आरो. पियों की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने फैक्ट्री के फोरमैन से मोबाइल छीनने वाले दो आरोपी धर्मेंद्र पुत्र रामौतार निवासी ग्राम गालंद थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ और नरेश उर्फ मुंशी पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम गालंद थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को नन्दराम होटल से गालन्द की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से छीना हुआ एक ओप्पो मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

# 2027 के चुनावों को लेकर पूरी तरह तैयार सपा: शिवपाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव को मंगलवार को छिजारसी टोल प्लाजा पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। शिवपाल यादव मेरठ में एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। जैसे ही उनका काफिला टोल प्लाजा पर पहुँचा, वहाँ मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और ज़ोरदार नारेबाजी कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस दौरान शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि पार्टी के संगठन से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं में नया



उत्साह और ऊर्जा भरी हुई है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता आज बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी ही उसकी आवाज बनकर उभरेगी। शिवपाल यादव ने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे जनता के बीच जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों और एजेंडे को मजबूती के साथ पहुँचाएँ। इस अवसर पर मौजूद पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु राणा और पदम सिंह ने भी कार्यकर्ताओं के जोश की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी आगामी चुनाव में पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। इस स्वागत कार्यक्रम में अक्षांश, बबलू प्रधान, अरुण तोमर, रियाज अहमद सहित पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ पदाधिक. ारी और स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## एक नजर

# एंटी रोमियो टीम ने मनचलों पर कसा शिकंजा, दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से जिला में एंटी रोमियो स्क्वाड टीम सक्रिय दिखी। ज़िलें की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूल,पार्क और मंदिरों के बाहर एसपी के निर्देशन में तैनात दिखी। टीम ने ज़िलें में स्थित स्कूलों में छात्राओं से बात कर उन्हें हेल्प लाइन नंबरों और अपराध से लड़ने के संबंध में जागरूक किया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई। पार्क और बाग-बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक गायब दिखे। मनचलों में टीम की दहशत देखते ही बन रही थी। ज़िलें के थानों की एंटी रोमियों टीमों, महिला सुरक्षा दल द्वारा प्रमुख बाजारों, गांव, कस्बों, पार्कों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों के आस-पास मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग कर अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध युवकों से पूछताछ कर उन्हें सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

# अवैध हथियार के साथ चार बदमाश गिरफ्तार, दो मोटरसाइकिल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे चार बदमाशों को थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार और मोटरसाइकिल बरामद की है।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि एसपी के निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा लगातार थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाने की पुलिस टीमें चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फ़िराक में घूम रहे चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार अवैध तमंचे चार जिन्दा कारतूस 315 बोर और दो मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक बदमाशों की पहचान राहुल कुमार पुत्र खडक सिंह निवासी ग्राम असौडा थाना हापुड देहात जनपद हापुड, शहजाद पुत्र असगर निवासी ग्राम अतराडा थाना खरखौदा जनपद मेरठ, लवलेश उर्फ लक्की पुत्र समेश निवासी ग्राम ततारपुर थाना हापुड देहात जनपद हापुड और सनी पुत्र योगेन्द्र उर्फ बब्बल निवासी ग्राम सबली थाना हापुड नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बदमाश राहुल और शहजाद को श्याम नगर फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया है जबकि लवलेश उर्फ लक्की और सनी को आनंद विहार से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि बदमाश किसी अपराधी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे इससे पहले ही पुलिस ने उनके इरादों पर पानी फेरते हुए उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

# चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध गिरफ्तार, दो चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद किए है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान दो युवकों को दिल्ली रोड पर रामलीला मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दोनों युवकों को दबोच लिया और उनके कब्जे से मौके से दो अवैध चाकू बरामद कर लिए। पुलिस के मुता. बिक गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान सन्नी पुत्र मनोज कुमार निवासी गांव शाहपुर फगौता थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ हालपता मौहल्ला कविनगर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ और नीरज पुत्र नन्हें उर्फ लक्ष्मण निवासी अर्जुन नगर गली नं- 3 थाना हापुड नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तार एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मेले में पहुंचे एक लाख से अधिक श्रद्धालु, गूंजने लगे हर-हर गंगे के जयकारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कार्तिक पूर्णिमा मेले में अब तक करीब 1 लाख से अधिक श्र)ालुओं ने पड़ाव डाल दिया है। गंगा की रेती पर पड़ाव डालने वाले श्रद्धालु स्नान घाटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुए हर हर गंगे के जयघोष लगा रहे हैं। इसके अलावा युवा और बच्चे गंगा के रेतीले मैदान में मस्ती करने में लगे हुए हैं। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने मुख्य स्नान घाट के रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी है।

खादर क्षेत्र में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। देर शाम तक भी श्रद्धालु खादर मेले में अपने सामान के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली और भैसा बुग्गियों में सवार होकर पहुंचे। श्रद्धालु स्नान करने के बाद सत्यनारायण की कथा भी सुन रहे हैं। वहीं केले के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा कर मनौती मांग रहे हैं। मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़ और दिल्ली सेक्टरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। जिससे गंगा तट पर आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्य स्नान घाट के रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी है, जिससे अंदर कोई भी वाहन प्रवेश नहीं होगा। सिर्फ पैदल जाने वाले श्रद्धालु ही गंगा के मुख्य घाट पर जा पाएंगे। उधर ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ने लगा है, जो निरंतर गंगा किनारे पहुंच रहा है। परिवार के साथ गंगा मेले में आनंद लेने के



सुबह से ही श्रद्धालु अपने टेंटों से बाहर आ जाते हैं। कहीं हुक्के की गुड़गुड़ाहट, कहीं ताश तो कहीं बालीवाल और कहीं कबड्डी चल रही है। महिलाएं अपने अपने टेंटों में मंगलगीत गा रही है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए है। मेला स्थल पर डाग स्कायड की टीम निरंतर चेकिंग कर रही है। गढ़ कार्तिक पूर्णिमा मेले में जाने के लिए सुबह से ही सड़क पर श्रद्धालुओं के भरे ट्रैक्टर-ट्राली की लाइन लग जाती हैं। मेले में पहुंचने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली सड़क पर चल रहे है, और लगातार श्रद्धालु मेले में पहुंच रहे हैं।

# महाभारत काल से लगता है कार्तिक गंगा मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पवित्र पावनी गंगा मैया के किनारे गढ़ गंगा खादर क्षेत्र के रेतीले मैदान पर लगने वाले कार्तिक गढ मेले का इतिहास भी लगभग पांच हजार वर्ष पुराना है। महाभारत के विनाशकारी युद्ध के बाद धर्मराज युधिष्ठिर, अर्जुन तथा कृष्ण के मन में युद्ध विभीषिका तथा नरसंहार को देखकर भारी ग्लानि पैदा हुई।

युद्ध में मारे गये कुटुम्बियों, बंधुओं एवं निर्दोश व्यक्तियों को आत्मा की शाति किस प्रकार मिले तथा उनका मृत्यु संस्कार कैसे पूर्ण किया जाए, इस पर गंभीर चर्चा हुई। वेद उपनिषदों तथा पुराणों का अध्ययन किया गया। भगवान कृष्ण की अध्यक्षता में सभी विद्वानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि खाण्डवी वन में भगवान परशुराम द्वारा स्थापित शिवबल्लभपुर नामक स्थान पर मुक्तेश्वर महादेव की पूजा एवं यज्ञोपरात पतित पावनी गंगा मैया में स्नान करके पिण्डदान करने से सभी संस्कार पूर्ण हो जायेंगे।

इस निर्णय का सभी विद्वानों ने एक मत से स्वागत किया तत्पश्चात शुभ मुहुर्त निकाला गया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को गौ पूजन करके गंगाजी में स्नान किया तथा एकादशी को गंगाजी के रेतीले मैदान में अपने सभी पूर्वजों के उत्थान हेतु धार्मिक संस्कार करके उन्हें पिण्डदान किया। यही एकादशी देवोत्थान एकादशी देव उठान कहलायी। एकादशी से चतुदर्श तक युद्ध में मारे गये सभी परिजनों की आत्मा की शाति के लिये यज्ञ किया गया तथा चतुदर्शी की संध्या यज्ञ सम्मपनोपरात स्वर्गीय आत्माओ को दीपदान कर श्रद्धाजलि अर्पित की गयी।

अगले दिन पूर्णिमा को स्नान करके पूजा अर्चना की गयी। इस प्रकार एक सप्ताह तक यह धार्मिक उत्सव सम्पन्न होने पर संतोष व्यक्त किया। तभी से यहां कार्ति मेला लगता है। जिसमें उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली प्रांतों से कार्तिक पूर्णिमा पर अपने स्वर्गीय परिजनों का पिंड दान करने और अन्य धार्मिक अनुष्ठान के लिये तीस लाख से अधिक श्रद्धालु यहां आते हैं और यहां दस दिन तक विशाल मेला लगता है।

# मेला स्थल पर मिलेगा 24 घंटे इलाज, स्वास्थ्य विभाग ने बनाए अस्थायी अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी कमर कस ली है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेले में आधा दर्जन से अधिक अस्थायी अस्पताल बनाए जाएंगे। इन सभी अस्पतालों में कुल मिलाकर 28 से 30 बेड होंगे। जहां मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा।

कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिल. सिला अब शुरू हो गया है। प्रतिवर्ष लगने वाले इस मेले में हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों और जिलों से 30 से 40 लाख तक श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले के दौरान ठंड अधिक होने के कारण श्रद्धालु बीमार हो जाते हैं, साथ ही कई बार श्रद्धालु घायल भी हो जाते हैं। ऐसे श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं मेला स्थल पर ही मिल सकें, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्थायी अस्पताल बनाए जाते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार त्यागी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश भारती ने बताया कि मेले में छह अस्थायी अस्पताल बनाए गए है, ये अस्पताल मेरठ सेक्टर, गंगा घाट, ब्रजघाट व सदर सेक्टर में बनाए जा रहे हैं। मेला स्थल पर बनाए गए अस्पतालों में स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई है। इन अस्पतालों में नियमित ओपीडी चलेंगी, इसके अलावा ईसीजी आदि की भी सुविधाएं दी जाएंगी। यदि कोई बड़ा मामला आता है तो तत्काल एंबुलेंस की मदद से गढ़मुक्तेश्वर सीएचसी या जिला अस्पताल के लिए रेुर किया जाएगा। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि मेले के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतना चाहते हैं। इसके लिए वह हर प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव करने की तैयारी कर रहे हैं। जिससे सर्पदंश के मरीजों को बिना किसी देरी के उन्हें उपचार मिल सके। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि मेला स्थल पर यदि कोई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो जाता है या फ़िर कोई गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो जाता है तो उन्हें एंबुलेंस की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए मेला स्थल पर 12 सरकारी व निजी एंबुलेंस हर समय तैनात रहेंगी। जो सूचना प्राप्त होते ही तत्काल मौके पर पहुंचेंगी और मरीज को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जाएगा।

**NOTICE**

My Daughter's Name is Mistakenly listed as Ishika Dagar in My Service Record, Which is Incorrect. Her name Should be Changed to Ishika Instead of Ishika Dagar in my service record, Which is Correct.
Sandeep Kumar S/o Sh. Ompal Singh R/o Baghpat Distt. Baghpat

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नही है गलत आचरण के चलते मैं अपने पुत्र दीपक कुमार व उसकी पत्नी शालू से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगें।
राजेन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम निरपुडा थाना दोघट तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

# महिला की निर्मम हत्या कर लाश फेंकी

## मृतका घरों में बर्तन मांजती थी, तो पति करता है राजमिस्त्री का काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। महिला की गला रेतकर निर्मम तरीके से हत्या कर लाश को खाली प्लाट में फेंक दिया। पुलिस अधीक्षक ने मौका मुवायना कर जल्द हत्या का खुलासा करने का आश्वा. सन दिया है। महिला की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हत्या खेड़ा में अलीगढ़ मार्ग पर सूखे तालाब के नजदीक खाली पड़े प्लाट में महिला की लाश पड़ी हुई देखकर उपले पाथने गई महिलाओं की चीख निकल गई। कुछ ही देर में वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई। महिला की वहशी तरीके से गला रेतकर हत्या करने के बाद लाश को फेंका गया था। सूचना मिलते ही सीओ दीप कुमार पंत कोतवाल प्रेमपाल

### एसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, परिजनों में मचा कोहराम

सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पा रहे थे। सोशल मीडिया पर महिला के फोटो को देखकर बच्चों ने उसकी पहचान रीना आयु 35 वर्ष के रूप में कर ली। उसके



बाद परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंच गये। कुछ ही देर में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद भी घटनास्थल पर पहुंच गये। महिला का पति कुंवर पाल राज मिस्त्री का काम करता है। जबकि महिला घरों में बर्तन मांझने का काम करती थी। महिला के दो बेटियां वह तीन पुत्र हैं जिनमें से दो बेटे विकलांग है। महिला मूल रूप से मुरादाबाद की रहने वाली है वह सालों से पति के साथ हसनपुर के मोहल्ला कोट पूर्वी कुम्हारान वार्ड नंबर 4 में रह रही थी। फॉरेंसिक टीम ने मौके से नमूने उठाये है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने महिला की हत्या करने का जल्द खुलासा करने का आज आश्वासन दिया है। महिला की हत्या का खुलासा करने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### विकलांग बच्चों से मां का साया उठा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। रीना घरों में बर्तन मांझने के बाद परिवार का पालन पोषण करती थी। महिला के दो बच्चे विकलांग है। जिनकी देखभाल स्वयं रीना करती थी। रीना की हत्या के बाद अब दो विकलांग बच्चों की परवरिश करने की समस्या आकर खड़ी हो गई है। परिजनों के मुताबिक रीना ही विकलांग बच्चों की काम निपटाने के बाद घर आकर देखभाल करती थी। सवाल खड़ा हो रहा है कि अब विकलांग बच्चों की परवरिश कौन करेगा।



हसनपुर। महिला की हत्या के बाद जांच पड़ताल करती पुलिस।

### बेरहमी से काटी गयी रीना की गर्दन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। जिस तरीके से महिला रीना की गला रेतकर हत्या की गई है उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि कातिल बड़े ही बेरहम है। कातिलों को महिला का गला काटते समय जरा भी दया नहीं आई की उसके पांच बच्चों की परवरिश फिर कौन करेगा। पुलिस को महिला की हत्या का जल्द खुलासा करने के बाद बेरहम कातिलों को जल्द सलाखों के पीछे भेज कर कड़ी सजा दिलवानी होगी। ताकि ऐसे जघन्य अपराध को आगे से कोई अंजाम न दे सके।

### मोबाइल पर पति से थोड़ी में देर में आने को कहा था

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। सोमवार की शाम से महिला रीना गायब हो गई थी। पति ने जब कुशलता लेने के लिए रीना का फोन लगाया तो उसने बताया था कि वह थोड़ी देर में आयेगी। जब घंटों तक रीना घर वापस नहीं आई तो परिजनों को चिंता सताने लगी। पति ने दोबारा फोन लगाया तो रीना का मोबाइल का स्विच ऑफ था। उसके बाद परिवार के लोगों ने रीना को तमाम स्थानों पर तलाश किया था।

### हसनपुर से हथियाखेड़ा कैसे पहुंची रीना

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। रीना की लाश के पास से मोबाइल गायब था तथा वही एक लिपस्टिक भी पड़ी हुई थी। पुलिस को रीना की हत्या का खुलासा करने के लिए बड़ी बारीकी से जांच करनी होगी। आखिर रीना हसनपुर से सात आठ किलोमीटर दूर गांव हथिया खेड़ा तक कैसे पहुंच गई।

### हसनपुर से हथियाखेड़ा कैसे पहुंची रीना

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। रीना की लाश के पास से मोबाइल गायब था तथा वही एक लिपस्टिक भी पड़ी हुई थी। पुलिस को रीना की हत्या का खुलासा करने के लिए बड़ी बारीकी से जांच करनी होगी। आखिर रीना हसनपुर से सात आठ किलोमीटर दूर गांव हथिया खेड़ा तक कैसे पहुंच गई।



गजरौला। कुम्भ मेले की तर्ज पर तिगरी गंगा मेले में लगे आकर्षक द्वार।

# आस्था की डुबकी, संस्कृति का सम्मान...

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। प्रशासन द्वारा तिगरी गंगा मेले को आकर्षक बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। तिगरी मेले में कुंभ की तर्ज पर स्वागत द्वार लगवाए जा रहे हैं, जिनपर लिखा स्लोगन **'आस्था की डुबकी, संस्कृति का सम्मान–तिगरी मेले में कीजिए दिव्य स्नान।'** पढ़कर श्रद्धालुओं के मन में आस्था हिलोरे ले रही है।

तिगरी गंगा मेले का इतिहास बहुत ही प्राचीन है। समय के साथ साथ मेले के स्वरूप में भले ही परिवर्तन आता रहा हो मगर गंगा मैया के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई। यही कारण है कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष आयोजित होने वाले

### तिगरी मेले में कीजिए दिव्य स्नान...

प्रसिद्ध तिगरी मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु कई कई दिन तंबु और डेरे लगाकर रहते हैं। इस मेले की महत्ता को देखते हुए ही उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे राजकीय मेला घोषित किया, जिसके बाद मेले के आयोजन के बजट में भी वृद्धि हुई और इस मेले का स्थान सरकारी अभिलेखों में और भी गहराई के साथ दर्ज हुआ। यही कारण है कि तिगरी गंगा मेले को आकर्षित बनाने के लिए प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर स्वागत द्वार लगवाए गए हैं। जिनपर अंकित स्लोगन और गंगा मैया का प्रतीकात्मक चित्र श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से भर रहा है। इसी के साथ ही तिगरी मेले के घाटों का नामकरण भी महापुरूषों और देवी–देवताओं के नाम पर किया जा रहा है। अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर का मॉडल भी मेले में बनवाया गया है तो वहीं काशी की तर्ज पर प्रतिदिन गंगा आरती का आयोजन भी मेले की महत्ता को बढ़ाएगा।

### तंवर ने कमाल के पिता के निधन पर दुख जताया



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कांठ विधायक कमाल अख्तर के पिता एवं उझारी नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन कामरेड नफीस उद्दीन के निधन पर दुख जताया। मंगलवार को सांसद कंवर सिंह तंवर उझारी पहुंचे जहां उन्होंने पूर्व मंत्री एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर से मिलकर उनके पिता की बीते दिन मौत पर दुख जताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कामरेड नफीस उद्दीन ईमानदारी की मिसाल थे। इस अवसर पर सरधना विधायक अतुल प्रधान, महेन्द्र खड़गवंशी, अशोक नागर, रामचन्द्र गुर्जर, चमन यादव, श्रीमति सरोज यादव, लोक.श सिंह, केपी गुर्जर, मोहित कुमार व विरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने रात में भ्रमण करके देखीं मेले की सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सोमवार की रात को तिगरी गंगा मेले की सुरक्षा

### सीसीटीवी के जरिए लगातार नजर रखने के दिए निर्देश

व्यवस्था देखी। ड्यूटी पर आए पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूर्ण सतर्कता के साथ रहें और श्रद्धालुओं के साथ नम्रता के साथ बात करके उनका मार्गदर्शन करें। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मेला क्षेत्र में की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं, पुलिस बल की ड्यूटी, पार्किंग, बैरियर, यातायात डायवर्जन, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तृत रूप से जायजा लिया गया। अधीनस्थों को भीड़ नियंत्रण, रात्रि सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, गुमशुदा बच्चों/वृद्धों की सहायता, एवं आकस्मिक स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया हेतु दिशा निर्देश दिए। मेले में तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता व संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। वहीं मंगलवार को दिन में भी एसपी ने कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के जरिए मेला क्षेत्र की गतिविधियां देखीं। कहा कि कंट्रोल रूम के माध्यम से मेले की गतिवधियों पर लगातार नजर रखी जाए, यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखती है तो संबधित सेक्टर और चौकी के पुलिस अधिकारी को सूचित करें।

### ड्रोन के द्वारा भी हो रही निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। तिगरी गंगा मेले में पुलिस ने अभेद सुरक्षा व्यवस्था का प्लॉन तैयार किया है। मेला क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी हो रही है। ड्रोन कैमरों से भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों व गंगा घाटों पर रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही हैए जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।



गजरौला। रात के समय मेला स्थल का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

# चार दरोगा समेत 12 पुलिस कर्मी सस्पेंड

## तिगरी मेले में ड्यूटी से मिले गैरहाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तिगरी मेले में ड्यूटी से नदारद मिले 12 पुलिस कर्मियों को एसपी ने निलम्बित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है।

बताते चलें कि तिगरी मेले को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मेला क्षेत्र के विभिन्न घाटों, सैक्टरों में शांति व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों की ड्यूटी चैकिंग की गयी तो इस दौरान रजबपुर थाने में तैनात दरोगा रामनिवास, हरवीर सिंह, नौगांवा सादात थाने के एसआई रामनिवास, मोहम्मद असलम व हेड कांस्टेबिल, रजबपुर के प्रवीण कुमार, नौगांवा सादात के सिपाही अवधेश कुमार, कांस्टेबिल विपिन कुमार, निखिल कुमार अमरोहा देहात, देहात शैलेन्द्र कुमार, राजन, आदमपुर के कपिल देव व यहीं के हमसफर अली गैरहाजिर मिलें जिस पर एसपी अमित कुमार आनन्द का पारा चढ़ गया। उन्होने गैरहाजिर मिले दरागाओं व पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तथा उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति कर दी। एसपी की बड़ी कार्रवाई से मेला ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों में हड़कम्प मच गया। एसपी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा से किसी तरह का समझौता नहीं किया जायेगा जो भी पुलिस कर्मी ड्यूटी में लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगा।

# मेले में श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार सहन नहीं होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि तिगरी गंगा मेले में प्रत्येक श्रद्धालु की

### पुलिस प्रशासन समन्वय बनाकर करे काम: नरेश

सुरक्षा व सुविधाओं के लिए पुलिस प्रशासन को ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह मेला लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। यदि किसी श्रद्धालु के साथ पुलिस प्रशासन ने मारपीट या अभद्रता की, तो किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। मेला प्रशासन अपना रवैया तुरंत बदले नहीं तो गंगा मेले पर संयुक्त मोर्चा आंदोलन करने को मजबूर होगा। कहा कि इस बार मेले में पुलिस का रवैया बहुत खराब है, वरिष्ठ अधिकारियों के समझाने के बाद भी पुलिस अपना रवैया



बदलने को तैयार नहीं है। यदि प्रशासन ने अपना रवैया नहीं बदला तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर मौजूद रहे राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी गिरेन्द सिंह, राष्ट्रीय सचिव चौधरी चंद्रपाल सिंह, राष्ट्रीय महासचिव चौधरी दलजीत सिंह, जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू, युवा प्रदेश अध्यक्ष तेजपाल सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। बताया कि मेले में शि. विर लगाकर किसान चौपाल लगाई जाएगी।

# शिक्षक के खाते से आठ लाख रुपये निकाले

## साइबर ठगों ने छह बार में निकाली रकम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। साइबर अपराधियों ने शिक्षक के खाते से आठ लाख रुपये निकाल लिए। धनराशि छह बार में निकाली गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रतापगढ़ जिले की तहसील पट्टी की पोस्ट सराय मधई के गांव बिरौती निवासी सुरेंद्र सिंह गांव शादपुर स्थित केपी इंटर कॉलेज में सहायक शिक्षक हैं। क्षेत्र में स्थित इंडियन बैंक की शाखा में उनका खाता है तथा वह कांठ रोड स्थित गांव पैगंबरपुर में एक किराए के मकान में रहते हैं। तहरीर के मुताबिक 30 सितंबर को सुरेंद सिंह के खाते से 23017, 620715 तथा 25692 रुपये, इसके बाद ठीक इसी तरह 2 अक्तूबर को 52511, 60914 तथा 16717 रुपये निकल गए। खाते से पैसे निकलने के बाद बैंक द्वारा भेजा गया अलर्ट मैसेज देख सुरेंद्र सिंह के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। हैरानी की बात ये है कि आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी के लिए साइबर अपराधियों ने न तो कोई कॉल की और न ही कोई लिंक भेजा। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। साइबर अपराधियों को जल्दी ट्रेस करते हुए पीड़ित की धनराशि को खाते में वापस ट्रांसफर कराया जाएगा।

# मन्दिर की सीढ़ियों से पर्स चुराने वाला पकड़ा

## आरोपी से दस हजार पांच सौ रूपये बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मंदिर की सीढ़ियों से पर्स चोरी कर भागने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से 10500 रुपये बरामद हुए हैं। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पुलिस ने आरोपी की पहचान की। अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट में मनोहर लाल का परिवार रहता है। उनके बेटे अजय के मुता. बिक 24 अक्तूबर की शाम उनकी मां चंद्रकांता मोहल्ले में ही स्थित मंदिर में पूजा करने गई थीं। चप्पल उतारते समय उन्होंने अपना पर्स सीढ़ियों पर रख दिया था। मंदिर में जाते समय वह पर्स उठाना भूल गईं और अंदर चली गईं। पर्स में 11 हजार रुपये थे। मंदिर की सीढ़ियों से एक युवक उनका पर्स उठाकर ले गया। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस तभी से युवक की तलाश में जुटी थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से जिसकी पहचान मुताहिर पुत्र अफसर अली निवासी मोहल्ला नल के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि आरोपी मुता. हिर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 10500 रुपये बरामद हुए हैं। आरोपी को अदालत में पेश किया गया था, रिमांड मंजूर होने पर जहां से उसे जेल भेज दिया गया



गजरौला। मेला कोतवाली में बने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी के माध्यम से मेले गतिविधियों को देखते पुलिसकर्मी।



गजरौला। तिगरी मेले में गंगा घाटों पर उमड़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़।



गजरौला। तिगरी मेले में दूर दूर तक नजर आते तम्बू और दुकानें।

# इलाहाबाद में पत्रकार की हत्या पर रामपुर के पत्रकारों में आक्रोश

- मुख्यमंत्री को लिखित एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन
- ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (इलाहाबाद) में पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ 'पप्पू' की निर्मम हत्या के खिलाफ पत्रकारों में गहरा रोष है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के मुरादाबाद-बरेली मंडल अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने सोमवार को रामपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

बरेली मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज और अन्य पत्रकारों ने कहा कि यह घटना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। उन्होंने प्रदेश सरकार से पत्रकार की हत्या की निष्पक्ष जांच, परिवार को आर्थिक सहायता और परि. जनों को सुरक्षा देने की मांग की। इस मौके पर बरेली मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला उपाध्यक्ष फवाद खान, कोषाध्यक्ष आजम खान, जिला उपाध्यक्ष अलीम खान, जिला उपाध्यक्ष इमरान खान बंटी, सदस्य रूप किशोर, सदस्य उस्मान खान आदि लोग शामिल रहे। गौरतलब है कि प्रयागराज में गुरुवार शाम एक होटल



के पास 54 वर्षीय पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ 'पप्पू' की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस वारदात के बाद पूरे प्रदेश में सनसनी फैल गई।

कौन थे पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह?

लक्ष्मी नारायण सिंह मूल रूप से गाजीपुर जिले के थाना सादात स्थित डहरमौवा-कौड़ा गांव के निवासी थे। वे पूर्व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक सिंह के भतीजे थे। उनके पिता आर.डी. सिंह, वायुसेना से सेवानिवृत्त थे। कोरोना काल में उनका निधन हो गया था। पत्रकार सिंह कई वर्षों से प्रयागराज के धूमनगंज स्थित अलका विहार कॉलोनी में पत्नी सरिता सिंह और बेटे के साथ रह रहे थे। साल 2005 में उन्होंने केबल डिश का कारोबार शुरू किया था, लेकिन घाटा होने के बाद यह व्यवसाय छोड़कर एक निजी समाचार चौनल से जुड़ गए थे।

पुलिस कार्रवाई में एक आरोपी घायल, एक फरार पुलिस के अनुसार, इस हत्या में विशाल और साहिल नामक दो व्यक्तियों के शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस ने मुठभेड़ में एक आरोपी विशाल को गोली लगने के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा आरोपी साहिल फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।पत्रकार समुदाय ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो राज्यभर में आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# आई आई ए आयोजित करेगा टूरिज्म एक्सपो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आई आई ए इंटरनेशनल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश मे टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए किए गए आवाहन पर 18-19 नवंबर को वाराणसी में टूरिज्म एक्सपो आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय पयर्टन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे। यह आयोजन अपने आप मे अनोखा एवं प्रथम आयोजन है। एक्सपो में हॉस्पिटैलिटी, होटल, टूरिज्म से जुड़ी इंडस्ट्री भाग लेंगी। एक्सपो में सम्पूर्ण देश से हेंडीक्राफ्ट से जुड़े उत्पादों भी प्रदर्शित किए जाएंगे। रामपुर से भी इस एक्सपो में उद्यमी भाग लेंगे एवं रामपुर के ओ डी ओ पी से जुड़े उत्पाद जरी जरदोजी, मेंथा से जुड़े उत्पादों का स्टाल लगाए जाएंगे। एक्सपो में रामपुर को उत्तराखड के चारधाम यात्रा द्वार के रूप में प्रचारित किया जाएगा।



रामपुर सभी ट्रेनों का स्टॉपेज भी है ,मैन लाइन है।यहां इसी दृष्टि से सरकार ने एक बड़ा चौराहा जीरो पॉइंट्स पर बनाया है। नुमाइश ग्राउंड में एक बड़ा समुदायिक केंद्र भी बनाया गया है जगह स्थानीय उत्पादो का प्रदर्शन होगा। इस से रामपुर टूरिस्ट रुकें ओर यहां के दर्शनीय स्थल देखें। इस से रामपुर के टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा ।यहां के जरी उद्योग को बढ़ाबा भी मिलेगा। टूरिज्म की ओर आकर्षण हेतु आई आई ए रामपुर चौप्टर के उद्यमिओं ने मुक्तेश्वर में एक मीटिंग की एवं एक्सपो को सफल बनाने हेतु मंथन किया। मंथन में रामपुर चौप्टर चेयरमैन श्रीष गुप्ता, संरक्षक एस के गुप्ता, रमेश अग्रवाल,विपिन कुमार, मनोज गुप्ता, अजय अग्रवाल ,मनोज गर्ग, दिलीप रस्तोगी, वी वी शर्मा, राम रक्ष पाल यादव, विनीत कुमार,दिग्विजय सिंह आदि उद्यमिओं ने मंथन किया।

# टाण्डा में अटल महोत्सव का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर से सटे ग्राम मोहनपुरा में आयोजित अटल महोत्सव का सोमवार की शाम मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजकुमार चौहान जिला उपाध्यक्ष सिचाई बंधु ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

स मौके पर उन्होंने कहा कि यह अटल महोत्सव मेला जनसाधारण के मनोरंजन और उत्सव का संगम है।

जहाँ आकर्षक झूले, सर्कस, खिलौने तथा खाने-पीने के अनेक स्टॉल लगे हुए हैं।इस अवसर पर उनके द्वारा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के विषय में उपस्थितजनों से चर्चा कर अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान किरन देवी, ग्रामप्रधान पति जयपाल सिंह,टांडा ग्रामीण के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष रो. हताश सिंह ,ग्राम प्रधान सतवीर सिंह,सचिन वर्मा ,प्रह्लाद, अरविंद सिंह चौहान, रामपाल सिंह चौहान,संजय ठाकुर, आशीष वर्मा , अरविंद दिवाकर,विक्की ठाकुर ,राजीव चौहान, हाजी शकील, सलीम कसगर ,हाजी अलीम, अल्ताफ,मेले कमेटी के अध्यक्ष शाहजेब आदि उपस्थित रहे ।

# पीपली वन में रात के अंधेरे में लकड़ी तस्करों ने खैर के पेड़ों को बनाया निशाना

- वन विभाग में मचा हड़कंप, वन विभाग के अधिकारी पीपली वन पहुंचे

**( सोनू अवस्थी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** थाना क्षेत्र के पीपली वन में रात फिर लकड़ी तस्करों ने 10 खैर के पेड़ों को निशाना बना लिया और काट कर ले गए सूचना पाकर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। पिपली बंद बचाओ एक्शन कमेटी अवैध कटान के विरोध में उतरकर भूख हड़ताल की चेतावनी दे चुकी है। सोमवार की दिन रात खैर तस्करों ने



बीट संख्या आर्य नगर अंबरपुर को जाने वाले रास्ते पर 10 खैर के पेड़ों को निशाना बनाकर काट लिया और लकड़ी साथ ले गए सुबह होने पर जब वन कर्मियों ने गश्त के दौरान अवैध कटान पाया तो उनको होश उड़ गए और इस मामले की सूचना वन विभाग के आलाधिकारियों को दी गई जिससे वन विभाग अफसरान में हड़कंप मच गया।

सूचना पाकर जिला वन अधिकारी प्रणव जैन समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं अवैध कटान देखकर वन अधिकारी के होश उड़ गए हैं और इस मामले में बीट के कई कर्मचारियों से जवाब तलब किया गया है। उधर पीपली बना बचाओ एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अहमद जान लगातार वन अधिकारियों को अवैध कटान की शिकायत कर रहे हैं लेकिन वन अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे क्षुब्ध होकर वन बचाओ एक्शन कमेटी ने भूख हड़ताल शीघ्र करने की चेतावनी दी है। उधर एसडीओ ओमप्रकाश राम ने बताया की अवैध कटान के मामले में जांच की जा रही है शीघ्र ही दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ लकड़ी तस्करों के खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# एक नफर वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सोमवार की रात्रि थाना मिलक खानम प्रभारी निशा खटाना के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 नफर वारंटी अभियुक्त दिलीप पुत्र भीमसेन निवासी मुस्तफाबाद खुर्द उम्र 22 वर्ष थाना मिलक खानम रामपुर को सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. अनुज कुमार, का. दिलीप कुमार, महिला कांस्टेबल बबीता पांडे आदि मौजूद रहे।

# अवैध प्लाटिंग पर आरडीए की कार्यवाही, बुलडोजर से ढहाया अवैध निर्माण

- डीएम और एसपी की मौजूदगी में हुई कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध प्लॉटिंग एवं अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत ग्राम ताशका में मोहम्मद हनीफ उर्फ राजू मुखिया द्वारा की जा रही अवैध कॉलोनी निर्माण गतिविधियों को ध्वस्त किया गया। मौके पर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र सहित प्राधिकरण की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मोहम्मद हनीफ उर्फ राजू मुखिया द्वारा नॉन जेड-ए भूमि पर आम नागरिकों को गुमराह कर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। इस पर तत्काल प्रभाव से



प्राधिकरण की टीम ने अवैध प्लॉटिंग और निर्माण को ध्वस्त कराया।

इसके अतिरिक्त मोहम्मद हनीफ उर्फ राजू मुखिया द्वारा ग्राम ताशका में अनधिकृत रूप से आवासीय भवन निर्माण भी किया गया है। इस प्रकरण की जांच प्राधिकरण द्वारा कराई जा रही है। यदि निर्माण कार्य नियम विरुद्ध पाया गया तो तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा क्षेत्र के सभी नागरिकों को निर्देशित किया गया है कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए। अनधिकृत निर्माणकर्ताओं को स्वयं अवैध कब्जा हटाने के लिए कहा गया है, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा सखह्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति बिना स्वीकृति के कॉलोनी या प्लॉटिंग कार्य प्रारंभ न करे तथा केवल रामपुर विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए जाने के पश्चात ही कॉलोनी विकसित की जाए।

ऊर्जा विभाग को भी निर्देश दिए गए हैं कि मोहम्मद हनीफ उर्फ राजू मुखिया के आवास पर प्रदत्त विद्युत कनेक्शन की वैधता की जांच की जाए और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

रामपुर विकास प्राधिकरण ने कहा है कि अनुशासित एवं नियोजित विकास सुनिश्चित करने के लिए अवैध प्लॉटिंग एवं अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# स्वदेशी केवल नारा नहीं बल्कि विकसित भारत की नींव है: देवेन्द्र चौधरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद के थूनापुर ग्राम पर स्थित इंपैक्ट कॉलेज में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत युवा सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने युवाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर देवेंद्र चौधरी ने कहा कि स्वदेशी केवल एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है।

यह प्राचीन काल से सनातन संस्कृति की हमारी जीवन पद्धति है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं से आह्वान किया कि इस समय से ही स्वदेशी को प्राथमिकता देने का संकल्प लें। सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फार द वर्ल्ड के मूलमंत्र को अपनाएं और इसे



आत्मसात करें।

स्वदेशी का संकल्प केवल आर्थिक मजबूती का साधन नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति हमारा प्रेम और समर्पण है। जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो न केवल देश की माटी से जुड़ते हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी आंदोलन ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी नई ऊर्जा का संचार किया था। उन्होंने कहा कि आज स्वदेशी का स्वरूप केवल खादी और दीयों तक सीमित नहीं है। यह ब्रह्मोस मिसाइल, तेजस विमान, सेमीकंडक्टर, डिजिटल इंडिया, यूपीआई जैसी तकनीक तक फैल चुका है।

कार्यक्रम में पिछड़ा राज आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पल, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, बैंक अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, जिला संयोजक मोहन कुमार लोधी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगपाल सिंह यादव, भारत भूषण गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अर्जुन रस्तोगी, कृष्ण अवतार लोधी, देवेंद्र चौधरी, कांता प्रसाद लोधी, ओम प्रकाश सैनी, लालता प्रसाद लोधी, ऋषभ ठाकुर, प्रशांत अग्रवाल, सरदार विक्रम सिंह आदि।

# खेलों की गूंज से गूंजा नगला उदयी

## माई भारत के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खेल और युवा शक्ति का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब जिला रामपुर के ब्लॉक मिलक के ग्राम नगला उदय में माई भारत , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को एक मंच प्रदान करने वाला कार्यक्रम साबित हुआ, बल्कि खेलों के माध्यम से सामाजिक एकता, अनुशासन और टीम भावना का सशक्त उदाहरण भी बना।

इस आयोजन का मार्गदर्शन माहे आलम, उप निदेशक (माई भारत) के दिशा-निर्देशन में हुआ, जबकि स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम का संचालन और समन्वय अरविंद राजपूत, रोहित श्रीवास्तव, पवन राजपूत, अक्षय राजप. ूत एवं सीमा राजपूत के सहयोग से किया गया। इन सभी ने आयोजन की योजना से लेकर मैदान की व्यवस्था और प्रतिभागियों के प्रोत्साहन तक प्रत्येक स्तर पर उत्कृष्ट भूमिका निभाई।

ग्राम नगला उदय के खेल मैदान में सुबह से ही उत्साह और जोश का वातावरण देखने योग्य था। युवा खिलाड़ी पूरे जोश और समर्पण के साथ विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेने पहुँचे। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, लंबी कूद तथा 100 मीटर



और 1500 मीटर दौड़ जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। दर्शकों की भारी भीड़ ने पूरे दिन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया, और मैदान देशभक्ति तथा एकता के नारों से गूंज उठा।

खेलों के परिणाम इस प्रकार रहे ख्र वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में पूर्णिया टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि खमरिया टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में चंदन ने शानदार गति से दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, सौरभ द्वितीय रहे और लक्ष्यवीर तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद (बालक वर्ग) में अंकित यादव ने प्रभावशाली छलांग लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, विनय ने द्वितीय और राजा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

बालिका वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नगला उदय टीम ने बेहतरीन टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रामनगर दतिया टीम ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में वंशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रिया द्वितीय और रिमझिम तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं लंबी कूद (बालिका वर्ग) में सृष्टि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, पायल द्वितीय और यीशु तृतीय स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर अपने प्रेरणादायक संबोधन में श्री माहे आलम ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं हैं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की एक जीवंत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि "स्वतंत्रता के बाद जब देश पुनर्गठन के दौर से गुजर रहा था, तब हमारे महान नेताओं ने एकता और अनुशासन को राष्ट्र की रीढ़ कहा था।

खेल इन्हीं दोनों मूल्यों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन हैं। मैदान में उतरने वाला हर खिलाड़ी केवल अपनी जीत के लिए नहीं खेलता, बल्कि वह अपने गाँव, अपने जनपद और अपने देश का प्रति. निधित्व करता है। खेल व्यक्ति में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, परिश्रम और टीम भावना का विकास करते हैं और यही तत्व एक सशक्त राष्ट्र की पहचान हैं।"

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाएँ और "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के विचार को व्यवहार में लाएँ। श्री माहे आलम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त माध्यम हैं, और माई भारत का उद्देश्य यही है कि हर गाँव का युवा खेल, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए।

कार्यक्रम का समापन विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत कर किया गया। खिलाड़ियों के चेहरे पर गर्व और आत्मविश्वास की चमक थी। आयोजन में सहयोग देने वाले अरविंद राजपूत, रोहित श्रीवास्तव, पवन राजप. ूत, अक्षय राजपूत एवं सीमा राजपूत को भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

ग्राम नगला उदय में आयोजित यह ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता न केवल खेल भावना का प्रदर्शन थी, बल्कि ग्रामीण युवाओं के आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता का उत्सव भी बनी। पूरे दिन मैदान में गूंजते नारे, युवाओं की उमंग और दर्शकों का उत्साह यह साबित कर रहे थे कि भारत का भविष्य उसके युवाओं के हाथों में सुरक्षित और सशक्त है।

# जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय पर व्यापारियों के साथ बैठक की और और जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज को लेकर एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट रामपुर को सौंपा। इस अवसर पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि कि व्यापार मंडल के द्वारा संघर्ष के बावजूद 600 बैड का मेडिकल कॉलेज शुरू नही हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखित रूप में रामपुर में 500 बैड का पूर्ण रूप से सरकारी मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय जनपद रामपुर में शुरू कराया जाना है।

इस संबंध में उपमुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में भी आदेश जारी किए गए थे मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से लाखों गरीब व्यापारी समाज दर-दर की ठोकरें खा रहा है। वहां जनता परेशान हो रही है जनपद रामपुर में 90 प्रतिशत मरीज गंभीर अवस्था में दिल्ली में व अन्य जनपदों में रेफर कर अधिकांश मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखित रूप में रामपुर में 500 बैड का पूर्ण रूप से सरकारी मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय जनपद रामपुर में शुरू कराया जाने



चाहिए। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में भी आदेश जारी किए गए थे। मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से लाखों गरीब व्यापारी समाज दर-दर की ठोकरें खा रहा है वहां जनता परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से शासकीय स्तर पर शुरू होना चाहिए ताकि गरीब आदमी का व्यापारी अपना इलाज जनपद रामपुर में ही करा सके। जिस पर पूर्व मे उपमुख्यमंत्री ने जल्दी मेडिकल कॉलेज शुरू करने का आश्वासन दिया। लेकिन लोग तड़प तड़प कर समय से इलाज न मिल पाने के अभाव में जबरन मौत के शिकार हो रहे हैं। उनसे हजारों परिवार बेघर हो चुके हैं अब इस प्रकार की स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही रामपुर जनता बर्दाश्त नहीं कर पा रही है मेडिकल कॉलेज शुरू होने के लिए समस्त संसाधन बिल्डिंग के हाल, अस्पताल की पुलिस चौकी, लिफ्ट समस्त संसाधन मौजूद है जिला प्रशासन उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से अनुमति प्राप्त होना व लागू होना शेष और बाकी बचा है इस अवसर पर नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, मंडल अध्यक्ष अब्दुल वासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, बाबू खान टायर वाले, गोपाल शर्मा, शाहिद खुसरो, मोहम्मद आसिफ, नजाकत अली, शाहिद खान, नूर अहमद, आमिर खान , सरदार मंजीत सिंह सिंपल, फहीम अहमद , मोहम्मद आसिफ, पुलकित अग्रवाल, संदीप शर्मा, नवाब युसूफ, एमपी पप्पू ,शाहिद खुसरो आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सम्पन्न हुई छठ पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** मंगलवार की सुबह भोर के समय ग्राम दण्डौल थाना घुघचियाई में सिद्ध बाबा मंदिर के पास दण्डौल पुलमें हजारों लोगों ने बड़ी आस्था और हर्षौल्लास से श्रद्धालुओं द्वारा छठ पूजा सम्पन्न हुआ। सोमवार की शाम को सूर्य अस्त के समय पर पूजा का शुभारंभ हुआ और मंगलवार की सुबह प्रभात भोर के समय पूजा का सम्पन्न हुई। छठ पूजा कार्यक्रम में शिवानंद यादव, शशिकांत यादव, रविकान्त, रजनी कान्त, विकास, राम निवास, पवन, प्रशांत, दिवांश, सिंधु देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी,सुनीता यादव,खुशी यादव आदि अन्य भक्त गण एवं ग्राम वासी मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने पटवाई में चल रहे आशीर्वाद अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पथरी की शिकायत कर दी है। जबकि मैंने कोई शिकायत नहीं की है।

**अरुण कुमार उर्फ अरुण सागर**
**पुत्र रामवीर**
**निवासी ग्राम नरखेड़ा पोस्ट**
**पटवाई जिला रामपुर ।**

# सड़क हादसे में युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के टियूलिया अंडरपास के ऊपर देर रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मगरासा गांव निवासी अभिषेक कुमार (27 वर्ष) पुत्र धर्मेंद्र कुमार अपने दोस्त राजा की बहन की शादी में शामिल होने के लिए फतेहगंज पश्चिमी के एक बैंक्वेट हॉल आया था। देर रात करीब 1:30 बजे वह सोने के लिए अपनी बुआ के घर परधोली गांव जा रहा था लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गया।बताया जाता है कि लखनऊ-रामपुर हाईवे पर टियूलिया अंडरपास के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आधार कार्ड के माध्यम से युवक की पहचान की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया तथा बाइक को थाने में खड़ा करा दिया। अभिषेक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था उसकी मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया।

# बरेली बवालः मौलाना तौकीर की न्यायिक हिरासत बढ़ी

■ **कोर्ट ने 11 नवम्बर तक बढ़ाई हिरासत, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई पेशी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बवाल के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा की न्यायिक हिरासत 11 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। वह फिलहाल फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में ही रहेंगे। मौलाना तौकीर बवाल से संबंधित 11 मुकदमों में आरोपी हैं।

मंगलवार को मौलाना तौकीर की सीजेएम कोर्ट सहित अन्य स्थानीय अदालतों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। उनके साथियों को बरेली जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया गया। सभी की न्यायिक हिरासत 11 नवंबर तक बढ़ाने का आदेश कोर्ट ने दिया है।

पुलिस ने कोर्ट में तर्क दिया कि मौलाना तौकीर रजा की जमानत से मुकदमों की विवेचना प्रभावित हो सकती है। पुलिस के अनुसार, अभी तक सभी मुकदमों के विवेचक मौलाना का बयान दर्ज नहीं कर पाए हैं, इसलिए उन्हें जमानत न दी जाए। वहीं, मौलाना के वकीलों ने बीमारी और स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उन्हें जेल से बाहर लाने की आवश्यकता बताई थी। कोतवाली में दर्ज पांच मुकदमों के विवेचक फतेहगढ़ जेल में जाकर मौलाना तौकीर रजा के बयान दर्ज कर चुके हैं। छठे मुकदमे में दो दिन बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। सोमवार को दो विवेचक बयान दर्ज कर लौटे। अब स्टेशन चौकी प्रभारी गौरव अत्री को वहां जाकर मौलाना तौकीर रजा के बयान दर्ज करने हैं। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि यह प्रक्रिया जारी रहेगी। यह बवाल 26 सितंबर को शहर में श्आई लव मोहम्मदश के समर्थन में मौलाना तौकीर रजा खां के बुलावे पर जुटी भीड़ के कारण हुआ था। पुलिस का दावा है कि भीड़ ने दुकानों और वाहनों में तोड़फोड़ की थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले दागने पड़े थे। पुलिस के मुताबिक, इस बवाल में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। घटना के बाद अलग-अलग थानों में पुलिस ने 11 मुकदमे दर्ज किए थे, जिनमें मौलाना तौकीर मुख्य आरोपी हैं।

## एक नजर

# मजार-मार्केट का गाटा संख्या से संबंध नहीं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पहलवान साहब की मजार और उससे सटे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को लेकर सदर तहसील प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट नगर निगम को सौंपी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस गाटा संख्या को आधार बनाकर कोर्ट में अपील की गई है, उसका मजार और मार्केट से कोई संबंध नहीं है।

**तहसील प्रशासन ने नगर निगम को सौंपी रिपोर्ट**

नगर निगम प्रशासन का कहना है कि यह मजार और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निगम के दस्तावेजों में सड़क और नाले का हिस्सा है। 14 अक्टूबर को अपर नगर आयुक्त ने उप जिलाधिकारी सदर को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी थी। शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद नगर निगम ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को सील कर दिया था। इसके बाद अतिक्रमणकारियों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर मजार व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को मकरंदपुर सरकार के गाटा संख्या 39 और 40 पर स्थित बताया था, जो कब्रिस्तान के रूप में दर्ज हैं। सदर तहसील ने गाटा संख्या 39, 40, 41 और 42 की विस्तृत रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार, गाटा संख्या 39 और 40 का संबंधित मजार व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से कोई लेना-देना नहीं है। यह मामला 26 सितंबर को शहर में हुए बवाल के बाद शुरू हुआ था, जब आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां और उनके करीबियों पर कार्रवाई की गई। नगर निगम ने पहलवान साहब की मजार के पास बनी मार्केट को सील किया था, क्योंकि निगम के अनुसार यह मार्केट नाले पर अतिक्रमण कर बनाई गई थी। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि नगर निगम ने कोर्ट में पेश किए गए गाटा संख्या के संबंध में सदर तहसील से रिपोर्ट मांगी थी, जो अब प्राप्त हो गई है। उन्होंने पुष्टि की कि मजार और मार्केट का कोर्ट में दाखिल गाटा संख्या से कोई संबंध नहीं है।

# बिना मान्यता चल रहे विद्यालयों को बीईओ ने जारी किया नोटिस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ब्लॉक रिछा (दमखोदा) में बिना मान्यता चल रहे विद्यालयों पर महकमे की नजरें टेढीं हो गई हैं। ऐसे विद्यालयों को खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ने नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है, और संचालन बंद न होने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की चेता. वनी दी गई है।

■ **संचालन बंद न करने पर एफआईआर कराने की दी चेतावनी**

ब्लॉक रिछा (दमखोदा) में काफी समय से बिना मान्यता विद्यालय संचालित होने की जानक. ारी मिल रही थी, पूर्व में काई बार चेताया भी जा चुका है, मगर अमान्य विद्यालयों का संचालन बंद नहीं हुआ।, अब आला अफसरों की सख्ती के बाद बीईओ एक्शन मूड में आ गए हैं। बिना मान्यता चल रहे डाक्टर भीमराव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल पिपरा नानकार, इंडियन पब्लिक स्कूल गरगय्या, डी आर ग्लोबल एकेडमी बांसबोझ, मदरसा फैजाने उलूम जोखनपुर, एमजीआर देवरनियां, मदरसा अरबिया मदीनातूल मुंडिया जागीर, शिवा पब्लिक स्कूल सिंतरा, ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल चुरैली, गीतांजलि पब्लिक स्कूल गरगय्या के संचाल. कों को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है, और संचालन बंद न होने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा मान्यता से इतर (ऊपर) कक्षाएं चलाने वालों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। उल्लेखनीय रहे ऐसे ही विद्यालयों के कारण बेसिक विद्यालयों में बच्चों का ग्राफ गिर रहा है। बीईओ जगदीश कुमार ने बताया कि अमान्य विद्यालयों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें तीन दिन में जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिन बेटों के लिए जिंदगी की कुर्बान उन्हीं ने पैसे छीनकर घर से किया बेघर



■ **एसएसपी के आदेश पर पुलिस पर मुकदमा लिखने से पहले तहरीर बदलने का आरोप**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एक बुजुर्ग पिता ने अपने बेटों और बहुओं पर मारपीट कर पैसे छीनने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस पर भी तहरीर बदलने का गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य से न्याय की गुहार लगाई है।

फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव अगरास निवासी आशिक हुसैन ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके दो बेटे सज्जाद हुसैन और सादिक हुसैन ने अपनी पत्नियों खुशबू और रबीना के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उनसे 367 रुपये भी छीन लिए गए। आशिक हुसैन के अनुसार, थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन थाना पुलिस ने उन्हें गुमराह कर तहरीर बदलवा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि दर्ज रिपोर्ट में रुपये छीनने की धारा नहीं बढ़ाई गई है, जिससे पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

आशिक हुसैन ने बताया कि वे और उनकी पत्नी इस्लामन बुजुर्ग हैं, और इस घटना के बाद सड़क पर रहने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। बुजुर्ग आशिक हुसैन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अपील की है कि उनके बेटों और बहुओं के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट में 367 रुपये छीनने से संबंधित धारा को जोड़ा जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

## मुकदमा दर्ज करने से पूर्व पुलिस ने बदलवाई तहरीर

बुजुर्ग आशिक हुसैन ने बताया कि घटना के बाद पहले फतेहगंज पश्चिमी थाने में तहरीर दी, लेकिन उसमें पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कार्रवाई न होने पर दंपति ने एसएसपी के यहां पहुंचकर गुहार लगाई थी, जिसके बाद थाना पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज करने से पूर्व उनकी तहरीर बदलवा दी, और उनको यह समझा दिया कि तहरीर से जो बिन्दु हटवाया जा रहा है उससे कोई दिक्कत नहीं है।

## मुकदमा खत्म कराने का दबाव बना रहे चारों आरोपी

बुजुर्ग दंपति आशिक हुसैन और इस्लामन ने बताया कि चारों आरोपी बेटे सादिक हुसैन व सज्जाद हुसैन और उनकी पत्नियां रबीना व खुश्बू मुकदमा वापस लेने का लगातार दवाब बना रहे हैं, मगर पुलिस इसमें कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसलिए आरोपियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। बुजुर्ग दंपति ने बताया कि चारों आरोपी मुकदमा वापसी न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## दोनों बेटों पर अवैध धंधा करने का आरोप

बुजुर्ग दंपति ने बताया कि आरोपी सज्जाद हुसैन और सादिक हुसैन मिलकर अवैध धंधे का बहुत बड़ा कारोबार करते हैं, वह कहते हैं कि हमारे पास बहुत पैसा है, नेता लोगों में हमारी बहुत पकड़ है, पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती, क्योंकि हम नेताओं और पुलिस में खूब पैसा खर्च करते हैं। हमारे लोग रोजाना पुलिस के साथ उठते बैठते रहते हैं, जो हमारे खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है उसमें हमने पुलिस से पूरी सैटिंग कर ली है, अब हमारा कुछ नहीं होगा।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व छठ का हुआ समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ मंगलवार सुबह छठ पूजा के महापर्व का समापन हो गया। व्रती महिलाओं ने तड़के पांच बजे उगते सूरज को अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया। 36 घंटे तक चले व्रत का समापन हुआ। जिले के तमाम घाटों पर व्रती महिलाओं का तांता लगा रहा।

**घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना**

इससे पहले छठ पूजा महापर्व के तीसरे दिन सोमवार की शाम व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रतियों ने संतान की रक्षा, दीर्घ आयु और घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद हवन-पूजन होगा। पारण कर व्रती व्रत तोड़ेंगे। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के श्री शिव शक्ति पीठ मंदिर में छठ पूजा के लिए घाट बनाए गए थे। समूह में महिलाएं च ही बांस की बहंगिया, बहंगी लचकत जाए..., केलवा के पात पर उगले सूरज देव..., ए हो दीनानाथ... समेत अन्य कई पारंपरिक गीत गाते हुए घाटों पर पहुंचने लगीं। अपराह्न तीन बजे से ही श्रद्धालुओं ने टोकरी छाज और छबड़ों में (इन्हें दउरा भी कहते हैं, जो बांस के बने होते हैं) ठेकुआ, चावल, फल, गोला, नारियाल, अननास, सेब, गन्ना, नीबू, कंदमूल फल, हल्दी, केले, पकवान आदि सामान लेकर घाट पर पहुं. चना शुरू कर दिया। व्रतियों ने नदी में खड़े होकर छठी मईया और सूर्यदेव की आराधना की। सूर्यास्त आरंभ होते ही श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सराबोर होकर अर्घ्य देना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने देवरनियां नदी, इज्जतनगर रेलवे कॉलोनी, रामगंगा घाट, नकटिया और रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में बने घाटों पर छठ पूजा की।

# डबल टेकर बस हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई, तीन मजदूरों की मौत, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नवाबगंज से जयपुर के लिए चलने वाली डबल टेकर बसें लगातार सरकारी नियमों को ठेंगा दिखाकर संचालित हो रही हैं। ये बसें छत व डिग्गी में सवारियों के घरेलू सामान व भारी-भरकम पार्सल लादकर न केवल यात्रियों की जान जोखिम में डालती हैं, बल्कि जीएसटी चोरी कर अवैध रूप से माल ढुलाई भी करती हैं।

इसी तरह मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे पीलीभीत के पूरनपुर से लेवर लेकर जयपुर जा रही एक डबल टेकर बस मनोहरपुर थाना क्षेत्र (जयपुर) में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। लाइन की चपेट में आते ही बस की छत पर रखे घरेलू सामानख्रबाइक, साइकिल, गैस सिलेंडर आदि में अचानक आग लग गई, आग ने कुछ ही समय में भीषण रूप ले लिया। बताया जाता है कि बस में सवार अधिकांश लोग पीलीभीत जिले की तहसील पूरनपुर के थे जो ईंट-भट्ठों पर काम करने वाले मजदूर बताए जा रहे हैं। इस हादसे में तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई, जिनकी पहचान नसीम (50 वर्ष) पुत्र अली हुसैन पीलीभीत, सहीनम (20 वर्ष) पुत्री नसीम, पीलीभीत, एक तीसरा मृतक जिसकी पहचान नहीं हो सकी। इस हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्री झुलसकर घायल हो गए थे जिन्हें जयपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में मनाया गया छठ पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा जिले की एक मात्र किसान सहक. ारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर किसान सहकारी चीनी मिल परिसर में रहने वाले परिवारों की महिलाओं समेत अन्य महिलाओं ने मिल परिसर में छठ पूजा की। घाट बनाया गया, जिसे पूजा के दौरान घाट को केले, दीपों से सजाया गया। इसमें मिल प्रबंधन ने पूर्ण सहयोग दिया।

# डीआईजी ने नशे के सौदागरों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

■ **बरेली रेंज के चार जिलों में 15 दिन चलेगा विशेष अभियान**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली रेंज के चारों जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने इस संबंध में रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किए हैं। यह अभियान नशे के बड़े सौदागरों पर शिकंजा कसने पर केंद्रित होगा।

डीआईजी ने बरेली में पुलिस विभाग की रेंज स्तरीय समीक्षा गोष्ठी के दौरान ये निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल छोटे तस्करों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति न की जाए, बल्कि बड़े तस्करों को गिरफ्तार कर नशे के कारोबार पर प्रभावी लगाम लगाई जाए। उन्होंने गंगा स्नान और अन्य पर्वों पर भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

डीआईजी साहनी ने अपराधियों और नशा माफिया पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने वांछित और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने तथा लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने पर जोर दिया। बैठक में महिला उत्पीड़न, दहेज हत्या, पॉक्सो, हत्या, लूट, नकब. जनी और वाहन चोरी जैसे गंभीर मामलों की भी समीक्षा की गई।

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए डीआईजी ने ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने और इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस में सही जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने की चेतावनी भी दी।

पंचायत चुनाव के मद्देनजर डीआईजी ने गांवों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस समीक्षा बैठक में बरेली के एसएसपी अनुराग आर्य के साथ-साथ बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत जिलों के पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे।

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की ली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक तथा दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चल रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत संचारी रोगों से बचाव हेतु आवश्यक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बैठक में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह एक वायरल जूनोटिक रोग है जो क्यूलेक्स मच्छर द्वारा फैलता है और इसके कारण मस्तिष्क की सूजन होती है। यह वायरस सूअरों, पक्षियों और कुछ अन्य जानवरों में मौजूद रहता है और संक्रमित मच्छर के काटने से मनुष्यों में फैलता है। इस रोग की रोकथाम के लिए टीकाकरण, मच्छर भगाने के तरीके और जागरूकता महत्वपूर्ण हैं। सुअर को जब मच्छर काटता है और उसके बाद वह मच्छर बच्चों को भी काटता है तो जेई से प्रभावित कर सकता है।



**नगरीय क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के दिए गए निर्देश**

वर्ष 2025 में जापानी इंसेफेलाइटिस का एक केस चिन्हित हुआ है, इसलिए साफ-सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव, झाड़ियों की कटान, सुअर बाड़े को आबादी क्षेत्र से दूर रखना आदि उपाय अपनाने जाएं, जिससे संचारी रोग का प्रभाव ना हो। बैठक में निर्देश दिए गए कि अंतर विभागीय समन्वय बढ़ाए जाए तथा जेई का वैक्सीनेशन प्रभावी तरीके से कराया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि अभियान के दौरान आशाओं द्वारा डोर टू डोर सर्वे में अच्छा कार्य किया गया है, फरीदपुर में कुछ कम है। बैठक में जिलाधिकारी ने नामित नोडल अधिकारियों से ग्रामों के निरीक्षण के बारे में जानकारी ली कि किन-किन अधिकारियों द्वारा ग्रामों का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। विकासखंड मझगवां के चकबंदी अधिकारी द्वारा दी गयी रिपोर्ट में एडीओ पंचायत से कार्य के बारे में जानकारी ली गयी, जिलाधिकारी एडीओ द्वारा दी गयी जानकारी से असंतुष्ट रहे और सख्त निर्देश दिए कि कार्य को प्रभावी तरीके से धरातल पर कराया जाए।

# धान की धीमी गति से हो रही खरीद से लगी लम्बी लाइन, प्रशासन बेखवर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र की उपमंडी स्थल पर लगे धान क्रय केंद्रों पर धान की हो रही धीमी गति की खरीद से मंडी के बाहर किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों की लम्बी लाइन लग गई है। धान खरीद केंद्रों पर चल रही इस कछुआ चाल की खरीद से जिले के साथ ही स्थानीय प्रशासन भी बेखबर है।

शासन के आदेशों पर जिला प्रशासन ने तहसील क्षेत्र में 17 धान खरीद क्रय केंद्र खोले हैं, जिनमें 16 केंद्र क्षेत्र की उपमंडी स्थल में खोले गए हैं, जबकि एक धान खरीद केंद्र क्षेत्र के गांव परसरामपुर में खोला गया है। सरकार ने धान का मूल्य कामन धान का 2369 और ग्रेड ए का मूल्य 2389 निर्धारित किया है। एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू किए जाने के आदेशों पर क्षेत्र में धान की खरीद एक सप्ताह बाद शुरू हो सकी थी। लेकिन धान में खासी नमी होने की वजह से इसकी तुलाई नहीं हो सकी। वरिष्ठ विपणन अधिकारी अरविंद कुमार राठी की बार-बार अपील किए जाने के बाद भी मंडी स्थल पर धान सूखा नहीं आया, जिसपर किसानों ने अपना धान मंडी स्थल पर ही सुखाना शुरू कर दिया। जैसे-जैसे किसान द्वारा धान मंडी में खुले धान खरीद केंद्रों पर लाना शुरू किया वैसे-वैसे खरीद केंद्र प्रभारियों की भी धड़कनें बढ़ गईं। मौजूदा समय में बड़ी संख्या में किसान अपना धान लेकर मंडी स्थल पर पहुंचे हुए हैं, और अपना धान सुखाकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को ट्रैक्टर ट्राली से धान लेकर आने वालों की एक बड़ी लाइन मंडी गेट के बाहर लगी मिली। किसानों ने बताया कि अन्दर मंडी से अनुमति मिलने के बाद ही उनकी ट्रैक्टर ट्राली को प्रवेश मिल सकेगा।

# डीएम ने की फार्मर रजिस्ट्री एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री एवं सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व सम्बन्धी पैरामीटर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति पीछे होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने पंचायत सहायक, जनसेवा केन्द्र प्रभारियों को लगाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की तहसील व विकासखण्ड वार प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में गन्ना मूल्य भुगतान, नमामि गंगे, कृषि दुर्घटना, बीमा योजना, आरसी वसूली, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, कृषि, वन, खनन, सिंचाई, आबकारी आदि विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी, जिसपर सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि बजट के अभाव में रैंक खराब है। बैठक में राजस्व वादों के अन्तर्गत धारा-116 व 124 के वादों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए साथ ही धारा-67 व 34 के वादों का भी निस्तारण करने के निर्देश दिए एवं ई-खसरा के समस्त प्रकरण समाप्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी(वित्त/ राजस्व) संतोष कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# नबंर-1 पर बरकरार मंधाना

## आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना ने 828 अंकों के साथ अपना दबदबा और मजबूत कर लिया

**दुबई, वार्ता।** भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपना दबदबा और मजबूत कर लिया है। मौजूदा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने 828 अंकों के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रनों की पारी की बदौलत महिला वनडे क्रिकेट में नंबर 1 बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद शतक की बदौलत छह पायदान चढ़कर दूसरे (731) स्थान पर पहुंच गईं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट 90 और 31 रनों की पारी की बदौलत दो पायदान की छलांग के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गईं। यह भारतीय सलामी बल्लेबाज के लिए एक शानदार प्रदर्शन है, जिन्हें विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए सितम्बर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया था। इस बीच, इंग्लैंड की एमी जोन्स चार पायदान चढ़कर नौवें (656) स्थान पर पहुंचकर शीर्ष 10 में शामिल हो गईं, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने शीर्ष 40 में सबसे बड़ी छलांग लगाते हुए 16 पायदान चढ़कर 16वें (613) स्थान पर पहुंच गईं। चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगी प्रतीका रावल, 564 की रेटिंग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं, हालांकि लेग स्पिनर अलाना किंग के रूप में एक नई प्रतिद्वंद्वी दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए हैं। किंग अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान ऊपर पहुंच गई हैं, और टीम की साथी एश्ले गार्डनर को एक स्थान नीचे तीसरे (689) पर खिसकना पड़ा है। पाकिस्तान की नशरा संधू ने बाएं हाथ की ऑर्थोडॉक्स स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि तेज गेंदबाज मारिज़ैन काप और एनाबेल सदरलैंड भी एक स्थान की छलांग लगाकर क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं। लेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स की एक और प्रतिपादक, लिसे स्मिथ इस हफ्ते सबसे ज़्यादा आगे बढ़ीं और 24 स्थान ऊपर चढ़कर 36वें (444) स्थान पर पहुंच गईं। ऑलराउंडर रैंकिंग में, गार्डनर ने शीर्ष स्थान (रेटिंग 503) पर अपनी पकड़ बनाए रखी, जबकि कैप 422 रेटिंग के साथ वेस्टइंडीज की हेली को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

# 18 नवम्बर से शुरू होगा अबू धाबी टी-10



**नई दिल्ली, वार्ता।** अबू धाबी टी-10 18 नवम्बर से शुरू होकर 30 नवम्बर, 2025 तक चलेगा। इस तेज-तर्रार क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग दो हफ्ते तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिसमें खेल के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे।

सीजन के शुरुआती मैच में क्वेटा क्वालीफायर का सामना नॉर्दर्न वॉरियर्स से होगा, जिसके बाद गत विजेता डेक्कन ग्लेडिएटर्स और दिल्ली बुल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला होगा। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जहां प्रत्येक टीम लीग चरण के दौरान प्रत्येक टीम से भिड़ेगी।

ग्रुप मैचों के बाद, अंक तालिका में शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंच जाएंगी। प्लेऑफ चरण 29 नवम्बर, 2025 को क्वालिफायर 1 के साथ शुरू होगा, जिसमें लीग चरण की शीर्ष दो टीमें हिस्सा लेंगी।

इस मैच का विजेता फाइनल के लिए जगह बनाएगा, जबकि हारने वाली टीम को क्वालिफायर 2 में एक और मौका मिलेगा। उसी दिन, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में भिड़ेंगी। इस मैच का विजेता क्वालिफायर 2 में जाएगा, जबकि हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी। क्वालिफायर 2, जो 30 नवम्बर, 2025 को निर्धारित है।

खेल विशेष

# अगर आप देश के लिए खेलना चाहते हो, तो इसमें गलत क्या है: शमी

**कोलकाता, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में गुजरात के खिलाफ धाकड़ प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर से भारतीय टीम का दरवाज़ा खटखटाया है। शमी ने गुजरात के खिलाफ बंगाल की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाते हुए पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में पांच विकेट लिए हैं। अब शमी के इस सीजन में दो रणजी मैचों में 15 विकेट हो गए हैं। बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी का यह मुकाबला 141 रन से जीता। मैच के बाद जब शमी से एक बार फिर भारतीय टीम में उनके चयन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यह मेरा कमबैक मैच था। मैं अच्छी लय में हूं और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहा हूं। फिर जैसे ही शमी से भारतीय टीम के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने हंसते हुए कहा, ष्यह सवाल तो आना ही था। शमी ने कहा कि अगर आप अपने देश की सेवा करना चाह रहे हों तो इसमें क्या गलती है। जब इंजरी के बाद वापसी की सोचते हैं तो खुद को प्रूव करने की कोशिश करते हैं। उसके लिए आपको अच्छा प्रदर्शन करना पड़ता है और अच्छी लय में होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वैसे ही (चयन के बारे में दिए गए बयान को लेकर) मैं हमेशा कंट्रोवर्सी में रहता हूं। मुझे विलेन बना दिया गया है। (हंसते हुए) आज के जमाने में सोशल मीडिया ऐसी है कि बात का मतलब कहां से कहां पहुंच जाता है। लेकिन अच्छा प्रदर्शन करना ही मेरा काम है। जहां मौका मिलेगा, अच्छा करने की कोशिश करूंगा। बाकी ऊपर वाले की मर्ज़ी है। बंगाल मेरा घर है। जितने मैच खेल सकूंगा, वो मेरे लिए एक अच्छी याद की तरह होंगे। यह मेरा किसी भी तरह से कोई कमबैक मैच नहीं था। अगर आप यह पिछले साल बोलते तो मुझे समझ में आता।

# रणजी ट्रॉफी के तीसरे राउंड में मुंबई के लिए खेलेंगे जायसवाल

- **यशस्वी जायसवाल ने अपनी उपलब्धता मुंबई चयन समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल को बता दी**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल 1 नवम्बर से शुरू हो रहे अगले दौर के रणजी ट्रॉफी 2025-26 मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। मुंबई की टीम इस दौर में जयपुर में राजस्थान के खिलाफ एलीट ग्रुप डी मुकाबला खेलेगी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद जायसवाल ने द. अफ्रीका के खिलाफ 14 नवम्बर से कोलकाता में शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले खुद को मैच फिट रखने की इच्छा जताई है। यह बीसीसीआई के उस निर्देश के अनुरूप है जिसमें सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को उपलब्ध होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, जायसवाल ने अपनी उपलब्धता मुंबई चयन समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल को बता दी है। पाटिल और उनकी चयन समिति मंगलवार को समाप्त हो रहे वर्तमान दौर के बाद राजस्थान के खिलाफ मैच के लिए टीम का चयन करेंगे।

अगर जायसवाल खेलते हैं तो यह मई में टीम के प्रति पुनः प्रतिबद्धता जताने के बाद मुंबई के लिए उनकी वापसी होगी। उन्होंने पहले गोवा के लिए एनओसी मांगा था। उन्होंने आखिरी बार मुंबई के लिए जम्मू-कश्मीर के खिलाफ बीकेसी ग्राउंड पर खेले गए ग्रुप मैच में हिस्सा लिया था। ये वही मैच था जिसमें रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चर्चित रणजी वापसी की थी।

# भारत के वर्चस्व की पहली टी-20 परीक्षा कैनबरा में

- **कैनबरा में 1 साल के शानदार प्रदर्शन से बने आत्मविश्वास के साम्राज्य की रक्षा करने के लिए पहुंच रहा है भारत**



**कैनबरा, वार्ता।** क्रिकेट, जो सबसे अप्रत्याशित निश्चितताओं में से एक है, एक बार फिर संयम और समय की परीक्षा के रूप में सामने आ रहा है। टी-20 वर्चस्व के शिखर पर सवार भारत, कैनबरा में केवल एक मैच खेलने के लिए नहीं, बल्कि एक साल के शानदार प्रदर्शन से बने आत्मविश्वास के साम्राज्य की रक्षा करने के लिए पहुंच रहा है।

आंकड़े कहानी को और पुष्ट करते हैं: एशिया कप में अजेय, टी-20 विश्व चैंपियन का ताज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पिछले छह में से पांच मुकाबलों में अजेय। लेकिन असली कहानी तब शुरू होती है जब कैनबरा के ठंडे आसमान के नीचे गेंद स्विंग करती है और मनुका ओवल के प्रशंसक उस पुरानी ऑस्ट्रेलियाई धुन को गुनगुनाने लगते हैं - ष्हम घर पर कभी नहीं हारते। सूर्यकुमार यादव एक ऐसी टीम का नेतृत्व करते हैं जो भारत के नए क्रिकेटिंग मूड का प्रतिबिंब लगती है। अधीर, अभिव्यंजक और अराजकता से बेखौफ। अभिषेक शर्मा, बगावत से भरी कलाई वाले बालक, तिलक वर्मा अपनी शांत अवज्ञा के साथ, और शुभमन गिल, सफ़ेद कपड़ों के कवि से पावर-हिटर बने - ये सभी भारतीय बल्लेबाजी के बदलते चेहरे का प्रतिनिधित्व करते हैं। और फिर आते हैं जसप्रीत बुमराह, भारत के शांत वज्र। उनके स्पेल ने तेज गेंदबाज़ी की भाषा को नए सिरे से लिखा है। न्यूनतम, सटीक, क्रूर रूप से सुंदर। अगर वह दूधिया रोशनी में लय हासिल कर लेते हैं, तो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खुद को एक लंबी शाम के चिंतन में डूबा हुआ पा सकते हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया परिचितता और असहजता के एक अजीबोगरीब मिश्रण के साथ आ रहा है। मिचेल मार्श, जो ताकत और बोझ दोनों ढोते हैं, जानते हैं कि उनके खिलाड़ियों में ताकत है - ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड - लेकिन शायद रहस्य नहीं। और एडम जम्पा की चतुराई के बिना, उनकी स्पिन की अलमारी उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा खाली दिखती है। पिच दोनों पक्षों को परेशान करेगी।

एक ऐसी सतह जो शुरुआत में उछाल, बीच में धैर्य और इंतज़ार करने वालों के लिए इनाम देती है। मौसम अपनी शरारतें कर सकता है, बारिश रणनीति को सहज ज्ञान में बदलने की धमकी दे रही है। टॉस, हमेशा की तरह, अनदेखा बारहवां खिलाड़ी बन सकता है।

# होप, पॉवेल और गेंदबाजों ने विंडीज को 16 रनों से दिलाई जीत

- **बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में शाई होप ने 46 और पॉवेल 44 ने शानदार पारी खेली**



**चटगांव, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 16 रनों की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। कप्तान शाई होप (46) और रोवमैन पॉवेल (44) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मेहमान टीम ने 3 विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर बांग्लादेश को 19.4 ओवर में 149 रनों पर ऑल आउट करके इस स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए, विंडीज के बल्लेबाजों ने सतर्क शुरुआत की और पहले दो ओवरों में केवल छह रन ही बना पाए। एलिक अथानाज़े को दो बार जीवनदान मिला - पहला तब जब बांग्लादेश ने उन्हें डायरेक्ट हिट से रन आउट करने का मौका गंवा दिया और फिर जब उनका गलत शॉट सर्कल के ठीक बाहर सुरक्षित रूप से जा गिरा।

तस्कीन अहमद अपने दूसरे ओवर में बेकाबू साबित हुए और उन्होंने तीन वाइड फेंकी और तीन चौके खाए जिससे वेस्टइंडीज को शुरुआत में ही बढ़त मिल गई। सलामी बल्लेबाजों ने 59 रनों की साझेदारी की, लेकिन नौवें ओवर में रिशाद हुसैन की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में अथानाज़े बोल्ड हो गए। वेस्टइंडीज ने अगले दोनों ओवरों में एक-एक छक्का लगाया, जिसके बाद मुस्तफिजुर रहमान ने एक कड़ा ओवर फेंका। इसके बाद मेहमान टीम को दोहरा झटका लगा जब तस्कीन ने 13वें ओवर में लगातार गेंदों पर ब्रैंडन किंग और शेरफेन रदरफोर्ड को आउट कर दिया।

# ओलंपियाड की बोली लगाने और विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा होगी

**चेन्नई, वार्ता।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की गोवा में होने वाली बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक में कुछ विवादास्पद मुद्दों के अलावा, 2030 शतरंज ओलंपियाड की भारत द्वारा मेजबानी और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। आमतौर पर, एआईसीएफ की वार्षिक आम बैठक जून में होती है, लेकिन इस बार यह 30 अक्टूबर को गोवा में होगी, जहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। पता चला है कि लेखापरीक्षित खातों को वार्षिक आम बैठक की सूचना और कार्यसूची के साथ सदस्यों को वितरित नहीं किया गया है। कार्यसूची के विषयों में से एक 2030 शतरंज ओलंपियाड और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए रुचि पत्र आमंत्रित करना है।

# अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियन बने सुजीत

**सर्बिया, वार्ता।** भारतीय पहलवानों ने सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में एक शानदार अभियान का समापन किया और कुल नौ पदक - एक स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य - जीते। पुरुष और महिला फ्रीस्टाइल तथा ग्रीको-रोमन कुश्ती में 10-10 भार वर्गों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिसमें भारत ने पुरुषों के फ्रीस्टाइल 125 किग्रा को छोड़कर प्रत्येक वर्ग में एक एथलीट को शामिल किया। दुनिया भर के लगभग 700 पहलवानों ने सर्बियाई शहर में प्रतिस्पर्धा की। सुजीत कलकल ने कल पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को विजयी अंत दिलाया। सुजीत ने अंतिम मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जलोलोव, जो सीनियर विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पूर्व अंडर-20 चैंपियन हैं, पर 10-0 से जीत हासिल की। उनकी जीत अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के आठ संस्करणों के इतिहास में भारत का चौथा स्वर्ण पदक है। अमन सेहरावत (पुरुष 57 किग्रा) ने 2022 में पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि 2023 में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के ध्वज तले प्रतिस्पर्धा करने वाली रीतिका हुड्डा ने 2023 संस्करण में महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। पिछले साल अल्बानिया के तिराना में आयोजित चैंपियनशिप में चिराग चिक्कारा ने पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। इस वर्ष के संस्करण में कुल मिलाकर, भारतीय पहलवानों ने एक स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक हासिल किए। इससे पहले, विश्वजीत मोरे ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में ग्रीको-रोमन 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला। यह अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में उनका लगातार दूसरा कांस्य पदक है, इससे पहले उन्होंने 2024 में भी ऐसा ही किया था। पूर्व अंडर-20 विश्व चैंपियन प्रिया मलिक ने 76 किग्रा वर्ग में महिलाओं का पहला फ्रीस्टाइल पदक-एक कांस्य-जीता। एशियाई अंडर-20 चैंपियन नेहा शर्मा ने भी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक अपने नाम किया।



- **सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को विजयी अंत दिलाया**

# इंग्लैंड को सेमीफाइनल से पहले सोफी के ठीक होने की उम्मीद



**गुवाहाटी, वार्ता।** इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन के एमआरआई स्कैन से पता चला है कि उनके कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट लगी है। बुधवार (29 अक्टूबर) को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी स्थिति का आकलन किया जाएगा। इस झटके के बावजूद, इंग्लैंड क्रिकेट टीम को उम्मीद है कि वह समय पर फिट हो जाएंगी और मैच में खेलेंगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के बयान में कहा गया है कि सोफी एक्लेस्टोन के बाएं कंधे के एमआरआई स्कैन के नतीजों से पता चला है कि उनकी कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट लगी है। बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी स्थिति का आकलन जारी रहेगा। एक्लेस्टोन ने इंग्लैंड के सेमीफाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 6 मैचों में 3-98 की इकॉनमी से 12 विकेट लिए हैं और इस टूर्नामेंट में अपनी साथी लिसे स्मिथ के साथ संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। इंग्लैंड 11 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा, उसने पांच मैच जीते और एक मैच बारिश के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अंक साझा किए।

# भारत क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में सुधार करे: सूर्या



- **ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1 बनाम 2 टी-20 सीरीज से पहले, कैनबरा में भारत के वैकल्पिक सत्र में यह उत्साह फिर से दिखाई दिया**

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ज़ोर देकर कहा है कि भारत को क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में सुधार करना चाहिए। इन दिनों भारत के क्षेत्ररक्षण अभ्यासों में एक खास तरह का उत्साह दिखाई देता है। इस अभ्यास में कि माहौलष शब्द का इस्तेमाल अक्सर, और हमेशा एक खास उद्देश्य के साथ किया जाता है। इसका उद्देश्य एक ऐसी ऊर्जा का निर्माण करना है जो इतनी संक्रामक हो कि वह टीम को खेल के सबसे नीरस दौर से भी उबार सके। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ '1 बनाम 2' टी-20 सीरीज़ से पहले, कैनबरा में भारत के वैकल्पिक सत्र में यह उत्साह फिर से स्पष्ट दिखाई दिया। क्षेत्ररक्षण, खासकर कैचिंग, उन कुछ क्षेत्रों में से एक रहा है जहां भारत टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अपनी सर्वोच्च रैंकिंग की बराबरी करने के लिए संघर्ष करता रहा है। हाल ही में हुए एशिया कप के दौरान भी, जहां उन्होंने बिना कोई मैच हारे जीत हासिल की, क्षेत्ररक्षण निराशाजनक रहा। इसका एक कारण दुबई में रिंग-ऑफ-फायर लाइट्स भी हो सकता है, लेकिन 12 कैच छूटने - जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा हैं। ने एक अन्यथा प्रभावशाली अभियान पर एक दाग लगा दिया। 2025 की शुरुआत से, भारत की कैचिंग दक्षता 82.7प्रतिशत है और पूर्ण सदस्यों में यह केवल पांचवां स्थान है। कप्तान सूर्यकुमार यादव इस संख्या में सुधार करने के लिए दृढ़ हैं क्योंकि उनकी टीम अगले साल अपने टी20 विश्व कप खिताब की रक्षा करने की तैयारी कर रही है। सूर्यकुमार ने मंगलवार को कहा कि मेरे हिसाब से, कैच छूटेंगे ही। अगर आप फील्डर हैं, तो कैच लेने की कोशिश करेंगे, कैच छूटेगा ही। ठीक वैसे ही जैसे अगर आप बल्लेबाज हैं, तो आउट होंगे। या अगर आप गेंदबाज हैं, तो आप सही जगह पर गेंद डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन विकेट नहीं ले पाएंगे। ये सब खेल का हिस्सा हैं। लेकिन मेरे हिसाब से, उसके बाद आप क्या करते हैं, यह ज्यादा महत्वपूर्ण है। आज एक वैकल्पिक सत्र था। लेकिन आज सभी फील्डिंग करने आए। इसका मतलब है कि टीम वाकई कुछ खास करने की दिशा में काम कर रही है। और यह एक ऐसा विभाग है जिसके बारे में मैंने कहा है कि अगर हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग इकाई बनना है, तो हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। आप देखिए कि कितनी टीमें अच्छे कैच पकड़ती हैं, अच्छी फील्डिंग करती हैं, फील्डिंग के दम पर मैच जीतती हैं। तो अगर बल्लेबाजी हल्की हो या गेंदबाजी थोड़ी-बहुत हो, लेकिन फील्डिंग में, अगर आप एक चीज सही करते हैं।

# श्रेयस अय्यर की हालत स्थिर

- **डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें आईसीयू से बाहर कर दिया**

**सिडनी, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर की हालत में सुधार के संकेत मिले हैं। डॉक्टरों ने आज पुष्टि की है कि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें सिडनी के एक अस्पताल के आईसीयू से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान मैदान पर लगी गंभीर चोट के कारण आंतरिक रक्तस्त्राव के बाद 30 वर्षीय श्रेयस अय्यर को अस्पताल ले जाया गया था।

अय्यर को यह चोट फीलिंडग के दौरान लगी थी जब उन्होंने एलेक्स कैरी का शानदार कैच लेने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाई थी। इस चोट के कारण उनकी बाईं पसली के नीचे गंभीर चोट आई, जिससे आंतरिक रक्त्राव हुआ और शरीर के महत्वपूर्ण अंगों के काफी करीब चोट लगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने ड्रेसिंग रूम में लौटने पर अय्यर के महत्वपूर्ण मापदंडों में उतार-चढ़ाव के बाद तुरंत कार्रवाई की और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया। बीसीसीआई ने कल एक बयान जारी कर अय्यर की चोट की प्रकृति और गंभीरता की पुष्टि की। बयान में कहा गया है। श्रेयस अय्यर को 25 अक्टूबर 2025 को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। स्कैन से पता चला है कि उनकी तिल्ली में कट लग गया है। उनका इलाज चल रहा है, उनकी हालत स्थिर है और वे अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। बोर्ड ने यह भी पुष्टि की है कि भारतीय टीम के डॉक्टर अय्यर की दैनिक प्रगति पर नजर रखने के लिए सिडनी में उनके साथ रहेंगे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

# इजरायल से रक्षा डील

समय की मांग के अनुसार भारत अपनी जल, थल, वायु, सुरक्षा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए गंभीर दिखाई दे रहा है और इसके लिए उसने प्रयास भी कर रखे हैं। जो रंग लाते भी दिखाई दे रहे हैं। भारतीय नोसैना का स्वदेश निर्मित सर्वेक्षण पोत इक्षक 6 नवंबर 2025 को कोच्चि के नोसैना अड्डे पर कमीशन किया जाएगा, तो वहीं इंडियन एयरफोर्स ने 6 नए मिड एयर रीफ्यूलिंग (हवाई ईंधन भरने वाले) विमान शामिल करने के लिए इजरायल की कंपनी से 8 हजार करोड़ की डील अंतिम दौर में है। यह कंपनी इजरायल सरकार के स्वामित्व वाली इजरायल एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (आईएआई) है। बताया जा रहा है कि इस डील के लिए रूस और यूरोप की कंपनियां भी दौड़ में थी, लेकिन बाजी भारत के हाथ लगी। क्योंकि वह तकनीकी शर्तें और मैक इन इंडिया नियम पूरे नहीं कर पाई। आईएआई ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मैक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है। डील के तहत पुराने बोइंग 767 कमीशन विमानों में बदलाव कर उन्हें टेंकर विमानों में बदला जाएगा। इतना ही नहीं नई डील बताती है कि बोइंग 767 विमान को मिड एयर रिफ्यूलिंग विमान में कनवर्ट किया जाना है। यह सौदा बताता है कि भारत इजरायल एक-दूसरे की जरूरत को ध्यान में रखते हुए रक्षा सौदों में आगे बढ़ रहे हैं और उनके बीच अच्छी समझ बन रही है। यह डील भी उसी का परिणाम है। यहां ध्यान देने की बात यह भी है कि भारत सरकार पिछले 15 सालों में कई बार नए टैंकर विमान खरीदने के प्रयास कर चुकी है, लेकिन हर बार किसी न किसी वजह से सौदा अधूरा रह जाता है। वायु सेना अपने पुराने विमानों को धीरे-धीरे हटा रही है। इंडियन आर्मी और एयरफोर्स अपने पुराने चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों को हटाकर 200 नए हेलिकॉप्टर खरीदने की तैयारी कर रही है। इनमें 120 हेलिकॉप्टर भारतीय सेना और 80 हेलिकॉप्टर वायु सेना को दिए जाएंगे। ये हेलिकॉप्टर दिन और रात दोनों समय में काम कर सकेंगे। और कई इसी तरह के रक्षा सौदे होने हैं इनमें भारतीय कंपनियों को शामिल करने की बात कही जा रही है। हेलिकॉप्टर सौदे में भी भारतीय कंपनियों को शामिल किया जाएगा जो विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी कर हेलिकॉप्टर बना सकें। मोदी सरकार पर यह आरोप बराबर लगता रहा है कि वह इजरायल के प्रति उदार रही है। यह सब इसलिए है कि वह इजरायल के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने में लगी है। गाजा जैसे संवेदनशील मामले में भी वह चुप्पी साधे है। हजारों करोड़ रुपये की यह डील बताती है कि भारत के इजरायल से रिश्ते अब नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इजरायल रक्षा सौदों में हाल के वर्षों में बड़े सहयोगी देश के रूप में सामने आया है। सिंदूर ऑपरेशन के समय में भी उसकी भागेदारी की बात सामने आई थी, जो आपसी मित्रता की मजबूती को दर्शाती है।

## नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले बयान



मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराज. कता फैलाने वाले हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें भी अति-निंदनीय हैं, ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं।

-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी

# देश के विकास को गति देने के लिए न्यायिक सुधार आवश्यक



विजय शंकर पांडेय

अगर हम विश्व के अन्य विकसित देशों की विकास के पथ पर की गई यात्रा पर दृष्टिपात करें तो हम पाएंगे कि इन सभी राष्ट्रों ने सबसे पहले न्याय व्यवस्था, कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य को पुख्ता करने का काम किया लेकिन इनमें से भी सबसे पहले न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त किए बिना यह देश शायद ही अपना वांछित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो पाते, यह स्पष्ट है।

पिछले सप्ताह ही एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने निचले न्यायालयों में मामलों के निस्तारण में वर्षों का समय लगने पर गम्भीर चिंता व्यक्त की और कहा कि जहां मामले के निस्तारण होने में सालों लग जाते हैं वहीं निर्णयों को लागू कराने के लिए दाखिल किए गए एक्सेक्यूशन प्रार्थना पत्रों में भी सालों का समय लग रहा और आठ लाख से ज्यादा इस तरह के प्रार्थना पत्र वर्षों से लोअर कोर्ट्स में लम्बित हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले की ही तरह इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यंत गम्भीर है जो स्पष्ट करता है कि हमारी न्यायिक व्यवस्था की स्थिति शोचनीय है और तत्काल आवश्यक सुधरात्मक कदम उठाए जाने बहुत जरूरी हैं। इससे पहले देश की संसद भी कई बार देश की न्यायिक व्यवस्था की लचर हालत पर चिंता व्यक्त करती रही है और स्थिति को सुधारने की मांग उठाती रही है लेकिन दुर्भाग्य से स्थिति में बदलाव लाने के लिए कोई भी ठोस कदम कभी भी सरकारों ने उठाया हो, ऐसा नहीं लगता।

हमारे देश ने वर्ष 2047 यानी स्वतंत्रता प्राप्ति के सौ वर्ष के अंदर पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त किया जा सकता है और इसको प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए ऐसा मैं अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर कह सकता हूं। लेकिन पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए कई जरूरी कदम शीघ्रातिशीघ्र उठने होंगे क्योंकि वर्ष 2047 अब ज्यादा दूर नहीं है। अगर हम विश्व के अन्य विकसित देशों की विकास के पथ पर की गई यात्रा पर दृष्टिपात करें तो हम पाएंगे कि इन सभी राष्ट्रों ने सबसे पहले न्याय व्यवस्था, कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य को पुखघ्ता करने का काम किया लेकिन इनमें से भी सबसे पहले न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त किए बिना यह देश शायद ही अपना वांछित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो पाते, यह स्पष्ट है। स्पष्ट है कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति का मूल आधार ही संविदा यानी कांट्रैक्ट कानूनों का शीघ्र और प्रभावी ढंग से अनुपालन होता है क्योंकि सभी आर्थिक गतिविधियों का प्रारम्भ और अंत संविदा से ही होता है और जब आम जन को लगता है कि देश की न्याय व्यवस्था सभी संविदाओं के न्यायपूर्ण ढंग से अनुपालन कराने में सक्षम है तो लोग निवेश करने और उद्योग धंधों, व्यापार आदि गतिविधियों को प्रारम्भ करने के लिए निःसंकोच आगे आते है। इसी तरह सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के बिना कघनून व्यवस्था को कभी भी मजबूत नहीं किया जा सकता, यह भी स्पष्ट है। न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता और उसका ईमानदार और प्रभावी होना भी इस बात को सुनिश्चहित करता है कि आम लोगों और खास कर कारोबार से जुड़े लोग बिना किसी कठिनाई के अपने अपने धंधे में निश्चिंत हो कर कार्य कर सकते हैं। सामान्यतः इसी स्थिति को ईज ओफ डूइंग बिजनेस का नाम दिया जाता है और इन परिस्थितियों को स्थापित किए बिना कोई भी देश आज तक विकसित नहीं हो पाया, इतिहास इसका गवाह है। जब हम इस दृष्टि से अपने देश की स्थितियों का परीक्षण करते है तो हमें एक अत्यंत निराशाजनक स्थिति परिलक्षित होती है क्योंकि आज भी हमारा देश ईज ओफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने की अनुकूल स्थितियों के मामले में विश्वभर में बहुत ही निचली पायदान पर खड़ा हमको मिलता है। इन्ही स्थितियों के चलते आज हमारा देश विदेशी निवेश के मामले में छोटे-छोटे देशों की तुलना में भी काफी पीछे खड़ा मिलता है। सबसे दुःखद स्थिति तो यह है कि हर साल हजारों की संख्या में करोड़पति भारतीय नागरिक देश छोड़ कर विदेश में बसने के लिए जा रहे हैं, ऐसी खबर पिछले कई वर्षों से देश के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही है। यह सोचने की बात है कि जब खुद हमारे करोड़पति देश छोड़ रहे तो कोई विदेशी क्यों यहां निवेश करने को सोंचेगा। यह प्रश्न निश्चित रूप से देश की सरकारों के लिए एक गम्भीर चिंता का विषय होना चाहिए और स्थिति को सुधारने के लिए आज तत्परता से कदम उठाया जाना आज की महती आवश्यकता है, लेकिन दुःख की बात तो यह है कि ऐसा होता हुआ बिल्कुल भी नहीं दिख रहा। आखिर न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त करने में क्या कठिनाई है इस पर कोई भी गम्भीर चर्चा देश में आज भी नहीं हो रही है, यह साफ है। इस विषय पर पूर्व में भी जब भी विश्लेषण किया गया तो सबसे पहले न्यायालयों की कमी का ही रोना रोया जाता रहा है। इस में कोई विवाद नहीं कि देश में प्रति दस हजार की जनसंख्या पर केवल दो न्यायिक अधिकारी नियुक्त हैं जबकि विकसित देशों में यह संख्या 6-10 प्रति दस हजार जनसंख्या के बीच में है, जिसमें सुधार लाया जाना अति आवश्यक है और बिना किसी विलम्ब के देश में न्यायालयों की संख्या में कम से कम तीन गुनी की बढ़ोतरी की जानी चाहिए और इसके लिए आवश्यक अवस्थापन सुविधाओं को स्थापित किया जाना चाहिए। इसी के साथ यह भी तो देखा जाना चाहिए की आज स्थापित न्यायालय भी मानकों के अनुसार कार्य कर रहे या नहीं और भारतीय न्यायालयों में तारीख पर तारीख दिए जाने का जो चलन चल पड़ा है उसके लिए कौन जिम्मेदार है। अपने सेवा काल के दौरान न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पीठासीन अधिकारी के रूप में भाग लेने एवं उनके पर्यवेक्षण करने के दौरान मैंने पाया कि वर्तमान स्थितियों में भी न्यायालयों की कार्यप्रणाली में कुछ कदम उठा कर बहुत बड़ा सुधार लाया जा सकता। सबसे पहले पूर्णतः झूठे तथ्यों पर आधारित मुकदमे दाखिल करने पर गम्भीर दंड जैसे कम से कम पांच साल की सजा का प्रावधान किया जाना इस सुधार की प्रक्रिया की शुरुआत हो क्योंकि आज हमारी अदालतें नीचे से ऊपर तक, फर्जी मुकदमों के बोझ तले दबी हैं और यह भार रोज बढ़ता जा रहा है। कारण यह है कि झूट बोलने और गलत शपथ पत्र देने के लिए कभी भी कोई दण्डित नहीं होता इसलिए झूंठे मुकघ्दमे दाखिल करके दूसरे पक्ष को वर्षों तक परेशान करने की प्रथा ने हमारी न्याय व्यवस्था को एक प्रकार से पंगु कर रखा है। विश्व के सभी विकसित देशों में गलत बयानी करना एक गम्भीर अपराध है लेकिन हमारे देश में तो लगता है कि जैसे झूंठ बोलना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार हो। इसी के साथ पक्षों को नोटिस जारी करने की वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव लाकर एक साथ नोटिस, रेजिस्टर्ड डाक, मेसिज, वत्सप्प, मोबाइल फोन पर सूचना और अखघ्बारों में नोटिस मुद्रण की प्रक्रिया निर्धारित की जाए ताकि नोटिस के स्तर पर होने वाले विलम्ब को समाप्त करके शून्य किया जा सके। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चहित किया जाना होगा कि न्यायाधीशों को केवल न्यायिक कार्य करने के अलावा न्यायालयों के प्रबंधन आदि से पूर्णतः मुक्त किया जाए और न्यायालयों के प्रबंधन के लिए एक पूर्णतः प्रशिक्षित मैनज्मेंट काडर हो जो मुकदमों के पंजीकरण, तिथि निर्धारण, सामान्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चहित करने का काम करे जैसा कि यूरोप देशों में व्यवस्था है। हमारे देश में अन्य देशों की भांति ही वर्तमान में लागू कघनूनी व्यवस्था के तहत मुकघ्दमे की पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही निर्णय दिया जा सकता है, उससे इतर नहीं,इस लिए पक्षों पर बाध्यता हो कि वह मामले से सम्बंधित सभी साक्ष्य मामले में वाद पत्र दायर करने के साथ ही न्यायालय में दाखिल करें और इसी प्रकार प्रतिवादी भी अपने उत्तर के साथ सभी साक्ष्य आदि एक साथ दाखिल करे और इसके लिए कोई भी अतिरिक्त समय ना दिया जाए। अधिकांशतः अतिरिक्त साक्ष्य देने के अवसर के नाम पर तारीखघ पर तारीखघ लगती रहती है। इसी प्रकार न्यायालयों में बहस करने के नाम पर मामलों को वर्षों तक खींचा जाता है जिसको समाप्त करने के लिए प्रत्येक मामले में मौखिक बहस के लिए एक तिथि और एक सीमित समय निर्धारित किए जाने की व्यवस्था की जानी होगी जैसा कि सभी विकसित देशों में है जहां मुकदमे में दूसरी तारीख यानी अजर्न्मेंट की व्यवस्था लगभग शून्य है।

(लेखक रिटायर आईएएस हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की आर्थिक यात्राः गुलामी का साया!



वाहिद नसीम

पूरा विश्व इस समय नए वैश्विक गठजोड़ में अपनी यात्रा का मार्ग तय करने में जुटा हुआ हैं, हर राष्ट्र अपनी किस्मत की सड़क पर चलता बढ़ता चला जा रहा है, वहीं भारत आज एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां चारों दिशाएं गहन विचार करने पर विवश करती हैं। जैसे कोई यात्री उकसाया हुआ पहाड़ की चोटी पर चढ़ जाए और फिर नीचे झांक कर देखे कि आगे का रास्ता नीचे की ओर ही जाएगा और बादलों से ढकी चोटियां ऊपर से सूरज की रौशनी मचमक और नीचे चारों ओर अंधेरा, वैसे ही हमारी अर्थव्यवस्था के सामने प्रश्न खड़े हैं। क्या हम स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहे हैं या अनजाने में नई जंजीरों में बंध रहे हैं?

पिछले ग्यारह वर्षों (2014 से 2025 तक) की कूटनीति ने हमें यहां पहुंचाया है। एक ऐसा मोड़ जहां पश्चिमी शक्तियों से व्यापार सरप्लस हमें मजबूत बनाता है, लेकिन एशियाई और यूरेशियन देशों के साथ बढ़ता घाटा हमें कमजोर कर सकता है। विचार करें, भारत का व्यापार सरप्लस मुख्यतः अमेरिका और यूरोपीय संघ से आता है। 2024-25 में अमेरिका के साथ कुल व्यापार 132 अरब डॉलर का रहा, जिसमें हमारे निर्यात 86 अरब डॉलर थे। एक सकारात्मक संतुलन। यूरोप के साथ भी यही कहानी है, लेकिन अगर हम इनसे व्यापार बंद कर दें? तब एशिया और यूरेशिया की ओर देखें, जहां हम घाटे में हैं। चीन के साथ 99 अरब डॉलर का घाटा, रूस से 67 अरब डॉलर के आयात (मुख्यतः तेल), संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 100 अरब डॉलर का व्यापार (तेल और अन्य वस्तुओं से घाटा), सऊदी अरब से 42 अरब डॉलर, ये आंकड़े बताते हैं कि हम इन देशों से तेल, इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे और मशीनरी मंगाते हैं, लेकिन बदले में निर्यात करने लायक कुछ खास नहीं। क्या हमारे पास ऐसी कोई वस्तु है जो इन घाटों को पाट सके? अभी दूर तक नजर नहीं आती। जैसे कोई नदी का पानी समुद्र में बहता जाता है, वैसे ही हमारा धन इन देशों की जेब में जाता है।

**अब रुपये में कारोबार की बात**

विशेष रूपी वोस्त्रो अकाउंट्स SRVA के माध्यम से रूस, चीन, सऊदी और यूएई जैसे देश हमारे सरप्लस रूपए को भारत में ही निवेश करते हैं, सरकारी बॉन्ड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और निजी कंपनियों में। 2023-25 में कुल FDI 177 अरब डॉलर से अधिक आई, जिसमें UAE से 7 अरब डॉलर (अदानी ग्रुप और रिलायंस में), सऊदी से 1.5 अरब डॉलर (रिलायंस जामनगर रिफाइनरी में), रूस से 0.05 अरब डॉलर (ONGC और TCS में) और चीन से 0.8 अरब डॉलर (Vivo और Xiaomi जैसी कंपनियों में)A SRVA से इन निवेशों का 10-60 प्रतिशत हिस्सा सेटल होता है, जैसे रूस में 50-60 प्रतिशत, UAE में 30-40 प्रतिशत। यह हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। भारत सरकार को यह रुपये सीधे देने नहीं पड़ते वोस्त्रो अकॉउंट में डाले जाते हैं, लेकिन मेरी महीन दृष्टि से सोचें-क्या यह साझेदारी है या धीमी गुलामी? एक दिन तो आएगा जब यह सभी देश मुनाफा निकालना चाहेंगे। तब क्या वे अपनी हिस्सेदारी यूरोपीय निवेशकों को बेचेंगे या पुराने विदेशी बैंकिंग माफिया को बेचेंगे या फिर भारत से सोना खरीदकर ले जाएंगे? यह बिना प्लानिंग की कुछ ऐसी बेखुदी लगती है, जैसे कोई मेहमान घर में रहकर कुछ पैसे रोज घर में खर्च को देता जाए और फिर एक दिन पूरा हिसाब मांगले और लौटने की क्षमता न होने के कारण घर का मालिक बन जाए, वैसे ही क्या हमारी अर्थव्यवस्था की कमान इनके हाथों में नहीं चली जाएगी? चिंतन गहरा होता है जब हम देखते हैं कि तेल और पुर्जे मंगाकर हम रुपये देते हैं, जो भारत में ही सेटल होते हैं। हिस्सेदारी के रूप में। यह देश सरप्लस कमा रहे हैं, हम घाटे में। गुजरते समय के साथ, क्या भारत इनकी आर्थिक गुलामी में नहीं फंस जाएगा? जैसे पुराने जमाने में ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के नाम पर देश को खरीद लिया था, वैसे ही क्या हमारी नीतियां बड़े व्यापारियों (जैसे रिलायंस और अदानी) को सफल बनाने के चक्कर में कुटीर उद्योगों को कुचल नहीं रही हैं ? कुटीर उद्योग-छोटे कारोबारी, किसान, कारीगर.यदि पनपते नहीं, तो अर्थव्यवस्था कंपनियों के हाथों बिक जाएगी। स्मरण रहे संतुलन ही जीवन है। अगर बड़े को बढ़ावा देकर छोटे को भूल गए, तो असंतुलन आएगा। गरीबी, बेरोजगारी और विदेशी निर्भरता। इस स्थिति से बचने के लिए क्या पश्चिमी ताकतों के साथ मिलकर काम करना मजबूरी नहीं बन चुका है? पश्चिमी अर्थव्यवस्थाएं-अमेरिका और यूरोप हमें सरप्लस देती हैं, लेकिन क्या यह टेम्परेरी राहत मात्र है? वे हमें सेवाओं, तकनीक और निवेश देते हैं, लेकिन उनकी अपनी समस्याएं हैं। मुद्रास्फीति, कर्ज। फिर भी, संतुलित कूटनीति में इन्हें शामिल करना जरूरी लगता है। सभी संगठनों में हिस्सेदारी के बावजूद, ना हम उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सके,और ना ही रक्षा के क्षेत्र में। चारों तरफ गंभीरता से विचार करें तो भारत सिर्फ एक कंज्यूमर बाजार यानी उपभोक्ता मात्र नजर आता है, जिसका दोहन करने के लिए हर कोई झपटना चाहता है। चुनाव हमारे हाथ में है। अगर हम कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दें, स्वदेशी तकनीक विकसित करें और कूटनीति में संतुलन रखें, तो चौराहे की खाई से बच सकते हैं। अन्यथा, नई ईस्ट इंडिया कंपनियां चाहे एशियाई हों या पश्चिमी हमें गुलाम बना लेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक, सामाजिक विषयों के विश्लेषक है, ये उनके निजी विचार हैं)

# जामिया मिल्लियाः विचार की चिंगारी से प्रगति की लो तक





माहे आलम

जब हम जामिया मिल्लिया इस्लामिया का नाम उच्चारित करते हैं, तो यह केवल एक विश्वविद्यालय या शिक्षण-संस्थान का स्मरण नहीं कराता, बल्कि यह नाम एक सम्पूर्ण विचार-जगत को उद्घाटित करता है। यह एक ऐसे स्वप्न का प्रतीक है जिसमें भारत की आत्मा अपने सबसे पवित्र स्वरूप में प्रकट होती है। स्वतंत्रता, मानवता, समरसता और नैतिकता के रूप में। जामिया का अर्थ केवल ईंट और पत्थरों की संरचना नहीं, बल्कि उस जीवंत चेतना से है जिसने भारतीय समाज को यह विश्वास दिलाया कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा के उत्कर्ष का पथ है। यह विश्वविद्यालय एक ऐसी परंपरा का प्रतीक बन चुका है जिसमें ज्ञान, कर्म, संस्कृति और सेवा एकाकार हो जाते हैं। बीसवीं शताब्दी का तीसरा दशक भारतीय इतिहास का उथल-पुथल भरा काल था। एक ओर विदेशी शासन की कठोरता थी, दूसरी ओर स्वाधीनता की ज्वाला प्रज्ज्वलित हो रही। ब्रिटिश शासन द्वारा थौंपी गई शिक्षा-प्रणाली भारतीय मस्तिष्क को अनुशासित दास में परिवर्तित कर रही थी। महात्मा गांधी ने इसे 'गुलामी का उपकरण' कहा था और देशवासियों से आह्वान किया था कि वे ऐसी शिक्षा का त्याग करें जो आत्मा को पराधीन बनाती है। इन्हीं विचारों के आलोक में कुछ साहसी शिक्षकों और छात्रों ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्व. विद्यालय से अलग होकर 29 अक्टूबर 1920 को 'जामिया मिल्लिया इस्लामिया' की स्थापना की। इस स्थापना के साथ ही भारतीय शिक्षा को एक नवीन दिशा मिली। ऐसी दिशा जो आत्मनिर्भरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति से संपृक्त थी। यह केवल एक संस्था की उत्पत्ति नहीं थी, बल्कि भारतीय आत्मा की पुनःस्थापना का आरम्भ था। जामिया की स्थापना के तत्काल बाद आर्थिक संकटों ने इस नवजात संस्था की परीक्षा ली, लेकिन संस्थापकों ने इसे केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य समझा। मौलाना मुहम्मद अली जौहर, हकीम अजमल खघान और डॉ। मुख्तार अहमद अंसारी जैसे महान नेताओं ने त्याग और तपस्या से इसे जीवित रखा। सरोजिनी नायडू ने कहा था कि जामिया की प्रत्येक ईंट में बलिदान की गंध है। यह वाक्य केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि उस युग की आत्मा का साक्ष्य है जिसमें लोग व्यक्तिगत सुख त्यागकर राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का सपना साकार कर रहे थे। 1926 में जब डॉ. जााकिर हुसैन ने कुलपति का दायित्व संभाला, तब जामिया संकटग्रस्त थी। वित्तीय, संस्थागत और बौद्धिक दृष्टि से। डॉ. हुसैन ने इसे मात्र एक विश्व. विद्यालय नहीं, बल्कि अपने जीवन का तपस्थल माना। उनका शिक्षा-दर्शन गांधीजी की 'नई तालीम' से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि-विकास नहीं, बल्कि चरित्र-निर्माण और सामा. जिक चेतना का प्रस्फुटन है। उनके अनुसार, शिक्षा वही है जो व्यक्ति को समाज की सेवा के योग्य बनाए। जामिया में उन्होंने श्रम को प्रतिष्ठा दी। विद्यार्थियों को हस्तकला, कृषि और सेवा-कार्य में सम्मिलित किया ताकि शिक्षा केवल वाक्पटुता या ज्ञान-संग्रह न रह जाए, बल्कि जीवन के प्रत्एक कर्म में उतर आए। यह विचार कि शिक्षा व्यक्ति को उपयोगी नागरिक के साथ-साथ संवेदनशील मनुष्य बनाती है, आज भी उतना ही प्रासंगिक है। जााकिर हुसैन का यह दृष्टिकोण उस समय के लिए अत्यन्त प्रगतिशील था जब शिक्षा का अर्थ केवल रोजगार प्राप्त करना माना जाता था। उन्होंने स्पष्ट कहा था शिक्षा वह शस्त्र है जो राष्ट्र के नैतिक पुनरुत्थान का माध्यम बन सकती है। आज जब शिक्षा एक व्यावसायिक उपक्रम में रूपांतरित हो रही है, तब यह स्मरण कराना आवश्यक है कि जामिया का उद्देश्य कभी आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक उन्नति रहा है। जामिया का सांस्कृतिक स्वरूप उसकी सबसे अद्वितीय पहचान है। यह वह स्थल रहा जहां भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति अपने सबसे स्वाभाविक रूप में जीवित रही। यहां विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करते रहे। उर्दू की मिठास और हिन्दी की सहजता ने मिलकर एक ऐसा वातावरण रचा जिसमें संवाद विभाजन पर विजई रहा। इस परिसर में विविधता केवल सह-अस्तित्व नहीं, बल्कि सौहार्द का सक्रिय प्रयोग रही। इसी कारण जर्मनी से आई एक यहूदी शिक्षिका गेर्डा फिलिप्सबोर्न, जिन्हें 'आपा जान' कहा जाता था, ने नाजीी अत्याचार से बचकर इस संस्थान को अपना आश्रय बनाया। यह घटना दर्शाती है कि जामिया का विचार सीमाओं से परे है। यह वह भूमि है जहां मानवता धर्म और जाति से ऊपर प्रतिष्ठित होती है। वर्तमान समय में जब समाज धार्मिक और वैचारिक ध्रुवीकरण की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तब जामिया की यह परंपरा और भी आवश्यक प्रतीत होती है। यह हमें सिखाती है कि सच्चा राष्ट्रवाद विभाजन में नहीं, एकता में निहित है। शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को संकीर्ण पहचान से मुक्त कर वैश्विक मानवता से जोड़ना है। जामिया ने अपने आचरण से सिद्ध किया कि शिक्षा वही है जो संवाद को जन्म दे, और विचारों के टकराव को सहिष्णुता में रूपांतरित करे। पिछले कुछ वर्षों में जामिया का परिसर अनेक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों का केंद्र बना। छात्रों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा में आवाज उठाई, और अपने विचारों को शांतिपूर्ण ढंग से व्यक्त किया। दुर्भाग्यवश, कभी-कभी इन आंदोलनों को गलत अर्थों में प्रस्तुत किया गया, परन्तु यह समझना आवश्यक है कि असहमति लोकतंत्र का हृदय है। विश्वविद्यालय वही होता है जहां

(लेखक उप निदेशक (माय भारत), युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पूर्व छात्र, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए विख्याात हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त राष्ट्र शांति सेना ने इजरायली ड्रोन मार गिराया

**बेरूत।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने एक इजरायली ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने कहा कि ड्रोन 'नियमित खुफिया जानकारी इकट्ठा करने की गतिविधि' कर रहा था। प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पास में तैनात यूनिफिल बलों ने जानबूझकर ड्रोन पर गोलीबारी की और उसे गिरा दिया। ड्रोन की गतिविधि से यूनिफिल बलों को कोई खतरा नहीं था। उन्होंने कहा कि बाद में इजरायली बलों ने उस क्षेत्र की ओर एक ग्रेनेड गिराया जहां ड्रोन गिरा था।

### ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी अमेरिका में गिरफ्तार

**लंदन।** इजरायल के मुखर आलोचक ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी को अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने गिरफ्तार कर लिया है। गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की प्रवक्ता ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने रविवार को एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका में एक भाषण दौरे पर गए हम्दी को हिरासत में ले लिया गया और उनका वीजा रद्द कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि हम्दी देश से निकाले जाने तक आईसीई की हिरासत में रहेंगे।

### बंगलादेश में डेंगू के 983 नए मामले, छह और मरीजों की मौतें

**ढाका।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 983 नए मामले सामने आए और छह और लोगों की मौत हुई है। देश भर के विभिन्न अस्पतालों में लगभग 2,800 डेंगू के मरीज इलाज करा रहे हैं। इस साल अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या 66423 और मृतकों की संख्या 269 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य सेवा महा. निदेशालय (डीजीएचएस) ने यह जानकारी दी है।

### ऑस्ट्रेलिया में खदान विस्फोट में दो लोगों की मौत, एक घायल

**सिडनी।** दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार तड़के एक भूमिगत खदान में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक बयान में कहा कि ब्रोकन हिल से लगभग 450 किलोमीटर पूर्व में कोबार स्थित एंडेवर माइन रोड स्थित खदान में विस्फोट की घटना में दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है। दो महिलाओं को खदान से बाहर लाया गया। हालांकि उनमें से एक की तब तक मृत्यु हो चुकी थी।



नई दिल्ली। एनसीआर में वायु गुणवत्ता में गिरावट के बाद राष्ट्रपति भवन में धूंध की एक परत छा गई।

## तुर्की के पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया

**इस्तांबुल।** तुर्की के पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में सोमवार देर रात 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे चारो ओर दहशत फैल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तुर्की के आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी (एएफएडी), जो आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन के लिए जम्मिदार राष्ट्रीय एजेंसी है ने 'एक्स' पर बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 10:48 बजे सिदिरगी जलि में आया। एनटीवी द्वारा प्रसारित फुटेज में भूकंप के झटके महसूस होने पर निवासी सड़कों पर दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# फलस्तीन में सैनिक भेजेगा पाकिस्तान!

### इस्लामाबाद मिशन में भाग लेना चाहता है, सरकार व सेना के बीच चर्चा प्रगति के अंतरिम चरण में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द यह घोषणा कर सकता है कि वह गाजा के लिए बनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) में अपने सैनिक भेजेगा या नहीं। अधिकारियों ने संकेत दिया कि सरकार इस मिशन में हिस्सा लेने के पक्ष में है। अधिक. ारियों ने इस मामले की संवेदनशीलता के कारण अपने नामों को सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन कहा कि सरकार सेना के बीच इस मुद्दे पर चर्चा प्रगति के अंतिम चरण में है।

उनकी बातों से लगता है कि इस्लामाबाद इस मिशन में भाग लेना चाहता है। अमेरिका की मध्यस्थता में किए गए गाजा शांति समझौते में एक मुख्य बिंदु आईएसएफ की स्थापना भी है। आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी। इस बल का काम आंत. रिक सुरक्षा बनाए रखना, हमास को निरस्त्र करना, सीमा शुल्क पर नियंत्रण करना और फलस्तीनी प्रशासन के तहत मानवीय राहत व पुनर्निर्माण में मदद करना होगा। ट्रम्प प्रशासन ने



आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी

गाजा में अमेरिकी सैनिक भेजने से इनकार किया। हालांकि, वह इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मिस्र, कतर, तुर्की और अजरबैजान से इस बहुराष्ट्रीय बल में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहा है। हालांकि, सोमवार को इजरायलके विदेश मंत्री गिदोन सार ने तुर्की के इस बल में शामिल होने का विरोध किया, क्योंकि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन का इजरायलके प्रति 'शत्रुतापूर्ण' रुख है। इजरायलके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश तय करेगा कि कौन-कौन सी विदेशी सेनाएं गाजा में आ सकती हैं और उन्होंने तुर्की के सुरक्षा बलों की किसी भी भूमिका का कड़ा विरोध किया। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायलके संसद के विदेश मामलों और रक्षा समितियों के सदस्यों को पिछले हफ्ते एक बंद बैठक में बताया गया कि आईएसएफ में इंडोनेशिया, अजरबैजान और पाकिस्तान के सैनिक होंगे। यह खबर ऐसे समय आई है जब पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर मिस्र और जोर्डन का दौरा कर रहे हैं, जो गाजा में शांति के लिए प्रयासों में शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि उनके दौरे का मकसद रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 20-बिंदु की गाजा शांति योजना के कमजोर क्रियान्वयन पर चर्चा उनकी बातचीत का मुख्य विषय है।

# पाक ने बांग्लादेश को कराची पोर्ट इस्तेमाल का ऑफर दिया

### 20 साल बाद आर्थिक मुद्दों पर बातचीत, भारत ने बांग्लादेश की ट्रांजिट सुविधा रोकी थी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश को अपने कराची पोर्ट का इस्तेमाल करने की पेशकश की है। यह प्रस्ताव दोनों देशों के बीच सोमवार को ढाका में हुई पाकिस्तान-बांग्लादेश जाइंट इकोनामिक कमीशन (जेईसी) की 9वीं बैठक में रखा गया। यह बैठक करीब 20 साल बाद हुई थी। पाकिस्तान का कहना है कि कराची पोर्ट का इस्तेमाल बांग्लादेश को चीन, खाड़ी देशों और सेंट्रल एशिया के बाजारों तक आसान पहुंच दिला सकता है।

भारत सरकार ने 8 अप्रैल, 2025 को एक सर्कुलर जारी करके बांग्लादेश को तीसरे देश-निर्यात के लिए भारत की जमीन से सामान गुजारने (ट्रांस-शिपमेंट) की सुविधा खत्म कर दी थी। इस फैसले के तहत, बांग्लादेशी माल अब भारत के लैंड कस्टम स्टेशनों (एलसीएस) से होकर, भारत के किसी बंदरगाह या एयरपोर्ट से तीसरे देश नहीं जा सकता था। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने सीधी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी बढ़ाने, लाजिस्टिक सहयोग, और हलाल उत्पादों के मानकीकरण जैसे मुद्दों पर भी सहमति जताई। बैठक में पाकिस्तान ने बांग्लादेश से जूट इंपोर्ट करने में इंट्रेस्ट दिखाया है। फिलहाल भारत बांग्लादेश का सबसे बड़ा जूट खरीदार है। भारत ने 2023 में करीब 95 मिलियन डालर का जूट आयात किया था। हालांकि भारत ने अगस्त में बांग्लादेशी जूट उत्पादों के बंद. रगाहों से आने पर पाबंदी लगा दी थी। भारत ने कहा था कि बांग्लादेश की सब्सिडी से भारतीय उद्योग को नुकसान हो रहा है। इसके बाद जुलाई 2025 में बांग्लादेश के जूट निर्यात की कमाई घटकर 12.9 मिलियन डालर से सिर्फ 3.4 मिलियन डालर रह गई। इसके जवाब में बांग्लादेश ने भारत से धागा (यार्न) इंपोर्ट बंद कर दिया और कई लैंड पोर्ट जैसे बेनापोल, भोमरा, सोनामसजिद, बंगलबंधा, बुरीमारी से इंपोर्ट रोक दिया। बैठक में पाकिस्तान ने प्रस्ताव रखा कि बांग्लादेश अपने जूट उत्पादों के निर्यात के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने बांग्लादेशी कारोबा. रियों के लिए 500 स्कालरशिप और तकनीकी प्रशिक्षण सीटें बढ़ाने की भी घोषणा की है। दोनों देशों ने इन प्रस्तावों पर आगे काम करने के लिए एक जाइंट वर्किंग ग्रुप बनाने का फैसला लिया है। कई एक्सपर्ट्स इस प्रस्ताव को दक्षिण एशिया में बदलते क्षेत्रीय समीकरणों से जोड़कर देख रहे हैं। भारत-बांग्लादेश के बीच हाल के महीनों में कुछ व्यापारिक मतभेद सामने आए हैं। ऐसे में पाकिस्तान का यह कदम अपने लिए एक नया आर्थिक और कूटनीतिक अवसर बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।





## इजरायल का समर्थन करने पर हुई पाकिस्तानी पत्रकार की बेरहमी से हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान कट्टरपंथ की चपेट में इस कदर आ चुका है कि वहां अब जनभावना के विपरीत बात करना भी जानलेवा हो गया है। पाकिस्तान में एक पत्रकार को इजरायलके समर्थन में बात करने के लिए ही जान से हाथ धोना पड़ गया। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के गृह मंत्री ने खुलासा करते हुए बताया कि, बीते हफ्ते कराची में हुई एक पत्रकार की हत्या एक चरमपंथी

कट्टरपंथियों ने गोलियों से भूना

इस्लामी ग्रुप के सदस्यों ने कर थी, क्योंकि उसने अपने टेलीविजन चौनल पर इजरायलके समर्थन में टिप्पणी कर दी थी। सिंध प्रांत के गृह मंत्री जियाउल हसन ने दावा किया कि पत्रकार और एंकर इम्तियाज मीर की हत्या के आरोप में चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

## बोलीवियाः बस पहाड़ी सड़क से नीचे गिरी 16 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया के केंद्रीय कोचाबम्बा विभाग में सोमवार को एक अंतर-प्रांतीय बस के एक खड़ी पहाड़ी सड़क से 600 मीटर से जयादा नीचे गिर जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय पुलिस कमांडर रोजर कोस्टास ने पुष्टि की कि 23 वर्षीय चालक सहित घायलों को क्विलाकोलो के अस्पतालों में ले जाया गया है। बोलीविया के राष्ट्रीय यातायात प्रमुख उमर जेगाडा के अनुसार, यह वाहन उस मार्ग पर एक तीखे मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जो अपनी संकरी सड़कों और कम दृश्यता के लिए जाना जाता है।

## ऊर्जा व्यापार लगातार सिकुड़ रहा

ट्रम्प के टैरिफ के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने जताई चिंता

**कुआलालंपुर।** भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को आसियान सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर चिंता जाहिर की। एस जयशंकर का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और भारत के संबंधों में थोड़ा रूखापन आया हुआ है और अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल न खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

इस दबाव के तहत अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। बीते हफ्ते ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया, जिससे भारत को ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। आसियान सम्मेलन के दौरान भारतीय विद. ेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने अपने बयान में बाजारों तक पहुंच, सप्लाई चेन की दिक्कतों को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनानी चाहिए और गाजा और यूक्रेन जैसे संघर्षों को सुलझाने की कोशिशें तेज करनी चाहिए क्योंकि इन संघर्षों की वजह से खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ गई है। जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार पर लगातार रोक लगाई जा रही है, जिससे तेल बाजार में गड़बड़ी हो रही है। सिद्धांतों को चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है। अमेरिका की व्यापार नीति का जिक्र किए बिना जयशंकर ने कहा कि सप्लाई चेन की विश्वसनीयता और बाजार पहुंच चिंता बढ़ा रही है।

## शहबाज चापलूसी के ओलंपिक में अव्वल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफों ने देश के अंदर और बाहर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

पूर्व पाक राजदूत हुसैन हक्कानी ने इस पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि शरीफ अब भी ट्रम्प की चापलूसी के ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक जीतने की दौड़ में सबसे आगे हैं। दरअसल, हाल ही में शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स 'एक्स' पर एक पोस्ट में ट्रम्प की जमकर



ट्रम्प की तारीफ पर पाकिस्तान के पूर्व पाक राजदूत हुसैन हक्कानी ने इस पर तीखा तंज कसा

तारीफ की थी। उन्होंने लिखा मेरा गहरा आभार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रति, जिन्होंने केएल समझौते, गाजा शांति योजना और मध्य पूर्व तथा दक्षिण एशिया में शांति के लिए असाधारण भूमिका निभाई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हुसैन हक्कानी ने लिखा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अब भी उस खेल में स्वर्ण पदक की दौड़ में आगे हैं, जिसे फरीद जकारिया ने ट्रम्प की चापलूसी का ओलंपिक खेल बताया था। हक्कानी की यह पोस्ट कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी रीपोस्ट की और उनकी बात का समर्थन जताया।

## बंधक के शव को लेकर हमास की 'धोखेबाजी' पर नेतन्याहू सख्त

**तेल अवीव।** अमेरिका की मध्यस्थता के बाद इजरायलऔर गाजा में फलस्तीनी संगठन हमास के बीच शांति समझौते का पहला चरण जारी है। ऐसे में हमास ने सोमवार (27 अक्टूबर) को एक बंधक का शव इजरायलको सौंपा।

लेकिन अब बंधक के शव को लेकर इजरायल प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने हमास पर बड़ा बयान दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार (28 अक्तूबर ) को कहा कि हमास की ओर से रात में लौटाए गए एक बंधक के अवशेष लगभग दो साल पहले गाजा में इजरायलसैनिकों द्वारा बरामद किए गए एक बंधक के शरीर के अंग हैं। सोमवार को गाजा



बताया शांति समझौते का स्पष्ट उल्लंघन

में युद्धविराम के बीच हमास ने एक बंधक का शव इजरायलको सौंपा था। इजरायल प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यकाल के अनुसार सेना को एक ताबूत प्राप्त हुआ, जिसमें 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान अगवा किए गए 28 में से 16वें बंधक का शव था।

## पूर्व ब्राजील राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने सजा के खिलाफ की अपील

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने सोमवार को सुप्रीम फेडरल कोर्ट में अपील दायर की। जिसमें 2023 में एक असफल तख्तापलट के प्रयास में उनकी भूमिका के लिए उन्हें मिली 27 साल और 3 महीने की जेल की सजा की समीक्षा और उसे कम करने का अनुरोध किया गया। बोल्सोनारो की कानूनी टीम ने तर्क दिया कि मुकदमे में उचित प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है, जिसमें उचित बचाव का अभाव और एक त्रुटिपूर्ण और विरोधाभासी दलील सौदेबाजी गवाही पर भरोसा शामिल है। उन्होंने आरोपों को लागू करने के तरीके में कानूनी त्रुटियों का भी हवाला दिया।

## भारत-अमेरिका की नौसेनाओं ने किया संयुक्त युद्ध अभ्यास

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता पर केंद्रित संयुक्त युद्ध अभ्यास किया, ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी तालमेल और क्षमता को मजबूत किया जा सके। अमेरिका के सातवें बेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका और भारत की नौसेनाएं साथ उड़ान भर रही हैं।

डिएगो गार्सिया के पास संयुक्त पी-8 प्रशिक्षण ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध कौशल और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को निखारा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बढ़ाया। रक्षा दृश्य सूचना वितरण सेवा (डीवीआईडीएस) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि कमांडर टास्क फोर्स 72 (सीटीएफ) के

**मजबूत हुआ आपसी तालमेल और क्षमता**

मिशन में समुद्री गश्ती और टोही विमान (एमपीआरए) पी-8ए पोसाइडन ने भारतीय नौसेना के एमपीआरए पी-8आई के साथ डिएगो गार्सिया और हिंद महासागर के पास संयुक्त अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास 22 से 28 अक्तूबर के बीच आयोजित किया गया था। पी-8आई के डिएगो गार्सिया पहुंचने के बाद अमेरिकी और भारतीय चालक दल ने अभ्यास के लिए संचालन योजना पर मिलकर काम किया, जिससे समुद्री में सूचना साझा करने और सहयोग की नींव रखी गई। इस तट आधारित चरण को संयुक्त उड़ान और द्विपक्षी पनडुब्बी-रोधी और संचार अभ्यास के साथ पूरा किया गया।

## ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट करेगा जापान

**टोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को जापान की नई प्रधानमंत्री साने तकाइची से टोक्यो के अकासाका पैलेस मुलाकात की। इस दौरान ट्रम्प ने जापान को अमेरिका का सबसे मजबूत सहयोगी बताया। साथ ही जापान की हर संभव मदद का ऐलान किया। तकाइची हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। दोनों के बीच बैठक में ट्रेड और सिक्योरिटी के मुद्दे पर बात हुई। तकाइची ने घोषणा की कि जापान, अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर अगले साल 250 चेरी के पेड़ भेंट करेगा। साथ ही ट्रम्प को अगले साल नोबेल पीस प्राइज के लिए नामिनेट भी करेगा। ट्रम्प सोमवार को जापान पहुंचे थे, जहां उन्होंने सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। ट्रम्प आज दोपहर तकाइची के साथ योकोसुका नौसैनिक अड्डे का दौरा करेंगे। यहां अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस जार्ज वाशिंगटन तैनात है।

# ईरान में बंधक बनाए गए 4 गुजराती भारत लौटे

### 6 अभी भी फंसे, डंकी रूट से ऑस्ट्रेलिया जाते समय तेहरान में हुआ था अपहरण

**गांधीनगर।** ईरान में बंधक बनाए गए गुजरातियों के बारे में एक नया खुलासा हुआ है। चार नहीं, बल्कि कुल 13 लोग इलीगल तरीके से आस्ट्रेलिया और यूरोप में घुसपैठ करने के लिए निकले थे। जिन्हें फिरौती के लिए ईरान के तेहरान में बंधक बना लिया गया था। इनमें से तीन पहले ही गुजरात लौट आए थे, जबकि चार की आज सोमवार सुबह वतन वापसी हो गई। हालांकि, अभी भी 6 लोग वहां फंसे हुए हैं।

13 गुजरातियों को बैंकाक ले जाया गया था हरियाणा के दो एजेंट्स 16 अक्टूबर को 13 गुजरातियों को लेकर आस्ट्रेलिया और यूरोप के लिए रवाना हुए थे। सभी लोग थाई एयर एशिया की फ्लाइट संख्या एफडी145 से बैंकाक पहुंचे थे। यहां कुछ दिन रुकने के बाद उन्हें कतर और कतर से ईरान भेज दिया गया था। इनमें से 4 को तेहरान के मरकजी

सभी लोग थाई एयर एशिया की फ्लाइट संख्या एफडी145 से बैंकाक पहुंचे थे

ईरान नाम की होटल में बंधक बनाया गया था। बाकी लोगों को अलग-अलग होटलों में रखा गया था। एक शख्स ने इन चारों के परिवार को फोन करके 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। परिवार को एक वीडियो भेजा गया था, जिसमें अपहृत लोगों को न्यूड कर के जमीन पर औंधे मुंह लिटाकर पीटा जा रहा था। अपहृत लोगों में एक महिला और तीन युवक शामिल थे, जिनमें से तीन गांधीनगर जिले के मानसा तालुका के बापूपुरा और एक बड़पुरा का रहने वाला है। विधायक जेएस पटेल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई थी। 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए थे गांव के करीबी सूत्रों ने बताया कि गांव के ही एक एजेंट ने पिछले दिनों दो-तीन यात्रियों को डंकी रूट से अमेरिका भेजा था। यह एजेंट आस्ट्रेलिया में घुसपैठ कराने के लिए भी काम कर रहा था। यह बात मालूम होते ही बापूपुरा और एक बड़पुरा गांव के एक दंपत्ति समेत चार लोगों ने आस्ट्रेलिया जाने के लिए इसी एजेंट के संपर्क में आए थे। इन चारों के साथ गुजरात के अलग-अलग शहरों के 9 और लोग भी शामिल थे। प्लान के मुता. बिक, सभी 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए थे। सभी पहले बैंकाक पहुंचे थे। यहां कुछ दिन रुकने के बाद उन्हें कतर और कतर से ईरान भेज दिया गया था। जहां सभी लोगों को बंधक बना लिया गया था। गौरतलब है कि इससे पहले भी डंकी रूट से विदेश जाने वालों की किडनैपिंग और फिरौती की मांग के मामले सामने आए है।

# जमैका से टकराएगा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान मेलिसा

**किंग्सटन/वाशिंगटन।** हरिकेन मेलिसा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान बन गया है। यह कैरेबियाई देश जमैका की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले यह हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन में तबाही मचा चुका है। मेलिसा से जमैका में 3, हैती में 3 और डोमिनिकन रिपब्लिक में 1 व्यक्ति की मौत हो गई है।

अमेरिकी मौसम वैज्ञानिकों ने चेता. वनी दी है कि यह तूफान विनाशकारी और जानलेवा साबित हो सकता है। मेलिसा की रफ्तार 175 मील प्रति घंटा यानी लगभग 282 किमी/घंटा तक पहुंच गई है। इससे यह कैटेगरी-5 हरिकेन बन गया है। यह तूफानों की सबसे खतरनाक श्रेणी है। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान मंगलवार शाम (भारतीय समय के मुताबिक) जमैका के तट से टकरा सकता है। क्यूबा में 6 लाख और जमैका में



हवा की रफ्तार 282 kmph छह लाख से ज्यादा लोग ऊंची जगहों पर भेजे गए

28000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। अमेरिकी वायुसेना रिजर्व के 403वें विंग के 'हरिक. ेन हंटर्स' ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें तूफान मेलिसा का बिल्कुल बीच का हिस्सा दिख रहा है। यह वीडियो उस समय शूट किया गया था, जब तूफान रविवार को जमैका की ओर बढ़ रहा था।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108